e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 71

मंगलवार
12.03.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

सुविचार

यदि आप किसी कार्य को करने का दृढ़ निश्चय कर लें, तो फिर आपको कोई रोक नहीं सकता।

ताजा खबरों के लिए देखें

अफ्तार शाम 05 : 58 बजे
सेहरी सुबह 04:38 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

क्विक न्यूज

संदेशखाली मामले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने के हाई कोर्ट के आदेश में दखल देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने संदेशखाली में ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने के कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश में बंगाल पुलिस पर की गई सख्त टिप्पणियों को हटाने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार के रवैये पर सवाल खड़ा किया। सुप्रीम ने पश्चिम बंगाल सरकार से पूछा कि शाहजहां शेख के खिलाफ 42 एफआईआर दर्ज हैं। ये एफआईआर कब से दर्ज की गई है। आखिर शाहजहां शेख को गिरफ्तार करने में इतनी देरी क्यों की गई।दरअसल, 5 मार्च को कलकत्ता हाई कोर्ट ने ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था। हाई कोर्ट ने कहा था कि आरोपित शाहजहां शेख काफी प्रभावी व्यक्ति हैं और उसका सत्ताधारी दल से संबंध है। राज्य की पुलिस ने उसे बचाने के लिए लुका-छिपी का खेल खेला। उल्लेखनीय है कि ईडी अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख के यहां छापा मारने गए थे, जहां उन पर हमला किया गया था।

बीजापुर : मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

बीजापुर : छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच पीडिया के जंगलों में मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है। पुलिस ने नक्सली का शव बरामद कर लिया है।बीजापुर एएसपी चंद्रकांत गवर्ना ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्रांतर्गत अंर्तगत दंतेवाड़ा के सीमावर्ती इलाके पीडिया के जंगल में सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी एवं बस्तर फाइटर्स दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा, स्पेशल टास्क फोर्स तथा सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन का संयुक्त बल नक्सल उन्मूलन अभियान पर निकली थी। इस दौरान जवानो की पीडिया के जंगल में सोमवार सुबह करीब 8 बजे नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक नक्सली मारा गया है। वहीं जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल का आड़ लेकर भाग खड़े हुए, मारे गये नक्सली का शव बरामद कर लिया गया है, साथ ही भारी मात्रा में गोला बारूद एवं नक्सल सामग्री जब्त की गई है।

गुवाहाटी में ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार

गुवाहाटी (असम): गुवाहाटी में आज ड्रग्स के साथ एक तस्कर को स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने गिरफ्तार किया है। असम पुलिस की एसटीएफ द्वारा आज दी गई औपचारिक जानकारी के अनुसार एक इनपुट के आधार पर राजधानी के बीरूबाड़ी स्थित अब्दुल नामक एक व्यक्ति के मकान नं. 14 पर एसटीएफ द्वारा सोमवार को दोपहर के समय छापामारी की गई। इस छापामारी में संदिग्ध हेरोइन से भरी 137 शीशियों में 185 ग्राम, 2530 नग खाली शीशियां, 4 मोबाईल फोन, नकद 727 रुपए तथा छोटी डिजिटल वजन मापने की एक मशीन बरामद की गई।पकड़े गए व्यक्ति की पहचान मोहम्मद बाबुल अली (25) के रूप में की गई है। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

भालू के हमले में महिला की मौत, बचाने गया पति व युवक घायल

सिरोहः रेवदर के पादर गांव में सोमवार सुबह शौच के लिए गई महिला पर झा?ियों में छिपकर बैठे भालू ने हमला कर दिया। महिला का मुंह बुरी तरह नोच दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बचाने के दौ?ा पति और अन्य एक युवक भी भालू के हमले से जख्मी हो गए।पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह पादर गांव निवासी जतना देवी (50) अपने घर के पास ही जंगल में शौच के लिए गई थी। जहां झाड़ियों में छिपे बैठे भालू ने हमला कर दिया। चिल्लाने की आवाज सुनकर उसका पति जीवाराम व अन्य युवक करनाराम उसे बचाने के लिए दौड़े।

रांची का तापमान

अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर केंद्र ने जारी की अधिसूचना

देश में लागू हुआ सीएए

*** अधिसूचना जारी होते ही गृह मंत्री अमित शाह ने नागरिकता पाने के लिए जारी किया फॉर्म**

एजेंसी

नई दिल्ली : देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के नियम लागू हो गए। केंद्र सरकार ने सोमवार शाम को नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर अधिसूचना जारी कर दी। इसके बाईलिए पोर्टल भी तैयार कर लिया गया है, जिसके जरिए गैर मुस्लिम प्रवासी समुदाय के लोग नागरिकता पाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। सीएए का नोटिफिकेशन जारी होते ही गृह मंत्री अमित शाह ने इसके नियम और नागरिकता पाने के लिए एक फॉर्म भी जारी कर दिया है. कुछ दिन पहले ही केंद्रीय गृह मंत्रालय को नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के नियमों को तैयार करने के लिए लोकसभा में अधीनस्थ कानून पर संसदीय समिति की तरफ से एक और विस्तार मिला था। पहले के सेवा विस्तार की अवधि नौ जनवरी को खत्म हो गई थी। सीएए के नियम तैयार करने के लिए गृह मंत्रालय को सातवीं बार विस्तार प्रदान किया गया था। इससे पहले राज्यसभा से भी गृह मंत्रालय को उक्त विषय पर नियम बनाने व लागू कराने के लिए 6 महीने का विस्तार मिला था।

सीएए के नियम

सीएए नियमों के तहत ऑनलाइन पोर्टल के जरिए आवेदन मांगे जाएंगे। इस प्रक्रिया का काम पूरा हो चुका है। नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों के तहत भारत के तीन मुस्लिम पड़ोसी देश, जिनमें पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान शामिल हैं, से आए गैर मुस्लिम प्रवासी लोगों के लिए भारत की नागरिकता लेने के नियम आसान हो जाएंगे। इन छह समुदायों में हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी, शामिल हैं। नागरिकता संशोधन विधेयक 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। एक दिन बाद ही इस विधेयक को राष्ट्रपति की सहमति मिल गई थी। सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता लेने में आसानी होगी। सीएए, किसी व्यक्ति को खुद नागरिकता नहीं देता है। इसके जरिए पात्र व्यक्ति, आवेदन करने के योग्य बनता है। यह कानून उन लोगों पर लागू होगा, जो 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से भारत आए थे। इसमें प्रवासियों को वह अवधि साबित करनी होगी कि वे इतने समय में भारत में रह चुके हैं। उन्हें यह भी साबित करना होगा कि वे अपने देशों से धार्मिक उत्पीड़न की वजह से भारत आए हैं। वे लोग उन भाषाओं को बोलते हैं, जो संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हैं। उन्हें नागरिक कानून 1955 की तीसरी सूची की अनिवार्यताओं को भी पूरा करना होगा। इसके बाद ही प्रवासी आवेदन के पात्र होंगे।



कुछ दिन पहले ही केंद्रीय गृह मंत्रालय को नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के नियमों को तैयार करने के लिए लोकसभा में अधीनस्थ कानून पर संसदीय समिति की तरफ से एक और विस्तार मिला था।

सीएए का विपक्ष ने किया विरोध

नई दिल्ली : केरल के सीएम विजयन ने सिटीजन अमेंडमेंट एक्ट को सांप्रदायिक रूप से विभाजनकारी करने वाला कानून बताया और कहा कि इसे राज्य में किसी भी हाल में लागू नहीं किया जाएगा. सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, जब देश के नागरिक रोज़ी-रोटी के लिए बाहर जाने पर मजबूर हैं तो दूसरों के लिए 'नागरिकता क़ानून' लाने से क्या होगा? जनता अब भटकावे की राजनीति का भाजपाई खेल समझ चुकी है. भाजपा सरकार ये बताए कि उनके 10 सालों के राज में लाखों नागरिक देश की नागरिकता छोड़ कर क्यों चले गये.कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने सवाल पूछा कि सीएए लागू होने में इतनी देरी क्यों हुई. अगर देरी की ही थी तो इसे चुनाव के बाद लागू कर देते क्या दिक़्क़त थी. उनका एक ही मक़सद है, हर मुद्दे को हिन्दु मुस्लिम करना. संविधान में हर व्यक्ति को अपना धर्म पालन करने का अधिकार है. अगर किसी कानून में ऐसा है कि 'कौन धर्म के आधार पर नागरिक बन सकता है कौन नहीं' तो, ये संविधान के हिसाब से ठीक नहीं है. एआईएमआईएम के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने भी सीएए का विरोध किया.

गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना और मांकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना का सीएम ने किया शुभारंभ

बच्चे-बच्चियों के करियर को उड़ान देगी सरकार : चम्पाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड के गरीब बच्चे-बच्चियों को पढ़ाई के लिए पैसे की चिंता नहीं करनी है। बच्चे अपना भविष्य संवारने की दिशा में आगे बढ़ें, सरकार आर्थिक मदद करने को तैयार है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने राजधानी रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना और मांकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना का तोहफा दिया। मुख्यमंत्री ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि अब आप और आपकी पढ़ाई के बीच आर्थिक तंगी को बाधा नहीं बनने देंगे। आपके करियर को सरकार उड़ान देगी।

शिक्षा का बेहतर वातावरण कर रहे तैयार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा का बेहतर वातावरण बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। इस राज्य के सभी वर्ग के बच्चों को बेहतर और उच्च शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिले, इसके लिए कई योजनाएं चल रही है। जब तक यहां के बच्चे पढ़- लिखकर अच्छा मुकाम हासिल नहीं करेंगे, तब तक इस राज्य को आगे नहीं ले जा सकते हैं। ऐसे में बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं।

बच्चों को उच्च शिक्षा देकर मुख्य धारा में लाने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक गरीब प्रदेश है। यहां के आदिवासी, मूलवासी परिवारों के बच्चे आर्थिक कठिनाइयों की वजह से उच्च शिक्षा पाने से वंचित हो जाते हैं । ऐसे में इन गरीब आदिवासी, मूलवासी बच्चों को उच्च शिक्षा देने के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है । मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने राज्य के बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराकर उन्हें मुख्य धारा में लाने का कार्य कर रहे हैं।

नहीं रखनी होगी कुछ गिरवी,सरकार बनेगी गारंटर

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को अब उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कुछ भी गिरवी रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी उन्हें आर्थिक मदद के लिए गारंटी नहीं देनी होगी। सरकार गारंटर बनेगी। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत विद्यार्थियों को 15 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण मिलेगा। इसमें आपको सरकार की ओर से कई रियायतें भी मिलेंगी। वहीं, मांकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्राओं को डिप्लोमा स्तरीय कोर्स के लिए प्रतिवर्ष 15 हजार रुपए बी बीटेक कोर्स के लिए प्रतिवर्ष 30 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र रांची में नवनिर्मित 3-डी थिएटर का भी किया उद्घाटन

समारोह की खासियतें

- 12 सौ विद्यार्थियों को मिला गुरुजी क्रेडिट कार्ड। 900 छात्राओं को मांकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना का लाभ।
- गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के पोर्टल की हुई लॉन्चिंग।
- झारखंड विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद के नए वेब पोर्टल का शुभारंभ।
- गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग का सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक धनबाद एवं एचडीएफसी बैंक के साथ हुआ एमओयू।
- झारखंड विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद और राष्ट्रीय नव प्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत के मध्य हुआ एम ओ एमओयू।
- क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र रांची में नवनिर्मित 3-डी थिएटर का हुआ उद्घाटन।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थितिः इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता और श्री बादल, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा, पुलिस उप महानिरीक्षक अखिलेश कुमार झा, उच्च शिक्षा निदेशक रामनिवास यादव समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

रमजान का पवित्र महीना आज से शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : दारूल कजा इमारत शरीया रांची के काजी शरीअत मुफ्ती मोहम्मद अनवर कासमी ने कहा कि शबानुल मोअज्जम 1445 हिजरी की 29 तारीख और सोमवार 11 मार्च को रमजान उल मुबारक महीने का चांद रांची व झारखंड समेत देश के विभिन्न स्थानों में आम तौर पर नजर आया.

इस लिए 12 मार्च को रमजान उल मुबारक महीने की पहली तारीख है. उन्होंने कहा कि यही फैसला मरकजी दारुल कजा इमारत शरीया फुलवारी शरीफ पटना का है.एदार ए शरीया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना मोहम्मद कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा कि 29 शाबान 1445 हिजरी के अनुसार सोमवार 11 मार्च को एदार ए शरीया झारखंड के द्वारा हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार दरगाह, डोरंडा रांची के परिसर में रमजानुल मुबारक का चांद देखने की व्यवस्था की गई. इस के अलावे हजारीबाग,धनबाद, जमशेदपुर, रामगढ , बोकारो, पलामू गढ़वा राजमहल, गोड्डा, गुमला, खूंटी, चतरा, खरसावां, जामताड़ा, मधुपुर, बोकारो, जमशेदपुर, पलामु, लोहरदगा, दुमका, घाटशिला, गोला, बड़का गांव, पांकी, इटखोरी, चास, झरया, डुमरी, समेत 65 जगहों पर रमजान माह का चांद देखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई. रांची और आसपास के इलाकों में आम तौर पर रमजानुल मुबारक का चांद देखा गया. जिस के बाद दरगाह परिसर में दारुल कजा की बैठक हुई.

जिसमें काजीयाने शरीयत ने चांद नजर आने की तसदीक किया और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 11 मार्च से तरावीह शुरू और रमजानुल मुबारक का पहला रोजा मंगलवार 12 मार्च से शुरू हो रहा है.बैठक में मौलाना मुफ्ती आबिद हुसैन मिसबाही, मुख्य काजी शरीयत, मौलाना मोहम्मद कुतुबुद्दीन रिजवी, आदि शामिल थे.

चुनावी बॉन्ड मामला : सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की एसबीआई की याचिका

आज शाम तक ब्योरा देने का निर्देश

एजेंसी

नई दिल्ली : चुनावी बॉन्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई की याचिका खारिज करते हुए आज 12 मार्च की शाम तक ब्योरा देने के निर्देश दिए हैं. साथ ही ईसी को 15 मार्च तक ये ब्योरा पब्लिश करने के निर्देश दिए गए हैं. सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई पर बड़ी टिप्पणी की. सीजेआई ने कहा कि हमने आपको डेटा मिलान के लिए नहीं कहा था, आप आदेश का पालन कीजिए. जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि आपको सिर्फ डेटा सील कवर से निकालना है और भेजना है.सीजेआई ने एसबीआई से ये भी पूछा कि आपने पिछले 26 दिनों में क्या काम किया, कितना डेटा मिलान किया. मिलान के लिए समय मांगना सही नहीं है. हमने आपको ऐसा करने का निर्देश नहीं दिया. आखिरकार सारा ब्यौरा मुंबई मुख्य शाखा में भेजा जा चुका है. आपने अर्जी में कहा है कि एक साइलो से दूसरे साइलो में जानकारी का मिलान समय लेने वाली प्रक्रिया है.स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा चुनावी बॉन्ड की जानकारी देने के लिए 30 जून तक की मोहलत की मांग वाली अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. एडीआर की एसबीआई के खिलाफ अवमानना का मामला चलाने की याचिका पर भी सुनवाई हुई. बता दें कि पांच जजों का संविधान पीठ सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान हरीश साल्वे ने एसबीआई की ओर से दलील दी कि हमें और वक्त चाहिए. साल्वे ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक एसबीआई को अप्रैल 2019 से अब तक का ब्योरा चुनाव आयोग को देना है. हमारी एकमात्र समस्या यह है कि हम पूरी प्रक्रिया को उलटने की कोशिश कर रहे हैं. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विधान पीठ का आदेश है. सीजेआई ने कहा कि ये गंभीर मामला है.

हलफनामा दायर करें एसबीआई के चेयरमैन

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आदेश के पालन के लिए एसबीआई चेयरमैन और एमडी हलफनामा दायर करें। हम इस बार एसबीआई के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, लेकिन हम एसबीआई के नोटिस में ये बात लाना चाहते हैं कि कोर्ट के आदेश का जानबूझकर उल्लंघन करने और तय समय में निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए बैंक के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जा सकती है।

नए कानून के तहत न हो चुनाव आयुक्त की नियुक्ति, सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर की गई मांग

नई दिल्ली : निर्वाचन आयोग में रिक्त पड़े चुनाव आयुक्त दो पदों को भरने के लिए जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बैठक होने वाली है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट में इसे लेकर एक याचिका दाखिल की गई है। इसमें मांग की गई है कि केंद्र सरकार नए कानून चुनाव आयुक्त (सेवा की शर्तें और व्यवसाय का संचालन) अधिनियम, 2023 के तहत चुनाव आयुक्त की नियुक्ति न होने दे। कांग्रेस नेता जया ठाकुर की तरफ से यह याचिका अरुण गोयल के चुनाव आयुक्त पद से अचानक इस्तीफा देने के बाद डाली गई है। चुनाव आयोग में फिलहाल आयुक्तों के तीन पदों में से दो पद खाली हैं। सिर्फ मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही निर्वाचन आयोग में इकलौती सदस्य रह गए हैं। इससे पहले अनूप पांडे फरवरी में चुनाव आयुक्त पद से रिटायर हुए।

चलती बस में दौड़ा 11 हजार वोल्ट का करंट, 5 लोग जिंदा जले

एजेंसी

गाजीपुर : उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में 11 हजार वॉल्ट के बिजली की तार के संपर्क में आने से सवारियों से भरी एक बस में भीषण आग लग गई. इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है. वहीं 10 लोग घायल हैं, जिसमें 4 की हालत नाजुक बनी हुई है. बताया जा रहा है कि लोग करंट के कारण बचाव के लिए बाहर नहीं कूद पाए, जिससे कई लोग जिंदा जल गए.

बस में 30 से ज्यादा यात्री सवार थे. घटना मरदह थाना क्षेत्र के महाहर जाने वाले रोड की है. बताया जा रहा है कि बस मऊ के कोपा से बारात लेकर मरदह के महाहर धाम पर कच्चे रास्ते से आ रही थी. आग इतनी भयानक थी कि शुरुआत में स्थानीय लोग आग बुझाने के लिए मदद करने की हिम्मत भी नहीं कर पाए.उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा,जनपद गाजीपुर में एक दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है. मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं. मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख एवं गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता एवं उनके निःशुल्क उपचार के निर्देश दिए हैं. ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान व घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें.

भीषण सड़क हादसे में 6 की मौत

चंडीगढ़ : हरियाणा के रेवाड़ी में देर रात एक भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हुई है। वहीं छह लोग घायल हो गए हैं। हादसे का शिकार हुए सभी लोग खाटू श्याम के दर्शन करके लौट रहे थे। सभी मृतक उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में दिल्ली सीमा के पास स्थित एक सोसायटी के निवासी थे। हादसे में ड्राइवर विजय, शिखा, पूनम, नीलम और रंजना कपूर की जान चली गई। परिवार जब अस्पताल में पहुंचा तो इस दौरान शवों को देखकर चीख पुकार मच गई।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज खानविलकर बने लोकपाल अध्यक्ष

एजेंसी

नई दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अजय माणिकराव खानविलकर को रविवार को राष्ट्रपति भवन में लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति खानविलकर (66) ने 13 मई, 2016 से 29 जुलाई, 2022 तक शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में सेवा दी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह के दौरान खानविलकर को लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति खानविलकर को पिछले महीने लोकपाल अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। 27 मई, 2022 को पिनाकी चंद्र घोष की सेवानिवृत्ति के बाद से यह पद रिक्त था। विधि आयोग के अध्यक्ष और कर्नाटक उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश लिंगप्पा नारायण स्वामी और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजय यादव को लोकपाल में न्यायिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। पुणे में जन्मे खानविलकर हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश भी रहे थे। लोकपाल के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति की सिफारिश पर की जाती है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, मंगलवार, 12 मार्च 2024 | पेज 2

आशी केयर हॉस्पिटल में आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में देखे गए 400 मरीज

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : आशी केयर हॉस्पिटल पांकी रोड रेडमा डालटेनगंज में चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन दिनांक 10 मार्च सुबह 10:00 बजे से 3:00 तक किया गया जहां सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर पहली बार निशुल्क चिकित्सा परामर्श देने को तैयार थे। आशी केयर अस्पताल के निदेशक मनीष तिवारी ने कहा कि हमारे यहां करीब 357 मरीज देखे गए। आशी केयर अस्पताल का जांच शिविरों का प्रभाव गहरा है, जो जरूरतमंद लोगों को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करता है। यह विपरीत परिस्थितियों में भी मानवीय आत्मा के लचीलेपन और करुणा की एक शक्तिशाली अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। हमें समाज के सभी वर्गों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और हर विशेषज्ञता के लिए भारी भीड़ उमड़ी, जिससे यह

कार्यक्रम एक बड़ी सफलता बन गया। **यहां उपस्थित डॉक्टरों की टीम ने भी अपनी प्रतिक्रिया दिया :** जहां हृदय संबंधित रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पंकज प्रभात ने कहा कि बदलते मौसम जैसे गर्म और ठंड में तुरंत बदलाव को देखते हुए अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार ही एक्सरसाइज करें। मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रवीश कुमार ने कहा कि आप अगर 65 वर्ष से अधिक उम्र हो गई है तो ठंड से गर्म और गर्म से ठंडा कि बदलते मौसम में ब्रेन स्ट्रोक की ब्लड प्रेशर की संभावना बढ़ जाती है इस मौसम में आप बिना मानसिक परेशानी के रहे साथ ही तंबाकू का सेवन न करें अगर आपके हाथ पैर में झनझनाहट हो तलवे में जलन या सामान्य तौर पर सुस्त पन हो तो अभिलंब डॉक्टर को दिखाएं।मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शैलेंद्र मोहन शुक्ला ने कहा कि 50- 55 साल के बाद पोस्टेड की समस्या बढ़ जाती है इसमें पेशाब में रुकावट जैसी समस्या देखने को मिलती है अगर आपको ऐसी समस्या है तो अबिलंब मूत्र रोग विशेषज्ञ से मिले।पेट एवं आज संबंधित रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आदित्य वर्धन सिंह ने कहा कि अगर आप खानपान में सुधार या ध्यान नहीं देते हैं तो सभी बीमारियों का घर पेट से शुरू होता है आजकल फैटी लिवर जो आगे चलकर आपका सबसे बड़ी परेशानी का सबक बन सकता है वह आपके खान-पान रही टिकी रहती है तो अपने निजी जीवन में हेल्दी खाना खाएं और अपने जीवन को स्वस्थ रखें।

106 मास्टर प्रशिक्षकों को मिला चुनावी प्रशिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशिरंजन के आदेशानुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 के सफल संचालन हेतु एक सौ छह मास्टर प्रशिक्षकों को समाहरणालय के ब्लाक सी में प्रशिक्षण दिया गया। ये प्रशिक्षक सभी मतदान पदाधिकारियों को मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण देंगे। जिला प्रशिक्षक मनु प्रसाद तिवारी, परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा, अशोक सिंह व अमरेन्द्र पाठक ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में चुनाव आचार संहिता, ईवीएम का संचालन, प्रपत्रों का संधारण तथा निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व त्रुटि रहित मतदान कराने की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके पूर्व अपर समाहर्ता कुंदन कुमार एवं सदर एसडीओ अनुराग तिवारी के द्वारा बीडीओ व सीओ को पोस्टल बैलेट के बारे में प्रशिक्षण दिया गया, मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के रामलखन राम, धनंजय कुमार सिंह व इन्द्रदेव राम मौजूद थे।

घर से पचास हजार रुपए नगद समेत मोबाइल की चोरी

हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के लंगरकोट गांव में रविवार की रात लंगरकोट गांव निवासी अवधबिहारी सिंह के घर से चोरों ने 50 हजार रुपए नगदी समेत मोबाइल फोन की चोरी कर ली, इस संबंध में अवध बिहारी सिंह ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत की है लिखित शिकायत में कहा है की पुराने घर को तोड़कर नए मक़ान का निर्माण कार्य हो रहा था, इस निर्माण कार्य के लिऐ नगद पच्चास हजार रूपए एक कमरा में रखा था सुबह जब नींद खुली तो घर के रखे कई सामान बिखड़े पड़े थे, चोरों ने नगद व मोबाइल फोन, और त्रिपाल भी साथ ले गए, भुक्तभोगी अवध बिहारी ने बताया कि एक महीने पूर्व में भी अज्ञात चोरों ने 10 हजार रुपए एवं मोबाइल भी चोरी किया था इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया की भुक्तभोगी के लिखित शिकायत पर चोरी की घटना की जांच शुरु कर दी गई है।

हुसैनाबाद के नए एसडीएम पीयूष सिन्हा ने संभाला पदभार

हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): पलामू जिला के हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी के रुप में पीयूष सिन्हा ने सोमवार को पदभार संभाला लिया, उन्हें अशीष गंगवार ने पदभार सौंपा, पीयूष सिन्हा 2020बैच के आईएएस अधिकारी है, इसके पूर्व वाय जमशेदपुर के धालभूम अनुमंडल पदाधिकारी के पद पर थे, पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा की जो अशीष गंगवार ने जो अच्छे कार्य किए है, उन्हें आगे बढ़ाएगें और एसडीएम कोर्ट से संबंधित मामलों का निपटारा करेंगे, इसके अलावा सरकार और उपायुक्त से जो भी दिशा निर्देश मिलेगा उसे किया जाएगा, मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी रौशन कुमार, अनुमंडल के नजीर अशोक सिंह के अलावा कई अनुमंडल कर्मी मौजूद थे।

अफजल अंसारी ने हैदरनगर थाना का प्रभार संभाला

हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): हैदरनगर थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में अफजल अंसारी ने सोमवार को प्रभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि आम जनता की छोटी बड़ी समस्याओं को सुनना और उसका निष्पादन करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के कोई भी व्यक्ति अपनी समस्याओं को लेकर उनसे सीधे मिल सकते हैं। थाना क्षेत्र में अमन-चैन और शांति व्यवस्था बहाल रखना उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा। थाना क्षेत्र के अंदर किसी भी तरह का अवैध धंधा को फलने फूलने नहीं दिया जाएगा। हैदरनगर क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सभी लोग निर्भीक हो कर थाना आएं, पुलिस हर सम्भव मदद करेगी। आम लोगों व पंचायत प्रतिनिधियों से उन्होंने सहयोग की अपील की है।

शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर निकाली गई जल यात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद (पलामू) : प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुअरी में शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को भव्य कलश जल यात्रा निकाली गई। जल यात्रा के साथ तीन दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। जल यात्रा में महुअरी पंचायत के ग्राम डिहरी विश्रामपुर सोनबरसा झरहा दुलहर चिरैयाखाड़ टिकरपर झुरहा मिरहियाडीह और बसारी गांवों से आए लगभग 551 महिला कलश यात्रियों ने भाग लिया। कलश यात्रा में भाजपा नेता रविंद्र कुमार सिंह पंसस बद्रीनारायण सिंह किसान ब्रिगेड सदस्य अजय सिंह लालधन ठाकुर बैरांव पंचायत मुखिया आत्मेश कुमार सिंह भाजपा नेत्री तृप्ति सिंह समाजसेवी सत्यनारायण सिंह मिथलेश सिंह संतोष सिंह समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। अतिथियों को यज्ञ समिति के सदस्यों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद अतिथियों ने कलश देकर यात्रा का शुभारंभ कराया। इससे पूर्व यज्ञाचार्य चन्द्र कान्त तिवारीं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश पूजन कराए। उसके उपरांत श्रद्धालू जयघोष करते हुए कलश लेकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। कलश लेकर श्रद्धालु 8 किलोमीटर दूर देवरी सोन नदी पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में पवित्र जल भराया गया तथा पुनः यज्ञ मंडप पहुंच कर कलश स्थापित किया। महायज्ञ के अनुष्ठान शुरू होते ही महुअरी पंचायत समेत आसपास के गांवों का माहौल भक्ति मय हो गया। आयोजन समिति के सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय महायज्ञ में प्रत्येक दिन प्रवचन होगा तथा 14 मार्च को पूर्णाहुति के बाद भव्य भण्डारा का आयोजन किया गया है। मौके पर परशुराम तिवारी श्री बैठा भोला सिंह सुरेंद्र सिंह यमुना प्रसाद सिंह विनय सिंह दिनेश सिंह सुभाष कुमार मनोहर सिंह लक्ष्मण सिंह अशोक सिंह गोरख जैकी गोलू रिषु समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

भगवान के दर्शन से भी बड़ा सत्संग होता है : देवी शिखा चतुर्वेदी

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : शहर के पुरानी ठाकुरवाड़ी कुर्मी टोला स्थित पंच मुखी हनुमान मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर आमजनों की ओर से आयोजित पांच दिवसीय अनुष्ठान के प्रथम दिन प्रवचन सत्र में वृंदावन से पधारी देवी शिखा चतुर्वेदी ने सामाजिक संदर्भ देते हुए मानस कथा कहि। उन्होंने कहा कि परमात्म किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति को पलक झपकते अनुकूल बना देता है। उन्होंने कहा कि समाज से बाहरी प्रदूषण को हटाने के लिये बड़े-बड़े अभियान चलाये जाते हैं। लेकिन बाहरी प्रदूषण से भीतर का प्रदूषण ज्यादा खतरनाक है। भीतर के प्रदूषण को समाप्त करने लिये ही इस तरह की कथाओं का आयोजन किया जाता

है, जो हमारे हृदय में ब्रह्म को, दया को, करुणा को स्थापित करदे उसे कथा कहते हैं।उन्होंने कहा कि मानस कथा मनुष्य के जीवन की व्यथा दूर करती है। भगवान के दर्शन से भी बड़ा सत्संग होता है।उन्होंने कहा कि भगवान राम का अलौकिक जीवन संपूर्ण मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से सत्संग में सुनी बातों को अपने मौलिक जीवन मे उतारने की अपील की। मौके पर प्रकाश अग्रवाल, पवन कुमार, पीयूष अग्रवाल, सुबोध सौंडिक, मधु अग्रवाल, सुरेंद्र चौधरी, अजित अग्रवाल, बिजय प्रसाद, टिंकू अग्रवाल, अंकित कुमार, मनोज चौधरी समेत काफी संख्या में धर्म प्रेमी श्रद्धालु मौजूद थे।

प्रखंड ब्लॉक कैंपस में कूड़ा कचरा का अंबार, नहीं हो रही साफ-सफाई

चैनपुर (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता): चैनपुर प्रखंड अंचल कार्यालय के समक्ष मैदान में महाशिवरात्रि पर्व में मेला का आयोजन किया गया था।मेला में लोगों ने जम कर मेला का लुफ्त उठाया लेकिन कचड़ा का अंबार लगा दिया जिसका साफ़ सफ़ाई दूसरे दिन हो जाना चाहिए था लेकिन दुर्भाग्य वश महाशिवरात्रि पर्व खतम हुए तीन दिन गुजर चुका लेकिन ब्लॉक कैंपस का मैदान का साफ सफाई अभी तक नहीं हुआ। जबकि अंचलाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी ब्लॉक कैंपस के मैदान से प्रति दिन आना जाना लगा रहता हैं फिर भी मैदान में कचड़ा का अंबार लोगों को देखने को मिल रहा हैं।इस कचड़ा का साफ सफाई कराने का दिलचस्पी लेने वाला अभी तक कोई नहीं हुआ।

सड़क दुर्घटना में पांकी के एनसीसी कैडेट की हुई मौत

पांकी(प्रभात मंत्र संवाददाता): पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ के सलगस पुलिया के समीप रविवार की शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई जिसमें पांकी के लोहरसी निवासी एनसीसी कैडेट अमित पांडे पिता ननकू पांडे की मौत हो गई, प्राप्त जानकारी के अनुसार एनसीसी कैडेट अमित पांडे मेदीनीनगर से बाइक पर सवार होकर अपने घर लोहारसी जा रहा था इसी बीच रास्ते में यह घटना हो गई घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल अमित पांडे को इलाज हेतू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर मौजूद चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक इलाज किया व बेहतर इलाज हेतु मेदिनीनगर रेफर किया जहां इलाज के क्रम में अमित पांडे की मौत हो गई, घटना के बाद मृतक के गांव में मातम पसर गया है वहीं उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

लायंस विशाल के नए अध्यक्ष चुने गए नन्दलाल प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : लायन्स ऑफ गढ़वा के स्थानीय कार्यालय में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर रविवार की शाम महत्वपूर्ण बैठक क्लब अध्यक्ष ला0 डॉ कमलेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। बताते चलें कि पिछले बैठक में क्लब अध्यक्ष के द्वारा चुनाव नोमिनेशन कमिटी का गठन किया गया था। जिसमें नोमिनेशन कमिटी के चेयरमैन ला0 डॉ एन के रजक एवम् सदस्य के रूप में प्रोफेसर ला0 शिवपुजन सिंह और अधिवक्ता ला0 पितरुश मिंज चुनें गये थे। रविवार की बैठक में नोमिनेशन कमिटी के पदाधिकारियों के द्वारा नये सत्र 2024-25 के लिए नये पदाधिकारियों का चयन कर के सदन में अपना रिपोर्ट सौपा। जिसमें सदन में सर्वसम्मति से चुनें गये नये पदाधिकारियों के नामों पर मुहर लगाई गयी। चुने नये नये पदाधिकारियों का कार्यकाल एक जुलाई से शुरू होगा।चुनें गये नये पदाधिकारियों में अध्यक्ष ला0 नन्दलाल प्रसाद, प्रथम उपाध्यक्ष ला0 सुशील केसरी, द्वितीय उपाध्यक्ष ला0 दीपक विश्वास, सचिव ला0 गिरिश कुमार, उप सचिव ला0 डॉ अरसद अंसारी, कोषाध्यक्ष ला0 डॉ यून बरनवाल, उप कोषाध्यक्ष ला0 वैकेटेशवर नारायण, पीआरओ सह अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक ला0 शौकत ख़ान, लिडर चेयरपर्सन पीएमजेफ पास्ट डिस्ट्रिक गवर्नर ला0 डॉ आर एन एस दिवाकर, मेम्बर शिप चेयरपर्सन ला0 रघुवीर प्रसाद कश्यप, जीएमटी में क्लब कोर्डिनेटर देवानंद शर्मा, क्लब एडमिनिसटर एमजेएफ डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, क्लब विस्तार, क्लब सर्विस चेयरपर्सन सफदर अली खान, टैल ट्विस्टर डॉ एसके विश्वकर्मा, लायन टेमर डॉ मुनन्जिर अहसान, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में डॉ मोहम्मद यासीन अंसारी, सतिश प्रसाद गुप्ता, अर्जुन विश्वकर्मा, ओमप्रकाश कांस्कार, डॉ कमलेश कुमार चुनें गये है।

पिता ने पुत्री को टांगी से काट कर की हत्या, एसपी ने किया खुलासा

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पिता को शक था कि उसकी बेटी अपने प्रेमी के साथ भाग सकती है. इसी शक के आधार पर वह बेटी से नफरत करता था. इसी नफरत के बीच बेटी को घर से गायब पाया. बेटी वापस लौटी तो पिता ने टांगी से वार कर हत्या कर डाली. हत्या के बाद लड़की का भाई घर पर आया तो दोनों ने मिलकर शव को दफनाने की योजना तैयार की. पिता और भाई ने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर शव को दफना दिया.दरअसल, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च को पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के सलतुआ जंगल से पुलिस ने एक लड़की का दफनाया हुआ शव बरामद किया था. दंडाधिकारी की मौजूदगी में शव को बाहर निकाला गया था. पूरे मामले में पुलिस ने अनुसंधान किया, जिसके बाद पुलिस ने लड़की के पिता, भाई समेत समेत छह लोगों को गिरफ्तार

किया है. गिरफ्तार आरोपियों में लड़की के पिता मथुरा सिंह, भाई जितेंद्र सिंह, संजय कुमार सिंह, हरेंद्र कुमार सिंह, सिविल सर्जन उर्फ बिगू सिंह और रामचंद्र सिंह के नाम शामिल है. पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से टांगी, खून लगा हुआ मोजा, खून लगे हुए अन्य कपड़ों को बरामद किया है.पिता ने टांगी से मार कर हत्या कर डाली घटना के दिन पिता मथुरा सिंह अपनी 16 वर्षीय बेटी को घर पर नहीं पाया था. बाद में वह अपनी बेटी की तलाश में सहेली के घर गया था, लेकिन बेटी सहेली के घर में भी नहीं मिली. कुछ देर बाद बेटी घर वापस लौटी तो पिता ने टांगी से वार कर हत्या कर दी. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि हत्या के बाद पिता, भाई एवं अन्य लोगों ने मिलकर शव को दफना दिया था।

मुस्लिम समुदाय का पहला रोजा आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : रहमतों का महीना माह- ए-रमजान की आमद को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में हर्ष है। पहला रोजा मंगलवार को रखा जायेगा। अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में पवित्र रमजान माह को लेकर तैयारियां की जा रही है। मुस्लिम समुदाय के बच्चों ने मस्जिद की साफ सफाई किया, साथ ही समाज के लोगों ने भी रमजान माह को लेकर तैयारी कर रहे है.पवित्र माह ए रमजान में भूखे व प्यासे रहकर तीस दिनों तक मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखते हैं और पांच वक्त की नमाज पाबंदी से पढ़कर अल्लाह की इबादत करते हैं. रमजानुल मुबारक का इस्तेकबाल इबादत, गरीब, बेसहारा लोगों की मदद करके किया जाता है.रमजान के महीना में नमाज तरावीह और इबादत मिलकर करने का सुनहरा मौका मिलता है. रोजा हर समझदार, अक्लमंद व बालीग का फर्ज है यानी पांच वक्तों की नमाज और तरावीह भी इस तरह वाजीब और जरूरी है. इस वर्ष तरावीह की

नमाज अदा को लेकर नन्हे रोजेदारों,बुजुर्गों में खुशी है .इबादत रहमत मगफिरत और बरकत का यह पवित्र मुकद्दस महीना इस्लामिक कैलेंडर का नौवां महीना होता है. अंजुमन कमेटी के सदर तौहीद खान ने कहा कि पवित्र माह -ए- रमजान की तैयारी पूरी कर ली गई है.चेचरिया स्थित जामिया इस्लामिया जब्बारिया मस्जिद एवं विशुनपुर स्थित गौसिया मस्जिद में साफ सफाई किया गया है. उन्होंने कहा कि मस्जिदों में बिजली, पानी, लाइट का माकूल प्रबंध रहेंगे ताकि पाक महीने में सुकून से रोजेदारों और नमाज तरावीह पूरा कर सकेंगे. उन्होंने कहा कि दोनो मस्जिदों में 8:30 बजे से लेकर 10:30 बजे तक तरावीह की नमाज अदा किया जायेगा.उन्होंने कहा कि खुदा की इबादत करने वालों को किसी भी मौसम में परेशानी नहीं आती है. गर्मी होने के बावजूद रोजेदार पूर्व की भांति इस वर्ष भी रोजा रख कर खुदा की इबादत करेंगे. मौलाना एजाज अंजुम ने कहा कि पहला रोजा अहले सुबह लगभग 4:45 तक सेहरी होगा जो शाम 6:10 बजे इफ्तार किया जायेगा, यानी पहला रोजा करीब 14 घण्टे का रहेगा.उन्होंने कहा कि रमजान के महीने में अल्लाह के लिए हर रोजेदार बहुत ही खास होता है. खुदा उसे बरकत और रहमत से नवाज़ता है.इस महीने में सक्षम लोग अनिवार्य रूप से अपनी कुल संपत्ति का ढाई परसेंट एक निश्चित हिस्सा निकालकर उसे जकात के तौर पर गरीबों में बाटते हैं. यह महीना मोहब्बत और भाईचारे का संदेश देता है।

सगमा प्रखंड के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सीएसपी में चल रहा है अवैध पैसा निकासी का खेल

एक ही दिन में दो छात्राओ का निकाल लिया 12600 रुपये

नाटकीय ढंग से एक और छात्रा का 18900 रुपया हुआ वापस

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : सरकार द्वारा लोगो की बैंक से लेन-देन को सुविधा जनक बनाने के लिए जगह जगह बैंको का सीएसपी खोल रखा है। लेकिन संचालकों द्वारा इसे पैसा छापने की मशीन बना लिया गया है। कभी पैसा की जांच कराते समय,कभी पैसा निकालते समय ग्राहकों के खाते से पैसा उड़ा ले रहे है।जो ग्राहक सचेत है।उन्हें पैसा वापस मिल जाता है नही तो संचालक पैसा हजम कर जाते है। ऐसा ही बड़ा खेल सगमा प्रखंड के घघरी में संचालित सीएसपी में बड़े धड़ल्ले से चल रहा है। जनवरी 24 को उत्क्रमित जमा दो उच्च विद्यालय की दो छात्राये चैनपुर ग्राम निवासी साधना कुमारी खाता संख्या मममममममम080 खाता टाइप ह्यड्ड तथा सरोज कुमारी के स्टेट बैंक के खाता संख्या 0000003530853 9126 से घघरी स्थित संतोष यादव

के स्टेट बैंक ऑफ इंडीया के सीएसपी पर अपनी छात्रवृति जांच कराने पहुची। दोनो ने अंगूठा लगा कर अपने खाते की जांच कराया।उन्हें बताया गया कि उनके खाते में कोई पैसा नही है।जब कि उसी दौरान साधना कुमारी के खाते से 6800 तथा सरोज कुमारी के खाते से 5800 रुपये निकाल लिए गए।जब दोनों ने यह बात अपने शिक्षकों से बताया तो शिक्षकों ने उन्हें खाते का स्टेटमेंट निकलवाने का सलाह दिया।जब दोनों ने अपने अपने खाते का स्टेट मेन्ट निकलवाया तब मामले का खुलासा हुआ। जब दोनों के अभिभावकों ने संतोष यादव से संपर्क किया तो उसने गलती स्वीकारते हुए साधना कुमारी का 6800 रुपया घर पहुचा दिया।जब कि सरोज कुमारी का पैसा समाचार लिखे जाने तक वापस नही किया गया था।वैसा ही खेल चैनपुर निवासी उसी विद्यालय की छात्रा वंदना कुमारी के साथ भी हुआ।वंदना कुमारी के खाता संख्या 000000352180 52125 में से 11जनवरी 24 को 18900 रुपये उसी सीएसपी से निकाल लिए गए।फर्क बस इतना था कि छात्रा और उसके अभिभावक के अनुसार उसने खाता जांच भी नही कराया न ही अंगूठा लगाया फिर भी पैसा निकाल लिया गया। जब छात्रा अपने अभिभावक के साथ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य शाखा पर स्टेटमेंट निकलवाने पहुचे तो बैंक कर्मियों ने भी उसे बताया कि उसके खाते में पैसा नही होने के कारण स्टेटमेंट नही निकल सकता।तब वंदना कुमारी ने 100 रुपये जमा करने के लिए जमा पर्ची दिया तो नाटकीय ढंग से उसके खाते में 100 रुपये जमा होने से पहले ही उसके खाते से गायब हुए 18900 रुपये वापस आ गए बाद में 100 रुपये उसके खाते में क्रेडिट हो गए।इन सब क्रिया कलापो से पता चलता है कि बैंक कर्मी भी इस लूट के खेल में शामिल रहते है।फिरभी पैसा वापस मिलने के बाद साधना कुमारी व उसके अभिभावक बयान देने से बचते रहे।लेकिन सरोज कुमारी तथा वंदना कुमारी के अभिभावक उदेश कुशवाहा ने कैमरे पर अपना बयान दर्ज करवाया। जिसमे उपर्युक्त मामलों का खुलासा किया गया है।संतोष यादव से उनका पक्ष लेने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया।लेकिन संपर्क नही हो सका।हालांकि रविवार को छात्रा सरोज कुमारी ने पैसे निकाले जाने को लेकर धुरकी थाना में आवेदन दे दिया है। सूत्र के अनुसार संतोष यादव को पूछताछ के लिए थाना बुलाया गया था।लेकिन अपना पक्ष रखने के लिए उपस्थित नही हुये। **खेल देखिये कैसे चल रहा है और कौन है इसका मास्टर माइंड :** कोड़ संख्या 10374525 किसी सुनील दुबे के नाम है।सुनील दुबे ने कोड दे दिया है किसी प्रशांत कुमार को,लेकिन उस कोड का प्रयोग संतोष यादव का सीएसपी भी करता है। जितने भी अवैध पैसे का लेन देन होता है सब इसी कोड से किया जाता है।चाहे वह प्रशांत कुमार करते हो या फिर संतोष यादव।यह तो तय है यह कार्य प्रशांत कुमार और संतोष यादव दोनो मिल कर करते है।ऐसा बताया जाता है कि इस खेल का मास्टर माइंड सगमा प्रखंड के प्रतिनिधि है।हालांकि इस बात को कहने के लिए कोई तैयार नही है। लेकिन तय है कि यह सारा खेल बैंक कर्मियों के मिली भगत से होता है।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

बीजेपी से राज्यसभा उम्मीदवार प्रदीप वर्मा व जेएमएम से सरफराज ने नामांकन दाखिल किया

रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा के गाडेय के पूर्व विधायक सरफराज अहमद ने महागठबंधन उम्मीदवार के रूप में राज्यसभा के लिए नामांकन भर दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कांग्रेस से मंत्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री आरजेडी के सत्यानंद भोक्ता माले विधायक विनोद सिंह भी मौजूद थे। बता दें कि सरफराज गिरिडीह के गांडेय सीट से विधायक थे और 31 दिसंबर 2023 को विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद चर्चा में आये थे। वहीं बीजेपी की ओर से प्रदीप वर्मा ने राज्यसभा उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया था। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ एनडीए के सभी विधायक मौजूद थे।

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने होटवार जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री से की मुलाकात

रांची : जमीन घोटाला मामले गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में जाकर मुलाकात की। बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच करीब आधे घंटे तक बातचीत हुई। दो फरवरी को मुख्यमंत्री बने चंपाई सोरेन की होटवार जेल में हेमंत सोरेन से ये पहली मुलाकात है। दोनों नेताओं के बीच आखरी मुलाकात चंपाई सोरेन सरकार के शपथग्रहण के दिन हुई थी। माना जा रहा है कि वर्तमान राजनीतिक हालात को लेकर मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री के बीच बातचीत हुई है। लोकसभा चुनाव में गठबंधन और उम्मीदवारों को लेकर भी दोनों नेताओं में चर्चा हुई है। वहीं राज्यसभा चुनाव के दिन मतदान करने के लिए भी हेमंत सोरेन उपस्थित रहेंगे, इस पर भी चर्चा की गई है।

डीजीपी ने राज्य के सभी न्यायालय परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, राँची स्थित सभागार में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड अजय सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी न्यायालय परिसरों, न्यायाधीशों एवं उनें आवासीय कॉलोनियों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के हेतु एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड के द्वारा राज्य के सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक, वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षकों से उनके क्षेत्राधीन न्यायालय परिसर, न्यायाधीशों एवं उनके आवासीय परिसरों, कॉलोनियों की सुरक्षा सुदृढ़ करने हेतु पूर्व से भेजे गये एजेण्डा बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी एवं सुरक्षा-व्यवस्था की खामियों को अविलम्ब दूर करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड ने न्यायालय परिसरों, न्यायाधीशों एवं उनके आवासीय परिसरों, कॉलोनियों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं बलों की वरीय पुलिस पदाधिकारियों द्वारा लगातार औचक निरीक्षण करने एवं पाए गए त्रुटियों का तत्काल निवारण करने का निर्देश दिया, साथ ही प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं बलों को कर्तव्य पर मुस्तैद रहने के लिए उनके प्रशिक्षण, ड्यूटी से पूर्व ब्रीफिंग एवं लगातार मॉनिटरिंग करते रहने पर जोर दिया गया। झारखण्ड राज्य के सभी न्यायालय परिसरों, न्यायाधीशों एवं आवासीय कॉलोनियों की सुरक्षा हेतु जिला स्तर पर जो कार्रवाई की जा रही है, इसके लिए बलों की प्रतिनियुक्ति, उनकी मॉनेट्रिंग, वरीय पदाधिकारी की तैनाती के साथ-साथ लगाये गये

सुरक्षा उपकरणो की समुचित निगरानी रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने पर बल दिया। सुरक्षा व्यवस्था हेतु मोर्चा, चाहरदिवारी, फेन्सिंग वायर, सीसीटी भी कैमरा लगाने एवं अन्य व्यवस्था सुदृढ़ करने के साथ ही उन्होंने सभी वरीय पुलिस अधीक्षकों / पुलिस अधीक्षकों से कृत कार्रवाई की जानकारी ली तथा कमियों को यथाशीघ्र दूर करने का निर्देश दिया। न्यायालय परिसर, न्यायाधीशों एवं उनके आवासीय परिसरों की सुरक्षा को लेकर प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षकों एवं संबंधित वरीय पुलिस अधीक्षकों / पुलिस अधीक्षकों को लगातार अपने स्तर से मॉनिटरिंग कर बेहतर ढंग से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी / बलों को रात्रि में भी चेक करने तथा उन्हें सेनसेटाईज करने पर बल दिया, साथ ही प्रतिदिन खैरियत प्रतिवेदन जिला के नियंत्रण कक्ष को देने का निर्देश दिया। झारखण्ड, अजय कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, डॉ0 संजय आनन्द राव लाठकर, पुलिस महानिरीक्षक, राँची अखिलेश कुमार झा, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान, अमोल विनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, प्रोविजन, पंकज कम्बोज एवं पुलिस अधीक्षक, अभियान अमित रेणु के अतिरिक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, राँची, पलामू एवं धनबाद, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक, झारखण्ड, सभी वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षकों ने भाग लिया।

रमजान का करो इस्तकबाल निजात का हो जाएगा इंतेजाम

गुलाम शाहिद

रांची : आज चांद नजर आएगा, इसे के साथ ही कल पहला रोजा होगा। अभी से ही रमजान का इस्तकबाल करें ताकि निजात का इंतजाम हो जाये। इस साल रमजान के महीने की शुरुआत मंगलवार से होगी. हर मुसलमान को इस महीने के इस्तकबाल और इसके हर लम्हे को वसूल करने के लिए पूरे तौर पर तैयार रहना चाहिए, रमजानुल मुबारक का महीना नेकियों व बरकतों का महीना है. माह-ए-रमजान में पांच वक्त की नमाज जमात के साथ अदा करें, रोजो का एहतमाम करें, हिसाब लगाकर जकात अदा करें, दिल लगाकर कुरआने करीम रोजाना पढ़ें, नवाफिल का एहतमाम ज्यादा से ज्यादा करें, तरावीह का खास एहतमाम करें, गरीबों, मिस्किनों का ध्यान रखें, पड़ोसियों को न सतायें, मोबाइल का बेजा इस्तेमाल न करें, झूठ व गीबत (पीठ पीछे बुराई करना) की महफिलों से अपने आप को दूर रखें. ऐसा करने से रोजे के सवाब में कमी हो जाती है, अपनी निगाहों की हिफाजत करें. माह-ए-रमजान के इस्तकबाल के लिए सबसे पहली चीज यह है कि इसकी अजमत का हर मुसलमान को अहसास हो, रमजान में नेकियों का सवाब बढ़ा दिया जाता है. एक नफिल का सवाब फर्ज के बराबर और फर्ज का सवाब सत्तर फर्जों के बराबर दिया जाता है. सभी प्रेम व भाईचारे तथा एक-दूसरे के साथ मिल जुलकर रहें, पांचों वक्त नमाज में मुल्क में अमन-चैन व खुशहाली के लिए दुआ करें.

इबादत का मुबारक महीना रमजान शुरू : मौलाना बरकाती

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला जामा मस्जिद के इमाम ओ खतिब मौलाना मंजूर हसन बरकाती ने रमजानुल मुबारक के महीने की महत्व की जानकारी देते हुए बताया है कि रमज़ान इस्लामी कैलेण्डर का नवाँ महीना है। चांद नजर आते ही पहले इशा नमाज बाद तरावीह की नमाज सभी मस्जिदों में शुरू हो जाती है, जिसमे पूरी कुरान ए पाक की तिलावते होती हैं। तरावीह खत्मे कुरान तक किसी किसी मस्जिदों में दस दिनों, तो कहीं पंद्रह दिनों और कहीं पूरे महीने तरावीह की नमाज पढ़ी जाती है। रमजान का चांद नजर आनके दूसरे दिन से ही सेहरी करके रोजा रखा जाता है जो दिन भर मगरीब के वक्त अजान के बाद रोजा खोला जाता है। इस मुबारक महीने में सामूहिक इफ्तार और सामूहिक नमाज़, ज़कात और सदक़ा निकाला जाता है। यह मुबारक महीना 29, या 30 रमज़ान हो सकता है। महीने भर के रोज़े (उपवास) रखना रात में तरावीह की नमाज़ पढना, कुरान तिलावत करना, एतेकाफ़ बैठना। इसके अलावा झूठ,गिबत,झगड़े से बचने की जरूरत है और कोशिश करें कि नमाज के समय अड्डेबाजी करने से परहेज़ करें।

रांची एयरपोर्ट कंट्रोलर की हत्या के दोषी को 10 साल कैद की सजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने सोमवार को रांची एयरपोर्ट कंट्रोलर सोनू मरांडी की हत्या मामले में दोषी करार अमन चंद्र को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने मरांडी पर जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर उसे एक वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। कार बैक करने की मामूली विवाद में रांची एयरपोर्ट कंट्रोलर सोनू मरांडी की हत्या कर दी गई थी। हत्या की घटना 28 मई, 2022 की है। सोनू मरांडी कार से घर लौट रहा था। इसी दौरान चार पहिया वाहन सवार हजारीबाग निवासी अमन चंद्र की कार से उसका आमना-सामना हो गया था। कार बैक करने को लेकर दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ। आरोपित ने गाली-गलौच करते हुए सोनू मरांडी को लात-घूंसों से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था और वहां से फरार हो गया था। रांची एयरपोर्ट के बीच सड़क पर अचेत पड़े सोनू मरांडी के परिजन सूचना पाकर वहां पहुंचे और घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान 31 मई, 2022 को सोनू मरांडी की मौत हो गई थी। रांची एयरपोर्ट थाना की पुलिस तीन जून, 2022 को आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में पहले मारपीट का केस दर्ज हुआ था लेकिन सोनू मरांडी की मौत के बाद हत्या का प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । झारखण्ड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यालय मत्स्य विभाग डोरंडा रांची में संघ के प्रदेश पदाधिकारियों संग बैठक आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्री संजय कुमार प्रदेश अध्यक्ष द्वारा किया गया।जिसमें एमपीडब्ल्यू से सम्बन्धित विभिन्न बिंदुओ के समस्या और समाधान पर चर्चा किया गया। जो निम्न हैं ऱसभी कार्यरत एमपीडब्ल्यू के स्थाईकरण हेतु सही नीति निर्धारण कर सही दिशा में कार्य करते हुए,सभी एमपीडब्ल्यू साथी स्थाई इसी सरकार में करा लेने पर सहमति बनी है साथ ही* महासंघ,चिकित्सा संघ की देखरेख में दिनांक 23 जून 2024 को झारखण्ड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ का द्वितीय सम्मेलन आयोजित कर नई प्रदेश एमपीडब्ल्यू संघ के पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। नई प्रदेश अध्यक्ष के नेतृव में स्थाईकरण हेतु आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। एमपीडब्ल्यू से सम्बंधित स्थाईकरण और अन्य सही जानकारी, एमपीडब्ल्यू साथी तक अपनी बात रखने के लिए सभी जिला का भ्रमण किया जाने पर सहमति बनी है।

झारखंड प्रशासनिक सेवा के 11 अधिकारियों के तबादले

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के 11 अधिकारियों के तबादले किए हैं। इस संबंध में राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने सोमवार को अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना के अनुसार गुमला जिले के बिशनपुर की अंचल अधिकारी दिनेश कुमार गुप्ता को स्थानांतरित करते हुए गढ़वा जिले के चिनिया का अंचल अधिकारी बनाया गया है। गढ़वा के चिनिया के अंचल अधिकारी शेखर वर्मा को गुमला के बिशुनपुर का अंचल अधिकारी, रांची के सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी किरण बोदरा को हजारीबाग का सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, हजारीबाग के सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी प्रीति केरकेट्टा को धनबाद का बंदोबस्त पदाधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार अमृता खाखा को रांची का सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, शादा नुसरत को हजारीबाग का बंदोबस्त पदाधिकारी, निर्मल सोरेन को धनबाद का सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, राजेश कुमार को पलामू का सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, मिथिलेश कुमार चौधरी को दुमका का सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, मोजाहिद अंसारी को जमशेदपुर का सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, मधु श्री मिश्रा को लोहरदगा के कुडू का अंचल अधिकारी बनाया गया है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि वैसे पदाधिकारी जिनके स्थान पर किसी अन्य का पदस्थापन हो गया है और उनका पदस्थापना कहीं नहीं किया गया है वह विभाग में योगदान देना सुनिश्चित करेंगे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रांची विश्वविद्यालय में की तालाबंदी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) रांची महानगर ने छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर रांची विश्वविद्यालय में सोमवार को तालाबंदी किया। इस दौरान विश्वविद्यालय संयोजक शिवेन्द्र सौरव ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन का प्रथम कार्य है प्रवेश, परीक्षा और परिणाम पर कार्य करना लेकिन कुलपति ओर कुलसचिव अपने कार्यों को छे?कर टेंडर बेचने में व्यस्त हैं। परीक्षा और नामांकन के कार्य के लिए प्राइवेट एजेंसी को रख दिया गया है। उन्होंने कहा कि आये दिन एजेंसी प्रवेश पत्र और रिजल्ट में त्रुटियां करती जा रही है। इसके बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन एजेंसी को संरक्षण दे रही है। महानगर मंत्री ऋतुराज शाहदेव ने कहा कि आए दिन विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों पर जुल्म कर रहा है। सेमेस्टर चार का जो रिजल्ट आया है वह पूर्णतः निराधार है। विश्वविद्यालय प्रशासन को विचार करने की आवश्यकता है कि आखिर पूरा डिपार्टमेंट कैसे फैल हो सकता है। सेमेस्टर चार के परिणाम की पुनः जांच होनी चाहिए अन्यथा अभाविप अनिश्चित काल के लिए आंदोलन प्रारंभ करेगी। रांची महानगर कार्यालय मंत्री सौरभ कुमार ने कहा कि परीक्षा की रिजल्ट में गड़बड़ी का मुख्य कारण आउटसोर्सिंग कंपनी है। रांची विश्वविद्यालय आउटसोर्सिंग कंपनी को लाकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने में लगी हुई। विश्वविद्यालय से आउटसोर्सिंग कंपनी को हटाया जाए और छात्रों के गड़बड़ी हुई रिजल्ट को भी जल्द से जल्द सुधारा जाये। गौरतलब है कि सेशन 2021-2024 सेमेस्टर चार की रिजल्ट में लगभग सभी महाविद्यालय की लगभग 75 प्रतिशत विद्यार्थियों को फेल कर दिया गय। सेमेस्टर पांच की एग्जामिनेशन फॉर्म भरने का समय भी निकाल दिया गया था।

रांची में घरों की रेकी कर चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राजधानी की सदर थाना पुलिस ने घरों की रेकी कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम गंभीर कुमार बताया गया है। वह बोकारो के गोमिया थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

गिरफ्तार आरोपित के पास से रेकी में उपयोग किये गये हीरो ग्लैमर बाइक और चोरी का एक मोबाइल बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सदर डीएसपी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मरुहूम टोली स्थित एक घर में चोरी करते समय गंभीर कुमार को पकड़ा। आरोपित ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि वह घरों की रेकी कर बाहर के गिरोह को इसकी सूचना देकर चोरी, लूट और डकैती करवाता था। पुलिस की टीम में सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार, दीपक राणा, प्रभुवन कुमार सहित सदर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

कार्मिक डीआइजी नौशाद ने बेटी-दामाद के रिसेप्शन का जश्न सादगी से मनाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम की सुपुत्री शाजिया परवीन और दामाद प्रशिक्षु डीएसपी अरमानूल हक का रिसेप्शन सिरोमनी कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम की देख रेखा में बीते 9 फरवरी2024 को डोरंडा स्थित जैप वन के खुखरी ग्राउंड में सादगी पूर्ण तरीके से संपन्न हुई। रिसेप्शन सिरोमनी का शुभारंभ इस्लामिक तरीके से तिलावत ए कुरान सूरा निशा पढ़कर की गई। सूरा निशा की तिलावत डोरंडा परस टोली स्थित अहल ए हदीस मस्जिद के इमाम ओ खतिब मौलाना फैसल अमीन ने की और दुआ हजारीबाग मोती मस्जिद के हाफीज इमाम ओ खतीब अब्दुस समद ने पढ़ाई।और नव वैवाहिक दंपती की जीवन की खुशहाली और कामयाबी की दुआ की गई। दुआ के बाद रांची शहर के सभी वर्गों एवं समुदायों से जुड़े ऐसे जरूरतमंदों व मिस्कीन, महिलाएं एवं उसके बच्चे को मेहमानों के बीच परोसे गए वही भोजन का पैकेट बनाकर एवं उनकी जरूरतों को देखते हुए खूबसूरत शॉल देकर सभी जरूरतमंदों को नव दंपती जोड़े ने अपने हाथों से सम्मानित किया और इसके बाद आगे की रिसेप्शन सिरोमनी की शुरुआत की गई।

ग़ज़ल ने शमां बांधे रखा : कार्यक्रम में अमरेश राज मशहूर ग़ज़ल गायक कोलकाता ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए, वहीं इनके

संगत में जाहिद खान तबला वादक, आर्गन में आबिद, गिटार कमल,बेस में किशोर और पैड में मोहित मिश्रा टीम ने देर रात तक शमां को बांधे रखा। खास कर मुझसे मिलने शमां जलाकर ताजमहल में आ जाना....,;; ग़ज़ल को काफी पसंद किया गया। बनारस से चलकर आये शहनाई वादक बशीर एंड टीम ने भी दुनिया के मशहूर शाहनाई वादक दिवंगत उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की यादों को ताजा करते नजर आये, वहीं वृंदावन की चाय टफरी आकर्षक का केंद्र रहा,चाय की टफरी वाले ने मेहमानों को अपने अनोखे करतब दिखाकर चाय परोस रहे थे, वहीं लोगों ने पान का भी चुस्की लिया।

परिवारिक मेहमानों में : कार्यक्रम में दूल्हा प्रशिक्षु डीएसपी अरमानूल हक इनके पिता मधुपुर के निवर्तमान महापौर जियाउल हक उर्फ टारजन , माता सुबेदा खातून पूर्व जिला परिषद देवघर, रिश्तेदारों में मोहम्मद हुसैन, शमसुद्दीन अंसारी,प्रो मकबूल अहमद वहीं दुल्हन शाजिया की तरफ से पिता आईपीएस कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम, पत्नी शाहीना परवीन , इरशाद आलम,वहीं आलम, मुराद आलम सहित इनके करीबी परिवारिक रिश्तेदारों और दोस्तों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में शामिल हुए आइएएस, आईपीएस : इस कार्यक्रम में कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम के कई परिचित दोस्त एवं आईएएस , आईपीएस सहित कई मंत्री , राजनीतिक दलों के विधायक व नेता एवं झारखंड के विभिन्न जिलों के सामाजिक संगठनों के साथी गण एवं पत्रकार शामिल हुए। मुख्य रूप से झारखंड के डीजीपी अजय कुमार, अनिल पलटा, आरके मलिक, अखिलेश झा, विजयलक्ष्मी, रांची डीआईजी अनूप बिरथरे, रांची उपायुक्त राहुल सिन्हा, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा एवं सामाजिक संगठनों से भी महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में शख्सियत मौजूद रहे और नव दंपती जोड़े को खुशहाल जिंदगी मुहब्बत के साथ गुजरे और जोड़ी कामयाब हो इसकी दुआ आशीर्वाद दिया।

असामाजिक तत्वों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करें : एसएसपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चंदन सिन्हा के द्वारा मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन कार्यालय के सभागार कक्ष में किया गया, जिसमें जिले के सभी थाना के थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी, अंचल निरीक्षक, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी / पुलिस उपाधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक, रॉची (ग्रामीण व नगर) उपस्थित रहे। अपराध नियंत्रण के अलावे स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव-2024 संपन्न कराना गोष्ठी का मुख्य विषय वस्तु रहा।

निम्न निर्देश दिये गये : शहर के प्रत्येक मुहल्ला को बीट में विभाजित कर प्रत्येक बीट के लिए प्रभारी पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए जायेंगे तथा उस बीट पर अपराध नियंत्रण की दृष्टि से आसूचना संकलन, कारगर गश्ती सुनिश्चित कराना बीट पुलिस पदाधिकारी की जिम्मेवारी होगी। इस हेतु सभी थाना प्रभारियों को तीन दिन के अन्दर बीट सिस्टम चालु करने का निर्देश दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्र के थानों में 2-3 पंचायतों को मिलाकर एक पुलिस नोडल पदाधिकारी बनाया जाएगा, जिसका कार्य स्थानीय जनप्रतिनिधि

से सम्पर्क रखना, असूचना संकलन तथा अपराध नियंत्रण एवं उस क्षेत्र में सक्रिया अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी की जिम्मवारी होगी। अपराध नियंत्रण हेतु अपराधकर्मियों का डाटाबेस तैयार करने, फिरार अभियुक्तों के विरूद्ध छापामारी, असमाजिक तत्वों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई, अवैध आग्नेयात्र, मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के विरूद्ध कारगर कार्रवाई, बेहतर अभियोजन एवं आरोपियों को सजा दिलाने हेतु गवाहों को ससमय न्यायालय में उपस्थापन का निर्देश दिया गया। बेहतर एवं सुचारू रूप से यातायात व्यवस्था संधारण करने हेतु सड़क पर अस्थाई अतिक्रमण को नगर निगम के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया गया। सामान्य अवधि के अतिरिक्त आदर्श आचार संहिता लागु होने के उपरान्त अवैध नशीले पदार्थ एवं मादक पदार्थ के निर्माण एवं तस्करी के बिन्दु पर प्राप्त होने वाले जन शिकायत एवं आसूचना के आधार पर त्वरित अनुक्रिया / कार्रवाई हेतु गठित जिला नियंत्रण कक्ष (सी.सी.आर.) के अन्तर्गत विशेष अनुक्रिया दल को प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

भाकपा झारखंड में 8 लोस सीटों पर चुनाव लड़ेगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य कार्यकारिणी की बैठक राज्य कार्यालय में कॉम भुवनेश्वर प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में बैठक हुई। झारखंड में रांची हजारीबाग कोडरमा चतरा ,पलामू, गिरिडीह,दुमका,जमशेदपुर सीटों पर चुनाव लड़ने की चुनाव लड़ने का फैसला, उम्मीदवार के नाम की घोषणा 16 मार्च के बाद किया जाएगा। चुनाव संचालन के लिए उम्मीदवार चयन समिति, घोषणा पत्र समिति, सोशल मीडिया समिति का गठन किया गया। बैठक में पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक भारतीय जनता पार्टी को सता से बेदखल करने के लिए कांग्रेस को महागठबंधन के तहत एकजुट होकर के चुनाव लड़ने पर जोर दिया । है । पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के महासचिव पशुपति कॉल,राष्ट्रीय परिषद के सदस्य कन्हाई मल पहाड़िया,प्रमोद कुमार पांडे, महादेव राम, के डी सिह, जितेंद्र सिंह, अंबुज ठाकुर,गणेश प्रसाद, सिंह, सुजीत घोष, गणेश महतो, बनवारी साहू,शंभू कुमार, कलाम रसीदी,प्रोफेसर अनवर हुसैन, स्वयंवर पासवान, एवम अजय सिंह सहित कार्यकारणी के उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, मंगलवार, 12 मार्च 2024 | पेज 4

झामुमो ने करकटटा बस्ती में न्याय यात्रा निकाली

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड द्वारा तुमाँग पंचायत के करकटटा बस्ती में न्याय यात्रा निकाली गयी. इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान ने कहा कि आदिवासी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित समस्त आदिवासी समाज पर केंद्र सरकार बीजेपी, आरएसएस और मनुवादी विचारधारा द्वारा जो अत्याचार किया जा रहा उसके विरोध में तमाम झारखंड राज्य के ग्रामीणो में आक्रोश है. कहा कि जिसका असर आने वाला लोकसभा चुनाव में वर्तमान केन्द्र सरकार को दिखाई देगा.पासवान ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान मुख्यमंत्री जनता के लिए कई कल्याण कारी योजना बनाई है जिसका लाभ सिधे आमजनता को मिल रहा है .जैसे अबुआ आवास, सर्वजन पेंसन, विधवा पेंशन, फुले बाई ,सावित्री किशोरी समृधी योजना तथा आज ही गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लोकार्पण माननीय मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन के द्वारा किया गया है जिसका लाभ आम व गरीबों को मिल रहा है.इस कार्यकम में अनील पासवान ,पितरंजन सिंह, कलाम रिज्वी, याकुब अंसारी ,संभुदास, गौरव सिंह, बीरू, गणेश पहान ,किसुन मुंडा, पंकज मुंडा, शत्रुधन मुंडा, तुमाँग पंचाय अध्यक्ष मांजीता देवी, पूनम देवी, बेबी देवी, उमा देवी, तारो देवी, सरिता देवी, रेणू देवी, सोमरी देवी, पार्वती देवी, बंधनी देवी, मंजू देवी , मंगरी देवी, अघनी देवी आदि मौजूद थे.

विश्रामपुर व तुमांग पंचायत के रैयतों ने खलारी अंचल कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना दिया

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): बिहार कोलियरी कामगार यूनियन एवं झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति के संयुक्त बैनर तले अंचल कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना दिया है. धरना रैयत रतिया गंझू के नेतृत्व में विश्रामपुर और तुमांग पंचायत के रैयत और ग्रामीणों ने 1976 में सीसीएल द्वारा अधिग्राहित की गई भूमि में हुई त्रुटि के सुधार करने की मांग को लेकर दिया गया है. धरना पर बैठे रतिया गंझू ने कहा कि सीसीएल केडीएच प्रबंधन और खलारी अंचल की ढुलमूल व टालमटोल रवैया के कारण विश्रामपुर और तुमांग पंचायत के रैयतों ग्रामीणों को आज तक नौकरी मुआवजा व पुनर्वास का लाभ से वंचित रहना पड़ रहा है. उन्होने कहा कि पुर्व में केडीएच खदान से सटे जामुन दोहर में दोनों पंचायत के रैयतों एवं ग्रामीणों ने एक सौ बीस दिन तक धरना दिया था. वहीं 28 जनवरी को केडीएच खदान के काम को बंद कराने के बाद सीसीएल प्रबंधन, बिहार कोलियरी कामगार यूनियन, झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति एवं ग्रामीणों के बीच हुई वार्ता में तय हुआ था कि सीसीएल प्रबंधन विश्रामपुर व तुमांग पंचायत के जमीन को जल्द ही सत्यापित कर रैयतो को नौकरी मुआवजा देने साथ उनका पुनर्वास कर दिया जाएगा.लेकिन आज तक सीसीएल प्रबंधन एवं अंचलाधिकारी के द्वारा कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं की गयी है. अतः हम रैयत और ग्रामीणों ने अपनी उक्त मांगों को लेकर फिर से अंचल कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना दिया है.उन्होने कहा कि जब तक रैयतों व ग्रामीणों की समस्याओं का उचित निवारण नही होता है साथही रैयतों की जमीन को चिह्नित कर उन्हे नौकरी, मुआवजा और पुनर्वास नही मिल जाता है तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा. अनिश्चितकालीन धरना में मुख्य रूप से महेश महतो, मुन्ना कुमार गंझू, संतोष गंझू, देवराज गंझू, पिंटू गंझू, राहुल कुमार, करण कुमार, जीतन गंझू, महावीर गंझू सहित अन्य रैयत और ग्रामीण उपस्थित थे.

सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का 'फिट इंडिया क्विज' में उत्कृष्ट प्रदर्शन

नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता): सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का भारत सरकार द्वारा प्रायोजित 'फिट इंडिया क्विज' में शानदार प्रदर्शन रहा। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 2019 में किया गया था। 'फिट इंडिया क्विज' प्रतियोगिता का संचालन 'नेशनल टेस्टिंग एजेंसी' द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता के प्रारंभिक चरण में कक्षा दसवीं के छात्र मो0 अम्मार अहमद ने प्रदेश स्तर पर आठवीं रैंक और कक्षा ग्यारहवीं के अभिषेक कुमार आयुष ने 11वीं रैंक लाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें अगले स्तर के लिए शुभकामनाएं दीं।

मीडिया सम्मेलन व राजयोग मेडिटेशन का आयोजन

मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता): ब्रह्मा कुमारी संस्था द्वारा मीडिया परक पत्रकारिता और राजयोग मेडिटेशन का आयोजन ब्रह्माकुमारी राजयोग भवन बोकारो सेक्टर 4 में किया गया। जिसमें स्वास्थ्य समाज का निर्माण करना है,इस बिषय पर बहन कुसुम ने कही कि स्वास्थ्य समाज के लिए नैतिक मुल्यों की आवश्यकता है जो अध्यात्मिक ज्ञान से मिलता है।जो अन्य आत्माओं को प्रेरित करती है।भाई सुशांत ने कहा कि दुनिया रो रही है जिसका समाधान मीडिया ही कर सकता है। ब्रेकिंग न्यूज नहीं बल्कि मेकिंग सोसायटी बनाना है। ग्रामीण पत्रकार सही मायने में समाचार को मर्म, धर्म के साथ मिशन के रूप में काम करते हैं।सवाल उठाने के साथ साथ समाधान करना ही समाधान परक पत्रकारिता कहलाता है। असंभव को संभव करना एक पत्रकार ही कर सकता है।तत्थ,सत्य और सभ्यता के साथ पत्रकारिता करें। अध्यक्षता शैलेश भाई और संचालन कल्पना बहन ने किया। सर्वप्रथम इस सम्मेलन का द्वीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया ।इस सम्मेलन में 13-14 जिलों के पत्रकार सिल्ली मुरी, गोड्डा,गोमो, फुसरो, समेत काफी संख्या में मीडिया कर्मीयों ने हिस्सा लिया।

सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने किया पंचायत का दौरा

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो के साथ में सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कोऑर्डिनेटर योगेंद्र सिंह ने रविवार को हालमाद, हाकेदाग, विसरिया, मुरी पूर्वी, मुरी पश्चमी, एवं पिस्का पंचायत का दौरा किया । प्रखंड सचिव योगेंद्र कोईरी, भागीरथ महतो, हालमाद,मोहन उपाध्याय, हाकेदाग हरिचरण करमाली, पिस्का सोमरा मांझी,विसिरिया दुर्गा चरण यादव,मुरी पूर्वी निताई चद्र महतो, मुरी पश्चिमी जमीलउद्दीन मोमिन,अल्पसंख्यक अध्यक्ष शाहबुद्दीन अंसारी,जयनन्दन महतो, लाल बहादुर महतो,मोतीलाल बेदिया, विक्रम मुंडा इत्यादि कांग्रेस जनों से मुलाकात की और निर्देश दिए कि आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी हेतु प्रखंड स्तर , पंचायत स्तर ,बुथ स्तर में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

कुदा गांव के आक्रोसित ग्रामीणों ने केन्द्रीय मंत्री को लिखित ज्ञापन सौंपा

कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के कुदा गांव में स्थित निर्मित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का उद्घाटन एवं नियुक्ति पत्र वितरण समारोह पर आये केन्द्रीय जनजातीय मामले व कृषि मंत्री सह खूंटी लोकसभा सांसद अर्जून? मुंडा को कुदा गांव के आक्रोसित ग्रामीणों ने लिखित ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि कुदा गांव में एकलव्य आवासीय विद्यालय, आइटीआई कॉलेज सह प्रशिक्षण केन्द्र, कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय, यूनानी औषधालय व एफसीआई का गोदाम का निर्माण कराया गया है लेकिन वर्तमान समय में कुदा गांव के ही बच्चों को ही इस स्कूल शैक्षणिक लाभ से वंचित रखा जा रहा है. विद्यालय भवन निर्माण कार्य के दौरान गांव के लोगों को मजदूरी वंचित किया गया. गांव बहुत सारे लोग बेरोजगार हैं लेकिन फोर्थ ग्रेड तक में गांव के लोगों की बहाली नहीं हो पा रही है जिसे लेकर पूर्व में भी ग्राम सभा से लिखित ज्ञापन सौपे जाने बात कही.

कांग्रेस ओबीसी खूंटी जिला सचिव दिलीप केशरी दर्जनों समर्थक के साथ भाजपा में शामिल हुए

प्रभात मंत्र संवाददाता

कर्रा : सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय रांची मे मिलन समारोह का आयोजन किया गया.बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष भाजपा सह पूर्व मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार बाबू लाल मरांडी के द्वारा किया गया. बैठक मे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक राज, प्रदेश मिडिया प्रभारी शिवपुजन पाठक, प्रदेश सह मिडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक के समक्ष तोरपा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस ओबीसी मोर्चा खूंटी जिला सचिव दिलीप केशरी अपने सैकड़ों ग्रामीण समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया गया. तोरपा विधानसभा से विशेष रूप से लक्ष्मीनाथ साहू, समीम अली, सयुम अंसारी, यासीन अंसारी, लादेन अंसारी, आशिक राजा, तफीजुल अंसारी,साजिद अंसारी,यासीन खान, राम साहू, रौशन साहू, अनिल साहू, श्रवण साहू, प्रमोद सिंह, प्रमोद साहू, धीरज केशरी, आकाश महाराणा, विजय साहू, लक्ष्मण साहू, किशोर नायक, सहित दर्जनों ग्रामीण कार्यकर्त्ता सदस्यता को प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी ने भाजपा का पट्टी एवं माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया. इसके बाद दिलीप केशरी ने अपने समर्थकों के साथ कर्रा में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से विनोद प्रसाद सोनी के आवास में आकर मिले. जहां भाजपा कार्यकर्ता हरेंद्र लोहार की अगुवाई में कृष्णा राम,एसी मोर्चा जिला मिडिया प्रभारी मुकेश राम,पंचायत अध्यक्ष शंकरसन साहू, कुलदीप मिश्रा भाजपा परिवार मे शामिल हुए।

झामुमो कार्यकर्ताओं ने हाकाजांग पंचायत के बरांगों में निकाला पदयात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

कर्रा : झामुमो खूंटी जिला अध्यक्ष जुबेर अहमद के निर्देशानुसार सोमवार को कर्रा प्रखंड के हाकाजांग पंचायत के बरांगो गांव में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज के अध्यक्षता में न्याय पदयात्रा निकाला गया. जिसमें हेमन्त सरकार की उपलब्धियों को बताने का कार्य किया जा रहा है और लोगों का आपार समर्थन भी मिल रहा है. झारखंड के सभी आदिवासी-मूलवासियों को अब यह समझ में आ गया कि हमें विपक्ष के द्वारा एक षडयंत्र के तहत पड़ताड़ित और कुचलने का प्रयास किया जा रहा और झारखंडीयत को खत्म करने की बहुत बड़ी साजिश रची जा रही है. इस राज्य को आस्थिर करने की हर प्रकार की साजिश किया जा रहा है जिसे लेकर सभी लोग पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की रिहाई के लिए पूजा, पाठ, प्रार्थना, दुवा कर रहे है.कार्यक्रम में मुख्य रूप से केन्द्रीय समिति सदस्य सुशील पाहन, केन्द्रीय सदस्य हेमन्त तोपनो,युवा मोर्चा उपाध्यक्ष विजय संगा, छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष डेविड हमसोय, नयका बारला, गन्दूर मुंडा, फागू हेरेंज, मनीष होरो, उर्सला होरो, बिमल स्वांसी, लक्की खान, उपेन्द्र पाहन, जीवन होरो के अलावे आदि के साथ काफी संख्या में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के समर्थक उपस्थित हुए थे।

बेड़ो प्रखंड के नए बीडीओ राहुल उराँव से मिले पंचायत प्रतिनिधि

बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के नये प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उराँव से पंचायत प्रतिनिधि मिले। पंचायत प्रतिनिधियों ने नये बीडीओ को बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रखंड के नये प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उराँव ने कहा कि मुझे प्रखंड और प्रखंड वासियों की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। मेरे लिये सौभाग्य है, मेरी हमेशा कोशिश रहेगी कि मैं बेहतर कार्य कर सकूं। प्रखंड का संपूर्ण विकास ही मेरा लक्ष्य होगा जिसके लिए मैं हमेशा प्रयासरत रहूंगा। प्रखंड के आम जन प्रखंड का कोई भी समस्या हो बेहिचक निसंकोच मेरे कार्यालय में मिले। मैं हर संभव निराकरण का प्रयास करूंगा। मौके पर प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप, उपप्रमुख मोद्दसिर हक, विधायक प्रतिनिधि प्रो. करमा उराँव, पंचायत समिति सदस्य मकबुल अंसारी, सेलवेस्टर कच्छप, महेबुल ओहदार, रौशन तिर्की, कल्याणी देवी, फुलमनी उराँव,विजय भगत राखी भगत, अमिन अंसारी,रामदयाल प्रजापति व कुदूस खान सहित कई लोग उपस्थित थे।

बुढ़ाम में दो दिवसीय शहीद निर्मल महतो झारखंड मेला का आयोजन किया गया

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिल्ली बुढ़ाम में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर दो दिवसीय शहीद निर्मल महतो झारखंड मेला का आयोजन झामुमो सिल्ली प्रखंड कमेटी द्वारा किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि-पूर्व केंद्रीय मंत्री माननीय सुबोधकांत सहाय, विशिष्ट अतिथि झामुमो सिल्ली प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया, मुख्य उपस्थित हुए, और शहीद निर्मल महतो के चित्र पर पुष्प एवं सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं सभा को संबोधित करते हुए शहीद निर्मल महतो के जीवनी पर प्रकाश डाला ओर झारखंड सरकार के जन कल्याणकारी योजनाएं मुख्यमंत्री सर्व पेंशन योजना, अबुआ आवास योजना आदि पर प्रकाश डाला। मौके पर झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, भगीरथ महतो, अजीत कुमार महतो, अनिल बेदिया, संतोष साहू, दिलीप कुमार महतो, मुकेश कुमार महतो, दशरथ महतो, आंदोलनकारी रामेश्वर महतो, हरिदास मुंडा, उपेंद्र महतो, फेंकना महतो, दुलाल मोदक, विनोद कुमार महतो, बिरसाई महतो, भीम महतो, राम पदो महतो,साथ ही सिल्ली प्रखंड कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, उपाध्यक्ष मनीराम दास, सिल्ली प्रभारी योगेंद्र सिंह, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली पश्चमी मंडल अध्यक्ष गुहिराम महतो, रांची जिला कांग्रेस महिला अध्यक्ष मेरी तिर्की, अल्प संख्यक अध्यक्ष शाहबुद्दीन अंसारी,मो कलाम अंसारी, प्रकाश मुंडा, पिनाकी बनर्जी, भागीरथ महतो, इत्यादि कांग्रेसजन एवं मेले के सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।

संविदा श्रमिकों के सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता): हिंडालको मुरी के 75 साल पूरे होने पर रविवार को एलुमिना क्लब में संविदा श्रमिकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में रंगारंग कार्यक्रम तथा भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सामूहिक दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में आए हुए संविदा श्रमिकों को पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में संविदा श्रमिकों में काफी उत्साह देखा गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि यूनिट हेड रविनारायण मिश्रा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कारखाना में शुरुआत से मेहनत एवं ईमानदारी से आज हम लोग 75 वर्ष का उत्सव मना रहे हैं। संकट के घड़ी में संविदा श्रमिकों को के कर्मठता से सफलता मिली है उन्होंने अपना संबोधन में कहा की कार्य के दौरान सुरक्षा एवं निरंतर पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कार्यक्रम का समापन एवं धन्यवाद ज्ञापन एच आर अरुण राय ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में 75 वर्ष कमेटी के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) गुमला

(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना वर्ष 2023-24 हेतु ऑनलाईन आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए झारखण्ड राज्य एवं राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई-कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति के लिए पूर्व से निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए निम्न प्रकार से तिथि विस्तारित की जाती है :-

क्र0	प्रक्रियात्मक कार्यवाही	ई-कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए निर्धारित अंतिम तिथि
1	शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि	22.03.2024
2	संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि	28.03.2024

अन्य दिशा निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार Website - ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, गुमला

PR 322103 Gumla(23-24)#D

विधायक ने गार्डवाल के निर्माण का शिलान्यास किया

नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता): नामकुम प्रखण्ड में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने ग्राम सपारोम में तालाब के दोनों तरफ 350 फीट गार्डवाल का निर्माण लागत 23,92,600/- रुपये एवं नामकुम प्रखण्ड सह अंचल परिसर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास तथा प्रखण्ड परिसर का विकास विविध निर्माण लागत 4,93,31,301/- रुपये कार्य की आधारशिला विधि विधान से किया। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप, जिला परिषद सदस्य रीता होरो, अंचल अधिकारी सह प्रभारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रभात भूषण सिंह, विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, विजय टोप्पो, मंगरा कच्छप, अरविंद लोहार, सरस्वती देवी, नन्हे कच्छप, रोज लकड़ा, जीता कच्छप, पतरस तिर्की, संदीप तिर्की, माधो कच्छप, रमेश पाण्डेय, मेरी तिर्की, सुनील उरांव,अंजू लकड़ा, रेनू कुमारी, निर्मला गाड़ी, पंचू तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

ई० निविदा आमंत्रण सूचना

ई० निविदा संख्या–WRD/MID/GUMLA/ F_2-45/2023-24 दिनांक – 11.03.2024

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला ।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 16.03.2024 (अपराह्न 02:00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 01.04.2024 (अपराह्न 05:00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 03.04.2024 (अपराह्न 02:00 बजे)

क0	योजना का नाम	प्रखण्ड	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधी
1	2	3	4	5	6	7
1	साखु नाला पर चेकडैम निर्माण।	डुमरी	65,34,200.00	1,30,700.00	10,000.00	11 माह
2	पारस नाला पर चेकडैम निर्माण ।	डुमरी	59,31,100.00	1,18,700.00	10,000.00	11 माह
3	बहमनि झरिया नाला पर चेकडैम निर्माण ।	चैनपुर	66,95,100.00	1,34,000.00	10,000.00	11 माह
4	किरतोटोली ढोढा नाला पर चेकडैम निर्माण ।	चैनपुर	64,76,000.00	1,29,600.00	10,000.00	11 माह
5	डुमरटोली नाला पर चेकडैम निर्माण ।	P.A.I.जारी	62,88,000.00	1,25,800.00	10,000.00	11 माह
6	बर नाला पर चेकडैम निर्माण ।	P.A.I.जारी	54,58,400.00	1,09,200.00	10,000.00	11 माह
7	रामपुर नाला में चेकडैम निर्माण ।	कामडारा	58,41,000.00	1,16,900.00	10,000.00	11 माह
8	बाटालोया नाला में चेकडैम निर्माण ।	बसिया	53,55,000.00	1,07,100.00	10,000.00	11 माह
9	बानागुटु नाला में चेकडैम निर्माण ।	बसिया	50,26,000.00	1,00,600.00	10,000.00	11 माह
10	सलगी नदी पर एकल चेकडैम निर्माण ।	घाघरा	89,39,700.00	1,78,800.00	10,000.00	11 माह
11	पारला बगीचा नाला पर चेकडैम निर्माण ।	घाघरा	55,25,400.00	1,10,600.00	10,000.00	11 माह
12	सुधा नदी पर चेकडैम निर्माण ।	विशुनपुर	79,85,000.00	1,59,700.00	10,000.00	11 माह
13	जिरहुल नाला 2 पर एकलचेकडैम निर्माण ।	भरनो	64,41,600.00	1,28,900.00	10,000.00	11 माह
14	समशेरा नाला पर एकल चेकडैम निर्माण ।	भरनो	63,37,800.00	1,26,800.00	10,000.00	11 माह
15	सालम नवाटोली नाला पर चेकडैम निर्माण ।	विशुनपुर	58,05,500.00	1,16,200.00	10,000.00	11 माह
16	रांगे नदी पर चेकडैम निर्माण ।	विशुनपुर	87,39,500.00	1,74,800.00	10,000.00	11 माह

(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी ।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी ।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें ।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला।

PR 322061 Minor Irrigation(23-24)D

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची

कार्यालय -भूमि संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी

email :scokhunti@gmail.com

अनुदानित दर पर"मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के लिए आवेदन करने हेतु सूचना

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं–71 दिनांक 07.02.2024 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 में कृषक समूहों, महिला स्वयं सहायता समूहों, पानी पंचायतो, जलछाजन समितियों, लैम्पस–पैक्स एवं अन्य संगठनों को "मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना"।

योजना विवरण एवं लक्ष्य–

3.1 मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना–

(क) कृषक समूहों को अनुदान पर बड़े ट्रैक्टर का वितरण–
वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 में कृषक समूहों, महिला स्वयं सहायता समूहों, पानी पंचायतो, जलछाजन समितियों, लैम्पस–पैक्स एवं अन्य संगठनों को "मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना" अन्तर्गत 34.0-40.0max PTO HP ps एक बड़ा ट्रैक्टर एवं इस के साथ कम से कम दो कृषि यंत्रों के क्रय करने पर कुल पैकेज राशि रू0 10.00 लाख में बड़े ट्रैक्टर पर अधिकतम अनुदान 50 प्रतिशत एवं दो कृषि यंत्रों के क्रय करने पर अधिकतम अनुदान 80 प्रतिशत देय परन्तु कुल अधिकतम अनुदान रू0 5.00 लाख ही देय होगा। जिसमें खूँटी जिला अन्तर्गत भौतिक लक्ष्य 30 (TSP) प्राप्त हुआ है।

(ख) कृषक समूहों को अनुदान पर कृषि यंत्रों का वितरण–
जिले के कृषक समूहों, महिला स्वयं सहायता समूहों, पानी पंचायतों, जलछाजन समितियों, लैम्पस–पैक्स एवं अन्य कृषक संगठनों के वैसे कृषक समूह जिनके पास पूर्व से बड़ा ट्रैक्टर उपलब्ध हो एवं मात्र सहायक कृषि यंत्र क्रय करना चाहेंगे या अतिरिक्त कृषि यंत्र चाहेंगे उनको भी एक या एक से अधिक बड़े ट्रैक्टर चालित कृषि यंत्रों के क्रय के लिए रू 3.00 लाख तक के लागत के कृषि यंत्रों का 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान रू0 2.00 लाख देय होगा। जिसमें खूँटी जिला अन्तर्गत भौतिक लक्ष्य 30 (TSP) प्राप्त हुआ है।

3.2 वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं वित्तीय वर्ष 2024–25 में मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना का पैकेज तैयार करने हेतु ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों की सूची एवं अनुदान निम्न प्रकार से होगी:–

S.N.	Detail of Machines	Package cost	Subsidy & condition
1	2	3	4
01	Tractor (34.0-40.0 max PTO HP ps) approved model tested by FMTTI, with standard tool kit, Seat, Hitch, hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachment etc. & 2 Agriculture implements.	**Rs 10.00 Lakh**	- One Tractor with Minimum two Implements from S.No. 02 to 12 have to be taken in tractor package. - Maximum Subsidy on tractor @ 50% & on Agricultural Implements @ 80% of quoted L-1 prices as per EoI, - Farmers Group Maximum Subsidy on tractor package will be Rs. 5.00 lakh
02	Rotavator (4'-6')	**Rs. 3.00 Lakh**	any farmers group having tractor and need extra Implements they can get subsidy @ 80% or Maximum Rs. 2.00 lakh whichever is Minimum of quoted L-1 price as per EOI.
03	Cultivator (7-13 tyne)		
04	Disc Harrow (11-18 disc)		
05	Ridger/Trencher/Auger (Tractor Drawn)		
06	Zero Tillage drill/Seed cum Fertilizer Drill		
07	Cage Wheel Pair (compatible to above PTO HP Tractor)		
08	Wheat Thresher (Tractor Drawn)		
09	Multicrop Thresher (Tractor Drawn)		
10	Paddy Thresher (Tractor Drawn)		
11	Power Maize Thresher/Maize Dehusker Cum sheller (T.D)		
12	MB Plough (2 bottom)		

✓ लाभूक का चयन–
✓ लाभुक कृषकों समूहों, महिला समूहों, पानी पंचायतों, जलछाजन समितियों, लैम्पस–पैक्स या अन्य कृषक संगठनों के विवरण एवं अनुशंसा हेतु विहित कार्यालय में प्रपत्र परिशिष्ट–1 एवं परिशिष्ट–2 प्राप्त किया जा सकता है एवं कार्यालय के अवधि सुबह 11:00 बजे से संध्या 04:00 बजे तक सूचना प्रकाशन की अवधि से दिनांक 18.03.2024 तक कार्यालय में जमा किया जाएगा।
✓ ट्रैक्टर पैकेज के भौतिक लक्ष्य का 50 प्रतिशत क्षेत्र के माननीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुए "जिला स्तरीय समिति" द्वारा स्वीकृत किया जा सकेगा।
✓ ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों के वितरण में वैसे लाभूक समूहों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिस समूह के सदस्यों के पास खेती योग्य कुल 10.00 एकड़ से अधिक भूमि होगी। वैसे समूहों के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा।

कार्यालय का पता – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी
संयुक्त कृषि भवन, खूँटी।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
खूँटी

PR 322117 Agriculture(23-24).D

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, मंगलवार, 12 मार्च 2024| पेज 5

मंगल कालिंदी को न्याय यात्रा के बजाय अन्याय और अत्याचार यात्रा निकालनी चाहिए : अप्पू तिवारी

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): आजसू प्रवक्ता अप्पू तिवारी ने मंगल कालिंदी द्वारा हेमंत सोरेन की रिहाई के लिए निकाली गई न्याय यात्रा पर कटाक्ष करते हुए प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि, मंगल कालिंदी और झामुमो सरकार से राज्य की जनता त्रस्त हो गई है राज्य की जनता हेमंत सोरेन सरकार के द्वारा हुए युवाओं के साथ अन्याय और किसानो के साथ हुए अत्याचार पर सफाई देना चाहिए, युवा रोजगार के लिए सड़क पर भटक रहे है, और जो

मामले न्यायालय में है उसके लिए न्याय यात्रा निकाल रहे है। अप्पू तिवारी मंगल कालिंदी से पुनः सवाल करते हुए पूछा की कौन सा न्याय यात्रा है जिसमे शराब माफिया ,जमीन माफिया, के आलावे बालू माफियाओं को भी सरंक्षण प्राप्त है इस तरह के और कौन माफियाओं को बढ़ावा देना है बता दीजिए।

कार्यशाला में महिलाओं के अधिकार पर हुई चर्चा

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): कांड्रा के पदमपुर स्थित आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड कंपनी में

महिला कर्मचारियों समेत अन्य महिलाओं के लिए कार्यशाला आयोजित कर उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। बड़ा हरिहरपुर ग्राम स्थित सामुदायिक केंद्र में आयोजित कार्यशाला में महिलाओं को उनके सवैधानिक अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष पिंकी मंडल, गम्हरिया प्रखंड की प्रमुख अनिता टुडू और पंसस लक्ष्मी मुर्मू उपस्थित थी। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों पर बेबाकी से अपने विचार रखे। इस मौके पर कंपनी की महिला कर्मचारी एशा चौधरी, नेहा श्रीवास्तव, सरला हेम्ब्रम सहित कई महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर विभाग के संजीत सिन्हा ने किया।

प्रशिक्षण कोषांग द्वारा जिले के पीठासीन पदाधिकारियों का प्रशिक्षण प्रारंभ

सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता): आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिले में हर स्तर पर तैयारियां जारी है। इसी कड़ी में

प्रशिक्षण कोषांग द्वारा सोमवार को जिले के सभी नौ प्रखंडों के पीठासीन पदाधिकारियों का प्रशिक्षण एनआर जमा दो उच्च विद्यालय में प्रारंभ हुआ। प्रथम पारी में चांडिल, कुकरू, नीमड़ीह एवं ईचागढ़ प्रखंड से 108 पुरुष एवं 19 महिला पीठासीन पदाधिकारी उपस्थित हुए। दूसरी पारी में सरायकेला, खरसावां, राजनगर, कुचाई एवं गम्हरिया प्रखंड के पीठासीन पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी पीठासीन पदाधिकारियों को मतदान के पूर्व, मतदान के दौरान एवं मतदान के पश्चात होने वाली तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी को ईवीएम हैंड्स ऑन कराया गया। बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्हें जोड़ने एवं सीलिंग की प्रक्रिया बताई गई। पोस्टल बैलट द्वारा मतदान करने की प्रक्रिया बारीकी से बताई गई। साथ ही साथ पीठासीन द्वारा छः प्रकार के लिफाफा में भरे जाने वाले अलग-अलग प्रकार के प्रपत्रों एवं सामग्री की विस्तृत जानकारी दी गई।

गम्हरिया पुलिस ने गुम हुए 21 मोबाइल को उनके धारकों को लौटाया

गम्हारिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): गम्हरिया थाना परिसर में सोमवार को एक वितरण समारोह आयोजित कर गुम हुए 21 मोबाइल को उनके धारकों को लौटाया गया। खोया हुआ मोबाइल महीनों बाद वापस मिलने से उनके चेहरे पर मुस्कान लौट आई। बताया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका मोबाइल फिर

वापस मिल पाएगा। लेकिन, गम्हरिया थाना पुलिस के इस प्रयास से ही यह सम्भव हो पाया। इस मौके पर उपस्थित सरायकेला एसडीपीओ सन्तोष मिश्रा ने इसके लिए पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि पुलिस का लगातार प्रयास रहता है कि जनता की समस्या को समाप्त करे। इसी दिशा में जिला पुलिस कार्यरत है। उन्होंने बताया कि गम्हरिया थाना द्वारा अब तक कुल 35 मोबाइल को उनके धारक को लौटाया जा चुका है। एसडीपीओ ने बताया कि इससे पूर्व पुलिस को मोबाइल फोन गिरने या गुम होने से सम्बंधित आवेदन प्राप्त हुए थे जिनके आईएमईआई नम्बर के साथ टेक्नोलॉजी ट्रैकिंग का प्रयोग करते हुए उसकी तालाश की गई। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधन व जिले में साइबर थाना गठित नहीं होने के बाद भी पुलिस की तत्परता से सभी खोए हुए मोबाइल बरामद किए गए।

टाटा स्टील ने किया भारतीय खनन उद्योग के लिए चुनौतियां पर सत्र का आयोजन

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): टाटा स्टील के फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) ने माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमईएआई), भुवनेश्वर - सुकिंदा चैप्टर के लिए भारतीय खनन उद्योग के लिए चुनौतियां और आगे बढ़ने का रास्ता विषय पर

एक तकनीकी सत्र की मेजबानी की।सत्र की अध्यक्षता करते हुए एस.एन. एमईएआई के अध्यक्ष माथुर ने कहा कि एमईएआई सहयोग को बढ़ावा देने और भारतीय खनन उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि देश भर में खनन इंजीनियरों, भूवैज्ञानिकों और संबद्ध पेशेवरों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख पेशेवर निकाय का लक्ष्य भारतीय खनन उद्योग को एक स्थायी और समृद्ध भविष्य की ओर आगे बढ़ाना है। सत्र में भाग लेते हुए, पंकज सतीजा, अध्यक्ष (एमईएआई), भुवनेश्वर - सुकिंदा चैप्टर और कार्यकारी प्रभारी, एफएएमडी, टाटा स्टील ने कहा, एमईएआई सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने, नैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देने और योगदान देकर खान सुरक्षा में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में चैप्टर के उपाध्यक्ष सुधांशु पाटनी, सचिव शंभू नाथ झा, आर.एस. रघुवंशी, संयुक्त सचिव-सह-कोषाध्यक्ष, ए.बी. पाणिग्रही, आर.एन. प्रहराज, एम मुथुकुमारी, शिवराम, अमित दुबे, देवराज तिवारी, नीलाद्री भट्टाचार्जी और क्षेत्र के अन्य नेता आदि उपस्थित थे।

ससुर ने बहू के साथ किया दुष्कर्म, प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : पटमदा के कमलपुर थाना क्षेत्र की एक घटना के बारे में सुनने में भले ही अजीब लगे लेकिन शत प्रतिशत सत्य है। थाना में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार बंगाल सीमा से सटे एक गांव में एक ससुर ने मौका पाकर अपनी पुत्रवधू के साथ पिछले 27 फरवरी को दुष्कर्म किया। फिर इसकी जानकारी अपनी मायके वालों को दिए जाने के बाद गांव में पंचायती हुई। पंचायत में जब इस घटना पर कोई विश्वास करने को राजी नहीं हुए तो पीड़ित महिला ने ससुर द्वारा उनके साथ किए गए कुकृत्य का अपने फोन से किया गया वीडियो दिखाई। फिर पंचायत में निर्णय हुआ कि करीब 56 वर्षीय आरोपी जब तक जीवित रहेंगे अपने पुराने घर में अकेले ही रहेंगे, मुख्य सड़क के किनारे स्थित दुकान सह मकान में नहीं जाएंगे और जुर्माना के तौर पर नकद राशि 20 हजार रुपए पीड़िता को देंगे। इसके अलावा हिंदू धर्म के अनुसार ससुर व बहू को प्रायश्चित करना होगा। लेकिन बहू ने इस फैसले को मानने से इंकार करते हुए शर्त रख दी कि ससुर द्वारा उनके नाम पर दुकान सह मकान को रजिस्ट्री करके देना होगा अन्यथा वह केस करेगी। चूंकि आरोपी के दो बेटे हैं इसलिए उसने ऐसा करने से मना कर दिया। पीड़ित महिला का मायका बोड़ाम थाना क्षेत्र में है और उसके दो बच्चे हैं। उसकी शादी करीब 10 साल पूर्व आरोपी के बड़े बेटे से हुई है। आरोप है कि ससुर ने बहू के साथ कई बार दुष्कर्म किया था इसलिए 27 फरवरी को उसने भी वीडियो बनाने की तैयारी के साथ ससुर को अपने पास आने दिया था और वीडियो के मुताबिक उसमें पीड़िता ने किसी प्रकार का कोई विरोध नहीं जताया। थाना प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर ने बताया कि मामले की लिखित शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने के पश्चात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया एवं उससे पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी को जेल भेजने के बाद पीड़िता का मेडिकल जांच व 164 के तहत बयान दर्ज करवा लिया गया है।

आरएफ डेवलपमेंट लीग में जमशेदपुर एफसी ने मोहन बागान एसजी को 3-0 से हराया

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग के एक रोमांचक मैच में जमशेदपुर एफसी ने मोहन बागान एसजी को 3-0 से हराकर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया. खेल के शुरुआत में ही जमशेदपुर के दबदबे की नींव रख दी गई. चावंगथु लालहरियातपुइया की मदद से तीसरे मिनट में ही शुरुआती गोल करके अपना दबदबा कायम कर लिया. आक्रामक खेल शुरू करने और जमशेदपुर की डिफेंस में सेंध लगाने के मोहन बागान एसजी के साहसिक प्रयासों के बावजूद, मैन ऑफ स्टील दृढ़ता और संयम के साथ हर प्रयास को विफल करते हुए मजबूती से खड़ी रही. जैसे ही पहला हाफ समाप्त हुआ, जमशेदपुर एफसी ने हाफ टाइम की सीटी बजने से कुछ समय पहले 45 प्लस4वें मिनट में बिवन ज्योति लस्कर के शानदार गोल से अपनी बढ़त को और मजबूत कर लिया. दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने अपने प्रयास तेज कर दिए, मोहन बागान एसजी खेल में वापस आने के लिए जीवनरेखा की तलाश में था, जबकि जमशेदपुर एफसी जीत की तलाश में दृढ़ रहा. हालाँकि, यह जमशेदपुर एफसी था जिसने 70वें मिनट में चावंगथु लालहरियातपुइया के दूसरे गोल की मदद से एक बार फिर नेट पर वापसी की और 3-0 की मजबूत बढ़त के साथ अपनी जीत पक्की कर ली. जमशेदपुर एफसी 14 मार्च को बैरकपुर स्टेडियम में ईस्ट बंगाल एफसी का सामना करने के लिए तैयार होकर आत्मविश्वास से भरपूर होगी।

टैगोर सोसाइटी ने 70 उत्कृष्ट महिलाओं को किया सम्मानित

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): टैगोर सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेंट पटमदा की ओर से पटमदा के डाक बंगला परिसर में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू एवं जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा कि 30 -35 साल पहले महिलाएं इतनी जागरूक नहीं थीं। शिक्षा का ही परिणाम है कि आज देश की प्रथम नागरिक महिला है और महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। इस दौरान पटमदा, बोड़ाम, गुड़बंधा प्रखंड से पहुंचे 70 महिला मेट को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से सोसायटी के नंदलाल बॉक्सी, रुपाली बॉक्सी, भीष्म नाथ महतो, पंचानन दास, शरत सिंह सरदार, आदि थे ।

राजा बलि का अभिमान तोड़ने के लिए भगवान ने लिए वामन अवतार : महाराज

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : साकची श्री रामलीला मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन सोमवार को व्यास पीठ से कथावाचक स्वामी सर्वज्ञानन्द महाराज ने श्री बलि वामन भगवान प्रसंग में भगवान विष्णु के पांचवे अवतार की सुंदर कथा भक्तों को सुनाई। कहा भगवान की लीला अनंत है और उसी में से एक वामन अवतार है। उन्होंने कहा कि राजा बलि के अभिमान को तोड़ने के लिए भगवान ने वामन अवतार लिए। राजा बलि की परीक्षा ली और तीन पैरों में सारा संसार नापकर अपने असली रूप का दर्शन दिया। बलि की दान वीरता देखकर वामन देव प्रसन्न हुए और उसे पाताल लोक का राजा बना दिया। प्रसंग सुनकर श्रोता जयकारे लगाने लगे। श्री श्री रामलीला उत्सव समिति द्धारा आयोजित भागवत कथा में चौथे दिन मंगलवार को दोपहर 3 बजे से महाराज जी श्रीकृष्ण लीला, श्री गोवर्धन पूजा, झूला उत्सव, छप्पन भोग, श्रीराम जन्म, श्री कृष्ण जन्म एवं नंदोत्सव की कथा का विस्तार से प्रसंग सुनायेगें।

आर्टिस्ट ऑफ़ जमशेदपुर और स्पार्क ने किया दो दिवसीय कला कार्निवल प्रोग्राम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : करीम सिटी कॉलेज सभागार में आज आर्टिस्ट ऑफ़ जमशेदपुर ने स्पार्क (सोसाइटी फॉर प्रमोटिंग आर्ट एंड कल्चर) के साथ मिलकर दो दिवसीय कला कार्निवल प्रोग्राम का आयोजन किया गया। पहले दिन संगीत और नृत्य की प्रतियोगिता हुआ। इसमें ग्रुप ए - 12 वर्ष, ग्रुप बी 13 - 18 वर्ष और ग्रुप सी - 19 वर्ष और उस से अधिक उम्र के बच्चो ने भाग लिया। तीसरे कैटेगरी ग्रुप सॉन्ग जिसमे उम्र की कोई सीमा नहीं। संगीत प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में करीम सिटी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर पंकज झा और प्रसिद्ध ग़ज़ल गायक मनमोहन सिंह रहे। नृत्य प्रतियोगिता दो कैटेगरी थी। नृत्य प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली में एच.पी मुखी थी जिन्होंने अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया है। इस दौरान सभी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

पौराणिक कला संवर्धन को लेकर छऊ झूमर उत्सव का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ : सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के आदारडीह में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से मानभूम सांस्कृतिक समिति के द्वारा लोक कला एवं संस्कृति के संरक्षण एवं विकास के उद्देश्य से छऊ झूमर उत्सव का आयोजन किया गया। उक्त महोत्सव का उद्घाटन कलादल नेता उस्ताद गंगाधर महतो, उस्ताद सुचांद महतो, उस्ताद विनय प्रकाश मुंडा एवं नागपुरी झूमर के दल नेत्री मनिका तिर्की ने संयुक्त रूप से विधिवत द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विनय प्रकाश मुंडा एवं दल तमाड़ रांची के द्वारा मुंडारी झूमर की शानदार प्रस्तुति किया गया, दूसरे नंबर पर गंगाधर महतो एवं दल के द्वारा नर्तकी संग रास लीला पर आधारित पौराणिक गीत व नृत्य प्रस्तुत किया गया, सुश्री मोनिका तिर्की एवं दल रांची के द्वारा नागपुरी झूमर की प्रस्तुति की गई एवं अंतिम प्रस्तुति उस्ताद सुचांद महतो एवं दल चोगा के द्वारा मानभूम छऊ नृत्य की प्रस्तुति से दर्शक को भाव विभोर कर दिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी उमाकांत महतो, कमला कांत महतो, राजेन सिंह मुंडा, ठाकुर दास महतो, प्रभात कुमार महतो, घासीराम महतो गुलाब सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

रमजान में बिजली कट को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल मिले बिजली विभाग जीएम से, सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल आज बिजली विभाग के जीएम सरवन कुमार को ज्ञापन सौंपा। मौके पर जीएम सरवन कुमार को कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्याय सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान ने बताया कल से रमजान उल मुबारक का महीना शुरू होने जा रहा है। इस महीने में अफतार, तराबी और शहरी का बहुत ही अहतमाम किया जाता है शाम 5ः30 बजे से लेकर रात 10ः30 बजे तक और रात 3ः00 से लेकर सुबह 6ः00 तक लाइट नहीं काटा जाए। मैनेजर सरवन कुमार ने आश्वासन दिया है इन टाइम में लाइट नहीं काटा जाएगा। किसी आपात स्थिति में ही लाइट काटा जा सकता है। आज प्रतिनिधि मंडल में झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी के विशेष आमंत्रित सदस्य रियाजुद्दीन खान, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह कांग्रेस पार्टी के कार्यालय प्रभारी संजय सिंह आजाद, जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान, जिला कांग्रेस के कोषाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, हाजी अब्दुल लतीफ, मोहम्मद आदिल खान, मोहम्मद नूर आलम, मोहम्मद नूरजमा, मोहम्मद नवाब आदि मौजूद थे।

विधायक दशरथ गागराई ने 23 करोड़ के योजनाओं का किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरसावां : खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने सोमवार को खरसावां व सरायकेला प्रखंड में 23 करोड़ रुपए के विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया. जिसमे बहुप्रतीक्षित खरसावां शहीद पार्क के सौंदर्यकरण योजना के पहले फेज के कार्यों का शिलान्यास किया. इस पर करीब 7 करोड़ की लागत आएगी. बताया गया की इस योजना के दूसरे फेज में और भी योजनाएं ली जाएगी. खरसावां के बरजूडीह में करीब तीन करोड़ की लागत पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. इसके आलावा 5.54 करोड़ की लागत से खरसावां के भाटी चौक से बंदीराम होते हुए चिलकु तक सड़क जीर्णोधार कार्य, 6.56 करोड़ की लागत से खरसावां के आकर्षणी से गोजुडीह होते हुए हंसदा तक सड़क जीर्णोधार कार्य, 1.99 करोड़ की लागत से सरायकेला के मुरुप रेलवे स्टेशन से सिनुडीह तक सड़क जीर्णोधार कार्य का शिलान्यास किया. विधायक दशरथ गागराई ने सरायकेला के सीनी व रांककोचा में 24- 24 लाख रुपए की लागत से बनने वाले आदिवासी कला संस्कृति भवन, कंचनपुर में 22.5 लाख की लागत से सरना स्थल घेराबंदी कार्य का शिलान्यास किया. साथ ही 20 लाख की लागत से रांकाकोचा तथा 24- 24 लाख की लागत से सेंरेगदा व पदमपुर गांव में निजी तालाब निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. इस दौरान मुख्य रूप से आदिवासी हो समाज के केंद्रीय अध्यक्ष कृष्ण चंद्र बोदरा,जिलाधक्ष सावित्री कुदादा, जिला परिषद सदस्य काली चरण बानरा,विधायक प्रतिनिधि मांगीलाल, नायडू गोप, अनूप सिंहदेव, मनोज सोय, संजय प्रधान,रानी हेंब्रम, भावेश मिश्र, सुनीता तापे, धनु मुखी, खिरोद महतो, अरूप जामुदा, राजू मुस्ताक, दिनेश महतो समेत काफी संख्या के पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आधुनिक पावर में सुरक्षा के प्रति सचेत श्रमिकों और इंजीनियरों को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : सुरक्षा नियमों को पुख्ता रूपेण लागू करने और अपनाने के लिए जिले के पदमपुर स्थित बिजली उत्पादन करने वाले संयंत्र आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड के ऑपरेशन्स विभाग को सुरक्षा सप्ताह के समापन पर सर्वश्रेष्ठ विभाग घोषित किया गया। कंपनी द्वारा 53वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सुरक्षा सप्ताह का समापन सोमवार को हुआ। इस दौरान कई कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सोनाराम हेम्ब्रम को सबसे सचेत श्रमिक और ऑपरेशन्स विभाग के राहुल कुमार को सबसे जागरूक इंजीनियर घोषित किया गया जबकि पावर ग्रुप को सुरक्षा जागरूक संवेदक के ख़िताब से नवाजा गया। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों, संवेदकों व कर्मचारियों के बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। सुरक्षा सप्ताह दौरान आयोजित चित्रांकन व सुरक्षा स्लोगन प्रतियोगिता में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था। मौके पर कम्पनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण कुमार मिश्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि किसी भी संगठन या उद्योग के लिए औद्योगिक सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। मौके पर कंपनी के पदाधिकारी एमएन सिंह, राजेश कुमार शर्मा, अमल वैद्य, एनएसपी राव, अजय मनोहर बांगड़े आदि ने भी अपना-अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज आचार्यी, बिदेश बिद सहित सुरक्षा विभाग के सभी कर्मचारियों का सहयोग रहा।

होली को लेकर पटमदा व कमलपुर थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

पटमदा : होली के मद्देनजर सोमवार को पटमदा व कमलपुर थाना में बीडीओ सह सीओ पियूषा शालीना डोना मिंज की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान बीडीओ ने उपस्थित सदस्यों से कहा कि रंगों का त्योहार होली शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा कि बेवजह किसी को रंग न लगाएं। उन्होंने सदस्यों से सोशल मीडिया पर किसी तरह की अफवाह या अनावश्यक मैसेज या फोटो को शेयर नहीं करने के लिए लोगों को जागरूक करने एवं पुलिस-प्रशासन को सूचित करने की अपील की। जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो ने कहा कि यहां किसान और मजदूर वर्ग के लोगों की संख्या अधिक है इसलिए कोई भी मामले में केस दर्ज करने से पहले एक बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संवाद कर लें ताकि बेवजह गरीब लोगों को कोर्ट का चक्कर लगाना न पड़े। पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार को संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें।

टाटा स्टील यूआईएसएल ने महिला दिवस पर 105 महिला कर्मचारियों को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : टाटा स्टील यूआईएसएल ने बेल्डीह क्लब मेन हॉल में एक जीवंत कार्यक्रम आयोजित करके अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस दौरान 105 महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर निवेदिता सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील यूआईएसएल के एमडी रितु राज सिन्हा की उपस्थिति में उपस्थित थीं, विशेष आमंत्रितों में छह बार की स्टेट चैंपियन, निपुण नेहा तंतुबाई और बॉक्सिंग में तीन बार की स्टेट चैंपियन स्निग्धा श्री शामिल थीं ।टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा ने सभा को संबोधित किया साथ ही, कार्यस्थल में महिलाओं के महत्व पर जोर दिया और उनके अमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया ।समारोह की शुरुआत केक काटने के साथ हुई, साथ ही कार्यक्रम में मौज-मस्ती और उल्लासपूर्ण खेलों से भरा एक जीवंत माहौल स्थापित हुआ ।

अपर उपायुक्त संजय कुमार दास ने पदभार ग्रहण किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : सरायकेला खरसावां जिले के 15 वें अपर उपायुक्त के रूप में सोमवार को संजय कुमार दास ने रविन्द्र गगराई से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण पश्चात उन्होंने कार्यालय प्रकोष्ठ मे एक परिचयात्मक बैठक में अपने अधीनस्थ कार्यालय कर्मचारियों के साथ बात चीत की। पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों से सार्वजनिक महत्व के कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर करने का आग्रह किया।उन्होंने कहा सरकार जन हित मे कई कल्याणकारी योजनाए संचालित कर रही है, हमारी प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि सभी योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिले तथा योजनाओं को निश्चित समयावधी मे क्रियान्वयन किया जा सके।

कमलपुर में पांच दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : पटमदा के कमलपुर गांव स्थित सार्वजनिक हरि मंदिर में रविवार की सुबह से पांच दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू हुआ है। इस संबंध में गांव के स्नेहाशीष महतो ने बताया कि कमलपुर पंचायत के अलावा आसपास के गांवों में काफी उत्साह का माहौल है। पहले दिन विभिन्न गांवों के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होकर हरिनाम का श्रवण किया। इसमें पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों के अलावा आसपास के 6 कीर्तन मंडली हरिनाम का मधुर रस घोल रही है। कीर्तन मंडलियों में बांकुड़ा जिले की राम लक्ष्मण महंत की टीम व तपन दास की टीम, पुरुलिया जिले के पूरन राय, पड़ासिबना महिला संप्रदाय, आचार्य हरिनाम संप्रदाय, केलियादाग (चंदनकियारी) एवं अधिकारी संप्रदाय कमलपुर शामिल हैं। हरिनाम संकीर्तन के दूसरे दिन पटमदा उत्तरी के जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो ने पत्नी बिंदुवाला महतो के साथ मंदिर में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया।मौके पर कमलपुर के मुखिया जामिनी बेसरा, जयदेव बोस, स्वपन गोप, मुटुक गोराई, शक्तिपद तिवारी, गोपाल षड़ंगी, चंद्रनाथ राजवाड़, महादेव महतो, मनोरंजन गोराई, हरेकृष्ण गोराई, सुकुमार गोराई, तरणी मुदी, अवधेश मुदी, स्नेहाशीष महतो, सुभाष रुहिदास, संजय पाणी, प्रणव दास, प्रशान्त राजवाड़ व धनंजय राजवाड़ आदि मौजूद थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संपादकीय

370 के बाद कश्मीर

जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के साढ़े चार साल बाद प्रधानमंत्री मोदी पहली बार कश्मीर घाटी में गए, तो फिजाएं बदली हुई थीं। प्रधानमंत्री जम्मू और लद्दाख क्षेत्रों में जाते रहे हैं, लेकिन घाटी में पहुंचना उनके लिए भी चुनौती थी। बहरहाल अब 'जन्नत' का नैसर्गिक रूप खिल रहा है। कश्मीर घाटी मन और सोच से भाजपा-विरोधी रही है, लेकिन अब 'हम हिंदुस्तानी हैं', 'भारत माता की जय' के नारे बुलंद थे। असंख्य लोगों को एक स्वर में उद्घोष करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। अक्सर राजनीतिक जनसभाएं प्रायोजित होती हैं, भीड़ को लाया जाता है, लेकिन टीवी चैनलों पर आम कश्मीरी के बोल सुने, तो एकबारगी लगा कि कश्मीर अब खुलकर सांस लेने लगा है। आतंकवाद की घटनाओं में 73 फीसदी की कमी आई है। नागरिकों की मौतें 81 फीसदी तक कम हुई हैं। अलगाववाद का खात्मा इसी से साफ है कि अब घाटी में दुकान, बाजार, फैक्टरी, स्कूल-कॉलेज आदि को बंद कराने वाली आवाजें खामोश हैं। पत्थरबाजी की घटनाएं 'शून्य' हैं। शारदा मंदिर में इस बार दीपावली मनाई गई। सिनेमा हॉल खुल चुके हैं। दलितों, स्थानीय समुदायों को आरक्षण मिला है और महिलाओं के संवैधानिक अधिकार बहाल किए जा चुके हैं। कश्मीरी महिलाएं अपना जीवन-साथी 'गैर कश्मीरी' को भी चुन सकती हैं। औरतों को संपत्ति खरीदने की आजादी है। अब उनकी पैतृक संपत्ति में भी हिस्सेदारी तय है। अब कश्मीर में जी-20 की बैठकें हुईं, तो विदेशी प्रतिनिधियों ने नए कश्मीर को देखा और आनंद लिया। बीते साल 2 करोड़ से अधिक पर्यटक कश्मीर की हसीन, खूबसूरत वादियों का सुख लेने आए, तो सरकार ने 30 सालों के लिए पीपीपी मॉडल पर अपनी 11 संपत्तियों को आउटसोर्स करने की योजना बनाई। होमस्टे पर खास जोर दिया जा रहा है। चूंकि लोगों की आवाजाही खुली और बढ़ी है, तो डल झील का नूरानी सौंदर्य भी लौट आया है। कश्मीरी पश्मीना शॉल, साडियों और सलवार-कमीज जैसे वस्त्रों का निर्यात बहाल हुआ है। कश्मीरी कहवा और केसर के निर्याती बाजार भी खुल चुके हैं। जाहिर है कि अर्थव्यवस्था फलने-फूलने लगी होगी। कश्मीर घाटी अब देश की मुख्यधारा से जुड़ कर अनुच्छेद 370 का इतिहास और अतीत भूल चुकी है। किसी पारिवारिक सियासत का हिस्सा 370 अब भी होगा, लेकिन आम कश्मीरी का कोई विरोध नहीं है। उसे सिर्फ विकास और रोजगार की दरकार है। वह इससे खुश और देश से जुड़ा महसूस करता है कि 53 विकास योजनाओं का लोकार्पण प्रधानमंत्री ने घाटी में किया। गांव-गांव तक 10 फुट की सडक़ें बन रही हैं। करीब 25,000 खिलाडियों ने खेल मुकाबलों में हिस्सा लिया। कई खिलाड़ी तो राष्ट्रीय टीमों के सदस्य हैं। करीब 15 लाख परिवारों को 'पानी' मुहैया कराया गया। सबसे अहम यह है कि राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' फिजाओं में लहरा रहा है और भारत का संविधान, संसद द्वारा पारित किए गए कानून अब जम्मू-कश्मीर में भी प्रभावी और प्रासंगिक हैं। कश्मीर में दो एम्स खुल चुके हैं, जाहिर है कि स्वास्थ्य भी सरकार के लिए अहम सरोकार है। ये तमाम उपलब्धियां और बदलाव एक ही दौर की देन नहीं हैं और न ही किसी व्यक्ति-विशेष से जुड़ी हैं। यह बीते 10 साल का यथार्थ है, जो कश्मीर में अब मूर्त रूप ले रहा है। बेशक इनकी सूत्रधार भारत सरकार रही है और सर्वोच्च अदालत ने भी दखल देकर 370 की पेचीदगियों को खोला है। प्रधानमंत्री मोदी भी श्रेय के पात्र हैं, जिन्होंने ऐसी योजनाएं बनवाईं और उन्हें लागू करवाया। हालांकि आतंकवाद अब चंद इलाकों में सिमटा है।

कश्मीर घाटी मन और सोच से भाजपा-विरोधी रही है, लेकिन अब 'हम हिंदुस्तानी हैं', 'भारत माता की जय' के नारे बुलंद थे। असंख्य लोगों को एक स्वर में उद्घोष करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। अक्सर राजनीतिक जनसभाएं प्रायोजित होती हैं, भीड़ को लाया जाता है, लेकिन टीवी चैनलों पर आम कश्मीरी के बोल सुने, तो एकबारगी लगा कि कश्मीर अब खुलकर सांस लेने लगा है। आतंकवाद की घटनाओं में 73 फीसदी की कमी आई है। नागरिकों की मौतें 81 फीसदी तक कम हुई हैं। अलगाववाद का खात्मा इसी से साफ है कि अब घाटी में दुकान, बाजार, फैक्टरी, स्कूल-कॉलेज आदि को बंद कराने वाली आवाजें खामोश हैं। पत्थरबाजी की घटनाएं 'शून्य' हैं। शारदा मंदिर में इस बार दीपावली मनाई गई। सिनेमा हॉल खुल चुके हैं। दलितों, स्थानीय समुदायों को आरक्षण मिला है और महिलाओं के संवैधानिक अधिकार बहाल किए जा चुके हैं। कश्मीरी महिलाएं अपना जीवन-साथी 'गैर कश्मीरी' को भी चुन सकती हैं। औरतों को संपत्ति खरीदने की आजादी है। अब उनकी पैतृक संपत्ति में भी हिस्सेदारी तय है। अब कश्मीर में जी-20 की बैठकें हुईं, तो विदेशी प्रतिनिधियों ने नए कश्मीर को देखा और आनंद लिया। बीते साल 2 करोड़ से अधिक पर्यटक कश्मीर की हसीन, खूबसूरत वादियों का सुख लेने आए, तो सरकार ने 30 सालों के लिए पीपीपी मॉडल पर अपनी 11 संपत्तियों को आउटसोर्स करने की योजना बनाई। होमस्टे पर खास जोर दिया जा रहा है।

विपक्ष के हमले पर पलटवार करते हुए पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया

'मोदी का परिवार' अभियान विपक्षी दलों के लिये चुनावों में भारी पड़ सकता है

ललित गर्ग

बिहार की राजधानी पटना में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के बयान कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास परिवार ही नहीं है। वो हिंदू नहीं हैं। हिंदू अपनी मां के श्राद्ध में दाढ़ी-बाल बनवाता है। मोदी की माताजी का जब देहांत हुआ तो उन्होंने बाल-दाढ़ी क्यों नहीं बनवाया? इस तरह के बेतुके, आधारहीन एवं अमर्यादित बयान के विरोध में पूरी भारतीय जनता पार्टी उतर आई है। अब भाजपा और विपक्षी दलों के बीच 'परिवारवाद' के मुद्दे पर वार-पलटवार जारी है। मोदी के परिवार एवं विपक्षी दलों के परिवारवाद को लेकर बड़ी बहस चल रही है लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को विपक्ष के एक आरोप 'चौकीदार चोर है' का भारी लाभ मिला था, तब भाजपा ने 'मैं भी चौकीदार' अभियान चलाया था। उसी तरह वर्ष 2024 के आम चुनाव से पूर्व 'मोदी का परिवार' अभियान शुरू कर दिया है, जिसका भाजपा को भरपूर लाभ मिल सकता है, विपक्षी दलों की इस भूल के कारण भाजपा न केवल 370 सीटों के लक्ष्य को हासिल करेगी, बल्कि उनका गठबंधन 400 से पार जायेगा। निश्चित ही चुनाव का समय बहुत संवेदनशील होता है, जिसमें विवादित एवं व्यक्तिगत बयानों से बचना जरूरी होता है। विशेषतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और उनकी चुनावी रणनीति से भड़के कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव एवं विपक्षी दलों के नेता अपनी जुबान संभाल नहीं पा रहे। जैसे-जैसे मोदी एवं भाजपा का चुनावी अभियान तीक्ष्ण, उग्र एवं नियोजित होता जा रहा है, वैसे-वैसे उनके प्रति विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने परिवार ना होने को लेकर विपक्ष के हमले पर पलटवार करते हुए पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक खुली किताब बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम उम्र में ही घर छोड़ दिया था। लगता है मोदी के परिवारवादी राजनीति के बयानों का विपक्ष के पास कोई प्रभावी जवाब नहीं है, तभी ऐसे बचकाने बयानों से दूषित राजनीति करने से विपक्षी दल स्वयं को बचा नहीं पा रहे हैं, दूसरी ओर मोदी ने ऐसे राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं एवं दलों के अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट का उनका

चरित्र समान है। प्रधानमंत्री मोदी ने लालू के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे इंडी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। मोदी निश्चित रूप से एक बड़े 140 करोड़ लोगों के परिवार से जुड़े हुए हैं। देश की जनता के सामने मोदी का जीवन खुली किताब जैसा है। देशवासी मोदी को भली-भांति जानते हैं, समझते हैं। उनकी पल-पल की खबर रखते हैं। देर रात तक अगर मोदी काम करते है तो देश से लाखों लोग उन्हें इतना काम नहीं करने एवं कुछ आराम करने की सलाह देते हैं, यह प्यार है मोदी परिवार का उनके प्रति। निश्चित ही मोदी ने एक सपना लेकर बचपन में घर छोड़ा था। वे देशवासियों के लिये जीने का एक सपना लेकर चले थे। मोदी का कोई निजी सपना नहीं है, देश एवं देशवासियों के सपने ही उनके संकल्प हैं। इसलिए देश के 140 करोड़ लोग ही उनका परिवार हैं, जिसमें युवा, बेटियां, बुजुर्ग सभी हैं। जिनका कोई नहीं है, उनके मोदी हैं। मेरा भारत मेरा परिवार, इसी भावना का विस्तार लेकर वे सपनों को सच के साथ सिद्ध करने के लिए जी रहे हैं। पूरा देश मोदी का परिवार है। भाजपा के बड़े नेताओं ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखने का एक महा-अभियान शुरु कर दिया है, जो विपक्षी दलों के लिये भारी पड़ने वाला है। चुनाव के माहौल में विपक्षियों के बयान को भाजपा ऐसा मुद्दा बना लेती है, जिससे खुद विपक्षी नेता घिरते नजर आते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में रफाल की डील को लेकर जब राहुल गांधी ने 'चौकीदार चोर है' कहा तो भाजपा ने 'मैं भी चौकीदार' की ऐसी मुहिम चलाई कि वह विपक्ष पर ही भारी पड़ी। लालू के बयान के बाद अब 'मोदी का परिवार' मुहिम को भाजपा उसी तरह फोकस कर रही है। भाजपा नेताओं के मुताबिक, यह पूरी मुहिम चुनाव प्रचार के दौरान भी दिखाई देगी। यह अभियान चुनाव तक जारी रहेगा। भाजपा कांग्रेस सहित विपक्षी गठबंधन पर परिवारवाद को लेकर निशाना साधती रही है। हाल ही में हुए भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में भी गृहमंत्री अमित शाह ने परिवारवाद को लेकर विपक्ष पर खूब तंज कसा था। लोकसभा के आखिरी सत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने परिवारवाद क्या है, इसकी पूरी परिभाषा ही दे डाली थी। अब जब लालू यादव का मोदी को लेकर बयान आया तो भाजपा परिवारवाद पर और उग्र हुई है। नरेन्द्र मोदी के दर्शन, उनकी व्यापक सोच, उनके विकासमूलक कार्यक्रमों, उनके व्यक्तित्व, उनकी बढ़ती ख्याति व उनकी कार्य-पद्धतियां पर विपक्षी दल एवं उनके नेताओं द्वारा कीचड़ उछालने की हदें पार हो रही हैं, उनके खिलाफ अमर्यादित भाषा का उपयोग हो रहा है, चुनावी सभाओं एवं चर्चाओं में भाषा की मर्यादा बिखर रही है, लेकिन मोदी अपने उद्बोधन में भाषा की मर्यादा को कायम रखते हुए कड़वे सच एवं यथार्थ को भी शालीनता एवं सहजता से परोस रहे हैं। विपक्ष के बेतुके बयानों एवं आरोपों से चुनावी परिदृश्य पल-पल बदलते हुए भाजपा की जीत को सहज बना रहे हैं। देखा जाये तो प्रधानमंत्री ने समूचे देश को अपना परिवार कहकर विपक्ष के बुने जाल में फंसने की बजाय उसके इरादों पर पानी फेर दिया कि ऐसे अशालीन एवं बचकाने बयानों से उन्हें हराया नहीं जा सकता। उनके इस कथन का कोई मतलब है तो यही कि विपक्ष जो कुछ कहने और सिद्ध करने की कोशिश कर रहा है, उसमें कोई दम नहीं। क्या अब भी विपक्ष मोदी को निशाना बनाने से परहेज करेगा, राहुल गांधी, लालू एवं विपक्ष अपनी ऐसी ही बेवकूफी से अपनी ही जड़ें खोद रहा है। क्योंकि मोदी को निशाना बनाने की राजनीति विपक्ष के लिये हमेशा नुकसानदायी रही है, मोदी अधिक चमके हैं, अधिक सशक्त बने हैं। इसका जवाब भी मोदी ने ही दिया कि भारतीय समाज नकारात्मकता को सहन कर लेता है, स्वीकार नहीं करता है।' आज जैसे बुद्धिमानी एक "वैल्यू" है, वैसे ही बेवकूफी भी एक "वैल्यू" है और मूल्यहीनता के दौर में यह मूल्य काफी प्रचलित है। लेकिन आज के माहौल में इस "वैल्यू" को फायदेमंद मानना राजनीति की एक अपरिपक्वता एवं नासमझी ही कही जायेगी।

मोदी के परिवार एवं विपक्षी दलों के परिवारवाद को लेकर बड़ी बहस चल रही है लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को विपक्ष के एक आरोप 'चौकीदार चोर है' का भारी लाभ मिला था, तब भाजपा ने 'मैं भी चौकीदार' अभियान चलाया था। उसी तरह वर्ष 2024 के आम चुनाव से पूर्व 'मोदी का परिवार' अभियान शुरू कर दिया है, जिसका भाजपा को भरपूर लाभ मिल सकता है, विपक्षी दलों की इस भूल के कारण भाजपा न केवल 370 सीटों के लक्ष्य को हासिल करेगी, बल्कि उनका गठबंधन 400 से पार जायेगा।

दृष्टि कोण

संस्कृति पर मंडराते संकट के बादल

'जलेष्मेव जयमहे' अर्थात जल में जीतना चाहिए। संस्कृत का यह ध्येय वाक्य विश्व की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी में शुमार करने वाले देश इंडोनेशिया की नौसेना का है। 'बुद्धि सर्वत्र भ्राजते' यानी बुद्धि सर्वत्र प्रकाशमान होती है। यह आदर्श वाक्य श्रीलंका के कोलंबो विश्वविद्यालय का है। थाईलैंड का राष्ट्रीय प्रतीक 'गरुड़' है। कोई भी राष्ट्र अपनी संस्कृति व परंपराओं से कितनी मोहब्बत करता है, थाईलैंड व इंडोनेशिया इसका उदाहरण हैं। दोनों देशों में अलग-अलग मजहब होने के बावजूद वहां के लोगों ने अपने पूर्वजों की हजारों वर्ष पुरानी सनातन संस्कृति का त्याग नहीं किया। इतिहास साक्षी है कि अपनी तहजीब को भूलने व विरासतों को नजरअंदाज करने वाले मुल्कों को अपना वजूद बचाने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ी है। भारत का हमसाया मुल्क पाकिस्तान इसका उदाहरण है। अनादिकाल से ज्ञान व विज्ञान के शिखर को छूने वाला भारत अपने दार्शनिकों द्वारा स्थापित मानवता के सिद्धांतों तथा ऋषियों द्वारा रचित वैदिक साहित्य व आध्यत्मिक ज्ञान संपदा का वारिस रहा है। भारत के महान विचारकों व विद्वानों द्वारा स्थापित सिद्धांतों की बुनियाद पर ही भारतीय संस्कृति का अस्तित्व आज तक सुरक्षित है। हिंदोस्तान की सरजमीं से बर्तानिया बादशाही का निजाम सात दशक पूर्व रुखसत हो गया, परंतु पश्चिमी तहजीब व अंग्रेजों की कई रिवायतें भारत में आज भी कायम हैं। युवा वर्ग से लेकर उम्रदराज लोगों तक पश्चिमी तहजीब का खुमार हावी हो चुका है। भारतीय समाज की विविध परंपराओं, भाषा, खानपान, लिबास तथा शिक्षा व्यवस्था तक अंग्रेजी संस्कृति का वर्चस्व कायम हो चुका है। रोजमर्रा की कई विदेशी चीजें हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुकी हैं। विदेशी कंपनियां देश के बाजारों को अपनी जद में ले चुकी हैं। विदेशी कोचों के बिना देश की खेल व्यवस्था अधूरी रहती है। जन्मदिन से लेकर शादी समारोह, शादी सालगिरह व त्योहारों तक विदेशी तहजीब की झलक देखने को मिलती है। मधुशालाओं में सजी शीशे की बोतलों में अंगड़ाई लेती आब-ए-तल्ख विदेशी कंपनियों की है। कई होटलों में नौजवानों का खैरमकदम करने वाली हुक्का बारों की नशीली महफिल तथा अमीरों के शहजादों से सजी व महंगे नशे के लिए कुख्यात रेव पार्टियों की बज्म-ए-अंजुम मगरिब की बेगैरत तहजीब का आईना है। इश्क-ओ-मोहब्बत का इजहार करने के लिए मगरिब की रंगत में रंगा वेलेंटाइन डे अजीब किस्म के लुत्फ से मनाया जाता है। मुल्क के निजाम पर हुक्मरानी करने वाली अफसरशाही की फितरत, नजरिया व शौक अंग्रेजों वाले हैं। पर्यटकों तथा बालीवुड के अदाकारों के लिए शूटिंग का लोकप्रिय डेस्टिनेशन पश्चिमी देश हैं। पश्चिमी संगीत के आगे पारंपरिक लोकगीतों व वाद्ययंत्रों की सरगम लुप्त हो रही है। शास्त्रीय संगीत अपने वजूद को तलाश रहा है। विदेशी खानपान के बढ़ते प्रचलन से पारंपरिक खाद्य व्यंजनों की लज्जत फीकी पड़ रही है। नववर्ष का जश्न अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार ही मनाया जाता है। समाज को सभ्य व संस्कारी बनाने के लिए हमारे वैदिक ऋषियों ने कई नियम, सिद्धांत व मर्यादाएं तय की थीं। हजारों वर्ष पूर्व तत्वज्ञानी आचार्य महर्षि 'श्वेतकेतु' ने कड़े परिश्रम से सनातन धर्म में विवाह संस्कार का मसौदा तैयार किया था। भारतवर्ष की घोषा, अपाला, सूर्या सावित्री, सुवर्चला व ब्रह्मवादिनी विश्ववारा जैसी विदुषी ऋषिकाओं ने भी विवाह प्रणाली की स्थापना के लिए वैदिक विवाह परंपरा को विधिवत स्वरूप देने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। लेकिन विडंबना है कि मनुष्य के पुरुषार्थ व चरित्र निर्माण में अहम संस्कारों की बुनियाद रखने वाले सनातन के ध्वजवाहक महान आचार्य व ऋषिकाएं भारतीय इतिहास से गुम हो गए। वैदिक मंत्रोच्चार से अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे व सात वचनों से सम्पन्न सात जन्मों तक का बंधन निभाने वाले दिव्य संस्कार विवाह को अनुबंध के तौर पर माना जाने लगा है। संगीन जुर्म व अभद्रता का पर्याय बन चुकी लिव इन रिलेशनशिप तथा सभ्य समाज के लिए नामंजूर समलैंगिक विवाह जैसी बेमुरब्बत कुरीतियां पश्चिम की देन हैं। कन्या पूजन वाले देश भारत में बालिकाश्रम व अनाथालयों की संख्या बढ़ रही है। परिवार की शान रहे बुजुर्गों के लिए वृद्धाश्रम में कयाम अंग्रेजी तहजीब का ही आयाम है। हालांकि जीवन में घनिष्ठ संबंध रखने वाले भारतीय संस्कृति के कई संस्कार वैश्विक स्तर पर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। कई देशों में लोग स्वस्थ रहने के लिए ऋषियों की विरासत योग, आयुर्वेद व शाकाहारी भोजन को अपनाकर भारतीय संस्कृति का अनुकरण बड़े अदब से कर रहे हैं। मानसिक शांति के लिए भारतीय दर्शन का अध्ययन व आध्यात्मिक ज्ञान का सहारा लिया जा रहा है।

रामगढ़ आस-पास की खबरें

चेकडैम का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण हो, सुदूरवर्ती आदिवासी इलाके को मिलेगा पूरा लाभ : विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रजरप्पा : रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत दोहाकातू पंचायत के वमनकट्ठा नाला पर चेक डैम का शिलान्यास किया गया जिसके मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी द्वारा शीला पट्ट का अनावरण कर आधारशिला रखी, मौके पर शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती इलाका के आदिवासी बहुत क्षेत्र में चेक डैम का निर्माण किया जा रहा है जिसका गुणवत्ता पूर्ण कार्य होना चाहिए, पंचायत के आदिवासी बहुल ग्रामीण जनता को चेक डैम का निर्माण होने से बहुत तरह का सुविधा मिलेगी ग्रामीण लोग अपना जीवन बसर कृषि पर ही निर्भर करते हैं भी कृषि पर आश्रित रहता हैं और जब निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा तथा जल जमाव होने से यहां के ग्रामीणों को खेती बाड़ी करने और कृषि कार्य करने में बेहतर सुविधा मिल पाएगी, पूरे विधानसभा के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पानी बिजली शिक्षा स्वास्थ्य एवं सड़क

की सुविधा सुदृढ़ की जाएगी जिससे आम जनों को हर तरह की सुविधा मिलेगी,पंचायत की मुखिया कलावती देवी ने बताया कि बरसों से उपेक्षित मांग को आज रामगढ़ के विधायक सुनीता चौधरी ने धरातल पर उतारने का काम किया है प्राकलित राशि 50 लाख 17 हज़ार 8 सौ की लागत से चेक डैम का निर्माण कराया जाएगा जिससे पंचायत वासियों को निर्माण कार्य पूर्ण होने पर बहुत बड़ा एक वरदान साबित हुआ है,नदीऔर नाला का पानी को ठहराव के बाद स्नान ध्यान के अलावे कृषक सिंचाई हेतु कार्य कर सकेंगे तथा जंगली क्षेत्र में वास करने वाले विभिन्न तरह के पशु पक्षियों को पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध मिलेगा और इसका सीधा लाभ ग्रामीण उठा पाएंगे इस मौके पर रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, पंचायत की मुखिया कलावती देवी वार्ड सदस्य जयप्रकाश महतो, प्रदीप महतो, अजय महतो, रूपलाल बेदिया, रवीना देवी, सुचिता देवी, मुख्य रूप से शामिल थे,लघु सिंचाई प्रमंडल रामगढ़ विभाग जल संसाधन के द्वारा चेक डैम निर्माण का काम किया जा रहा है इस मौके पर जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता अशोक कुमार महतो कन्या अभियंता अजय कुमार आजसू एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेश करमाली प्रशांत महतो, ठेकेदार बशीर कंस्ट्रक्शन संवेदक प्राइवेट लिमिटेड बासित अंसारी रामगढ़ पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बबलू करमाली, सुगनी देवी बालकिसुन बेदिया, सही तर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

तीन महीना से ड्राई जॉन में पानी ठप करने के विरोध में भारतमाला परियोजना कार्य को किया ठप

जल्द से जल्द पानी सप्लाई पाइपलाइन को ठीक करें ठिकेदार नहीं तो करेंगे उग्र आंदोलन : नूरुल्हा अंसारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

गोला : गोला प्रखंड क्षेत्र से हो कर गुजर रही एक्सप्रेसवे हाईवे सड़क निर्माण के ठिकेदार (भारतमाला परियोजना) ने पानी सप्लाई की पाइप को विगत तीन महीना से तोड़ दिया है। जिसके कारण ड्राई जॉन महलीडीह जाँगी टूटा टोला करमाजारा करमाली टोला मगनपुर के केंदुवाटोला गोठवर टोला सुतरी पंचायत के रोला गांव में पेय जल संकट उत्पन्न हो गया है। पेय जल संकट से नाराज मगनपुर रोला महलीडीह जांगी टूटाटोला के सैकड़ो महिला पुरुष ने एक्सप्रेस वे हाईवे सड़क निर्माण कार्य को ठप कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पहले पानी दो फिर कम करो का नारा लगाकर जमकर विरोध किया। ग्राम पंचायत के मुखिया का कहना है कि मैं इस सड़क निर्माण में मौजूद जिम्मेदार व्यक्तियों से कई बार मौखिक रूप से बात किया लेकिन हर बार आश्वासन देकर टालमटोल किया गया। आज सुबह ग्रामीणों ने मुझे आवेदन

देकर पानी की मांग किया। तब मैं ग्रामीण को बताया कि हमने कई बार ठिकेदार को मौखिक रूप से पानी की मांग किया है। लेकिन मुझे हर बार टालमटोल किया गया है इसलिए आज हमलोग सभी इस निर्माण कार्य को ठप कर देंगे। तब जाकर मुखिया के नेतृत्व में कार्य को ठप करने किया गया। मुखिया का कहना है कि पहले पानी दो फिर काम करो। निमार्ण कार्य को बंद कर भारतमाला परियोजना के ठेकेदार का ध्यान आकृष्ट करने का निर्णय लिया गया। लगभग चार घंटा कार्य ठप होने के बाद परियोजना के अधिकारी ग्रामीणों के बीच धरना स्थल पहुंचा।ठिकेदार के पहुंचते ही ग्रामीण जय झारखंड,पहले पानी दो फिर पकाम करो का नारा लगाकर विरोध किया। ठिकेदार से पानी सप्लाई शुरू करने को लेकर ग्रामीणों ने अड़े रहे। पंचायत के मुखिया मो नूरुल्हा अंसारी ने सभी ग्रामीणों काफी मशक्कत से समझाया तब जा कर वार्ता पर सहमति बनी। सभी ग्रामीणों के बीच परियोजन के अधिकारी ने कहा कि मगनपुर केंदुवा टोला और रोला का पानी दो दिन में शुरू करवा दूंगा। वही महलीडीह जांगी टूटाटोल के लिए मुझे अगले रविवार तक का समय लगेगा। जिससे ग्रामीण भड़क गए लेकिन पंचायत मुखिया मोहम्मद नुरुल्लह अंसारी के समझाने पर रविवार तक पानी सप्लाई करने पर बात बनी। वार्ता में मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया मो नुरुल्हा अंसारी समाजसेवी लखी करमाली टेकलाल महतो कृष्ण कुमार शर्मा शंकर महतो धनेश्वर महतो रामकिष्टे मुंडा एवं सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष के बीच अधिकारी से वार्ता हुआ।

कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का प्रथम चरण संपन्न

रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता): मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा द्वारा स्थानीय होटल अरिहंत पैलेस के सभागार में कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के प्रथम चरण का आयोजन किया गया। इसका कार्यक्रम के अंतर्गत सेवा भावी संस्था द्वारा पटना के सुप्रसिद्ध भारत विकास विकलांग न्यास कि चिकित्साकों को बुलाकर करीब 80 विकलांगों की जांच कर उनके विकलांगों की माप आदि की गई आगे कुछ दिनों बाद विकलांगों को आधुनिक किस्म के कृत्रिम अंग प्रदान किये जाएंगे तथा सुनने में अक्षम लोगों को निशुल्क कान की मशीन भी जाएगी। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष निशा जैन ने बताया कि हमारी समिति ने सदैव जन कल्याणकारी कार्यों में अपना अग्रणी योगदान दिया है। समिति ने विकलांगता को दूर भगाना अपना उद्देश्य बनाया है। श्रीमती जैन ने बताया कि अलावा अगर सर्जरी की आवश्यकता हुई तो समिति ऐसे मरीजों को पटना मुख्यालय भेजने का प्रबंध भी करेगी , कार्यक्रम का उद्घाटन रिम्स के पूर्व निदेशक डॉ राजीव गुप्ता जी ने किया। इस मौके पर अरुणा जैन ,रिद्धि जैन, प्रिया अग्रवाल,किरण अग्रवाल, सुधा गोयल, सिंपल बरेलिया, पूनम गर्ग, पिंकी गोयल ,गरिमा अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, विनीता गोयंका, सरिता जैन, नैना मेवाड़, ममता अग्रवाल,विशिष्ट अतिथि में डॉक्टर सौम्या जैन, डॉक्टर शरद जैन, गोविंद मेवाड़, योगेश जैन, प्रवीन जैन, सुभद्रा अग्रवाल, आदि शामिल थे।

भाजपा युवा मोर्चा रामगढ़ नगर परिषद की बैठक संपन्न

रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा रामगढ़ नगर परिषद की बैठक सांडी अग्रसेन डीएवी पब्लिक स्कूल के समीप संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ नगर परिषद भाजपा अध्यक्ष मनोज गिरी ने किया संचालन युवा मोर्चा प्रदेश सदस्य नीरज झा ने किया धन्यवाद ज्ञापन युवा मोर्चा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने किया इस बैठक में रामगढ़ नगर परिषद युवा मोर्चा के प्रभारी संजय अग्रवाल उपस्थित हुए भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी ने अपने संबोधन में कहा कि रामगढ़ भाजपा जिला कार्यालय में 9.3.2024 को चोरी और अभद्र टिप्पणी को लेकर भाजपा कार्यकर्ता मर्माहट है कुज्जू थाना प्रशासन एवं जिला प्रशासन से हम लोग मांग करते हैं कि जांच कर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए। एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नहीं कि जाएगी तो हम लोग भाजपा नेता कार्यकर्ता चरणबद्ध होकर आंदोलन करेंगे साथ ही साथ बैठक में युवा मोर्चा प्रदेश सदस्य नीरज झा केंद्र सरकार के योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आहान किया। रामगढ़ नगर परिषद के प्रभारी संजय अग्रवाल अपने संबोधन में इस बार 400 पर की बातें कहीं बैठक में में निर्णय लिया गया युवा चौपाल के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाया गया जनहित कार्यों के योजना को गांव गांव में चौपाल के माध्यम से लोगों को जोड़ना है।इस बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ नगर परिषद भाजपा उपाध्यक्ष संजय शाह महामंत्री सुनील प्रसाद साहू मांडू विधानसभा विस्तारक राजा सिंधु महतो रामगढ़ विधानसभा विस्तारक देवाशीष प्रधान नरोत्तम सिंह जितेंद्र गुप्ता अनुग्रह पंडित प्रेम शंकर महतो प्रयाग महतो मुरली कुशवाहा प्रदीप साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सुरक्षाकर्मियों का साम्प्रदायिकीकरण बंद करो : भाकपा माले

रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता): भाकपा माले के दो दिवसीय 11-12 मार्च 2024 को राष्ट्रव्यापी प्रतिवाद दिवस कार्यक्रम के तहत रामगढ जिला के नेशनल हाइवे में भाकपा माले के जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया,देवकी नंदन बेदिया,हीरा गोप, नीता बेदिया,अमल कुमार, सरयू बेदिया, देवानंद गोप,बिजेन्द्र प्रसाद ,पवन गोप अन्य ने झंड़ा-बैनर, पोस्टर के साथ दिल्ली में नमाजियों के प्रति अपमान और हिंसा के खिलाफ नारबाजी की गई कि नफरत और पुलिसिया बर्बरता पर रोक लगाओ। सुरक्षाकर्मियों का साम्प्रदायिकीकरण बंद करो की मांग की गई।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
चतरा/लातेहार
रांची, मंगलवार, 12 मार्च 2024| पेज 7

अपर समाहर्ता ने की समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार अपर समाहर्त्ता अरविंद कुमार की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, वाद निबंधन एवं अवैध उत्खनन की रोकथाम हेतु समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक में सर्वप्रथम जिले में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर पूर्व कि बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन एवं प्रगति प्रतिवेदन की बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।बैठक में जिला खनन पदाधिकारी, चतरा द्वारा बताया गया कि परियोजना पदाधिकारी, अशोका परियोजना, आम्रपाली परियोजना, मगध परियोजना एवं पुर्णाडीह परियोजना, सर्वश्र सीसीएल द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है जिसमें प्रतिवेदित है कि परियोजनान्तर्गत सडक एवं रेल मार्ग से कोयला का परिवहन में शत-प्रतिशत ई-परिवहन चालान का उपयोग किया

जाता है।इसके अलावे परियोजनाओं में सीसीटीवी का अधिष्ठापान,काटाघारों का समय समय पर जांच एवं अवैध उत्खनन के रोकथाम हेतु किए जा रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में बताया पॉवर ऑफ प्रजेंटेशन के माध्यम से अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध फरवरी 2024 तक की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी दी गई। आगे प्रखंड, अनुमंडल व जिला टास्क फोर्स को निर्देशित करते हुए कहा की औचक छापेमारी अभियान चलाते हुए अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण पर लगाम लगाए।अपर समाहर्ता ने खनन विभाग, परिवहन विभाग, मत्स्य विभाग, उत्पाद विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा वित्तीय वर्ष 23-24 में अभी तक लक्ष्य के विरूद्ध किये गये राजस्व संग्रहण की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया कि राजस्व संग्रहण के प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करें।अंचल की समीक्षा में म्यूटेशन, सक्सेसन म्यूटेशन, जीएम लैंड सर्वे रिर्पोट, भु-अर्जन कार्यालय में लंबित मामले, निलाम पत्र, वाद, कर- संग्रहण, संदेहात्मक जमाबंदी के अभिलेख का सुनवाई समेत अन्य बिन्दुओं की समीक्षा की गई। अभियान मोड में लंबित वाद का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।बैठक में सभी मेगा प्रोजेक्ट के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा जिले में चल रहे मेगा प्रोजेक्ट को लेकर अद्यतन प्रगति की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से भी अवगत कराया गया।मेगा प्रोजेक्ट के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा भूमि अधिग्रहण के पश्चात रैयतों को मुआवजा भुगतान, वन विभाग से जुड़े मामले एन0ओ0सी, एफ आर ए, जीएम लैंड,एलपीसी समेत अन्य मामलों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जल्द उन मामलों का निपटारा करने का निर्देश दिया। जिससे कि रैयतों को ससमय भुगतान हो सके एवं जिले में सभी प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। वहीं सभी निर्माणाधीन कार्यों में उन्होंने निर्देशित करते हुए कार्य में गति लाने का निर्देश दिया जिससे संचालित सभी कार्य को ससमय पूर्ण कराया जा सके। समीक्षा के दौरान कुछ मामलों में रैयतों से बात कर मुआवजा समेत अन्य प्रक्रिया पूर्ण करने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए।

चतरा लोकसभा प्रत्याशी संजय कुमार स्नेही की सफलता सुनिश्चित : सुनील साहू

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : लोकहित अधिकार पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी आम जनता के लिए एक आंदोलन है। सामाजिक न्याय देश-प्रदेश की पहली आवश्यकता है। कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखकर कह सकता हूँ कि उम्मीदवार संजय कुमार स्नेही की सफलता सुनिश्चित है। विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो. अजहर आलम ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी आम जनता को शिक्षा और चिकित्सा पुरी तरह निःशुल्क दिलाने के लिए तथा जाति आधारित जनगणना कराने के लिए अंतिम क्षण तक संघर्ष करती रहेगी लोकहित अधिकार पार्टी से चतरा लोकसभा के उम्मीदवार संजय कुमार स्नेही ने कहा कि मैं चतरा का धरती पुत्र हूँ। यहां की समस्याओं से भली भाँति परिचित हूँ। चुनाव जीतने के बाद एक एक समस्याओं के समाधान हेतू पूरी ताकत लगा दूँगा। मौके पर गिरधारी प्रसाद आर्य, दिलीप यादव, पवन गौंझू, अजय कुमार, गीता देवी, रीता देवी, जयराम साहू, प्रेम कुमार साहू, राम सेवक साव, शंकर साव, शिवम कुमार शैलराज कुमार शेखर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

प्लस टू शिक्षक नियुक्ति में सिसई के शक्ति और निशांत हुए सफल, सांसद प्रतिनिधि ने दी बधाई

टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्लस टू विद्यालय शिक्षक नियुक्ति का रिजल्ट में सिसई के शक्ति कुमार पांडेय, विषय अर्थशास्त्र और विषय अंग्रेजी में निशांत कुमार उर्फ सुजू ने सफलता हासिल की है। इन दोनों के रिजल्ट पर टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने सफल हुए निशांत कुमार को अपने हाथो मिठाई खिलाया और बधाई देते हुए कहा कि लगन, जज्बा और मेहनत से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है, मेहनत कभी बेकार नहीं जाता है, इस सफलता पर सिसई गांव सहित पूरे टंडवा प्रखंड को गर्व है और यह सफलता, अन्य विद्यार्थियों के लिए जो तैयारी में लगे हुए हैं उन सबों के लिए प्रेरणादायक व उर्जा प्रदायक है। सफल हुए शक्ति और निशांत ने कहा कि यह सफलता माता पिता का आशीर्वाद, कठिन परिश्रम और हम सब को हमेशा आपके द्वारा दिए गए हौंसला का परिणाम है। बधाई देने वालों में सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल के अलावा भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय, कबरा पंचायत मुखिया निलेश ज्ञासेन, पंचायत समिति सदस्या शशिबाला देवी, सहायक अध्यापक संघ प्रखंड अध्यक्ष सुमन भारतीय, सचिव साकेत पांडेय, पुर्व मुखिया छेदी पांडेय, प्रदीप पांडेय, प्रोफेसर जय प्रकाश रजक,परमेश्वर रजक, उदय पांडेय, सच्चिदानंद पांडेय, रविकांत पांडेय प्रमुख रूप से थे। संपूर्ण सिसई ग्राम वासियों के द्वारा खुशी का इजहार करते हुए बधाई दिया गया। सिसई गांव में इस सफलता पर खुशी का माहौल है।

अज्ञात चोरों ने दो समरसेबल की चोरी की

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड मुख्य मैन चौक स्थित नारायण पाइप सैनिटरी स्टोर से अज्ञात चोरों ने दो समरसेबल की चोरी कर फरार हो गए। जिससे लगभग 12000 का नुकसान हो गया। चोरी की घटना बीते रविवार की शाम की है। इस दौरान नारायण पाइप सैनिटरी स्टोर के संचालक प्रभाकर कुमार ने बताया कि चार समरसेबल दुकान के सामने एक साथ रखा हुआ था। ग्राहक को सामान दे रहे थे। इसी बीच अज्ञात चोरों ने दो समरसेबल की चोरी कर फरार हो गए।

भाजपा चतरा लोक सभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव संचालन समिति का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता ने किया जिसमे भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह भाजपा के झारखंड प्रभारी सह राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई जी एव झारखंड भाजपा महामंत्री, राज्यसभा सांसद सह चतरा लोकसभा प्रभारी आदित्य साहू उपस्थित थे।बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति, लोकसभा कोर कमिटी, लोकसभा संचालन समिति, विधानसभा कोर कमिटि, मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी के साथ चुनावी रणनीति तैयार किया गया। बैठक

को संबोधित करते हुए लक्ष्मीकांत वाजपेई जी ने कहा कि कार्यकर्ता 2024 के चुनाव में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 10 वर्षों के कार्यो व उपलब्धियों को आम जनमानस को गिनाए साथ ही मोदी सरकार से लाभान्वित लाभार्थियों से संपर्क कर कार्यकर्ताओं को मूल मंत्र दिए। उन्होंने आगे कहा कि मोदी जी ने 10 वर्षों में जितने में योजनाएं चलाई है सभी में गरीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, अनुसूचित जाति और जनजाति, पिछड़ों, वंचितों के लिए ही अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लाए हैं। चाहे वह प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना के तहत फ्री में गैस कनेक्शन, आयुष्मान योजना के तहत फ्री पांच लाख का इलाज, कोरोना काल से अभी तक फ्री में 80 करोड़ लोगो को अनाज दे रहे है, कोरोना के उस भयानक काल में सभी के लिए निशुल्क वैसिन लगवाकर जान बचाया, साथ ही 500 वर्षो के कड़े संघर्षो के बाद मोदी जी के प्रयास से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर अयोध्या में बनवाया गया, साथ ही अनेकों कार्य मोदी जी के द्वारा किया गया है। प्रदेश महामंत्री, चतरा लोकसभा प्रभारी आदित्य साहू ने कहा कि बूथ के कार्यकर्ता ही पार्टी को जिताते है सभी कार्यकर्ता चुनाव के लिए कमर कस ले, बूथ जीते,चुनाव जीत जायेंगे, उन्होंने ने भी दोहराया की मोदी जी के उपलब्धियों को जनता के बीच जाए। कार्यक्रम में लोकसभा सह संयोजक अशोक शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह, जिला प्रभारी विनय जायसवाल, चतरा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, लातेहार जिलाध्यक्ष पंकज सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष विनय सिंह, अरुण चौरसिया, शंकर साहू, जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति भेखलाल मुंडा, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा यासीन चंपा देवी, मजुलता देवी, अनामिका देवी, चतरा लोकसभा विस्तारक सक्षम सिंह, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, दो फरार, एक को जेल

चतरा/कुन्दा(प्रभात मंत्र संवाददाता): कुन्दा थाना क्षेत्र के कांशिलौंग के सड़क पर अफीम ले जाते एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है वहीं दो जंगल का लाभ लेकर भागने में सफल रहे। एसडीपीओ अजय केशरी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि अफीम तस्कर अफीम लेकर कांशिलौंग सड़क से गुजरने वाले हैं। इसकी सत्यापन के लिए एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ अजय केशरी के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई। जिसमें थाना प्रभारी नितेश कुमार कुन्दा के अलावे उनके पुलिस बल और एसडीपीओ के अंग रक्षक शामिल थे। गठित टीम जब कांशिलौंग सड़क पहुंची तो दो मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति आते नजर आए ।तीनों पुलिस को देख भागने लगे। लेकिन पुलिस बल के प्रयास से एक को पकड़ लिया गया बाकी दो जंगल का लाभ लेकर भागने में सफल रहे। गिरफ्तार तस्कर प्रदीप सिंह,पिता चनारिक सिंह,ग्राम जसपुर,थाना मनातू,जिला पलामू का है। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से 2 किलो 9 सौ 90 ग्राम गिला अफीम और तस्करी में शामिल दो मोटरसाइकिल जेएच 03 जेड 4548 , जेएच 03 एडी 3177 और एक ओप्पो 9F 90 कम्पनी का मोबाइल बरामद किया गया है। गिरफ्तार तस्कर को कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। वहीं फरार तस्करों को गिरफ्तारी के लिए छान बिन जारी है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने सोमवार को जिले के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान बूथ संख्या 177, 178, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, होटवाग का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा बूथों पर बीएलओ द्वारा किए गए कार्यों के अलावा फॉर्म 06, 07, 08 आदि की वस्तुस्थिति से अवगत हुई। साथ ही निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बूथों पर (AMF) के तहत मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी, लातेहार को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।इसके अलावे बूथ निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बीएलओ, सुपरवाईजर को निदेशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता अपने मत का उपयोग सुनिश्चित कर सकें।इस दौरान आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार मनोज तिवारी, व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

तेज रफ्तार ट्रक ने दो सगे भाइयों को रौंदा, मौके पर ही मौत, तीन घंटे तक एनएच 39 रहा जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : मुख्य पथ पर सड़क दुर्घटना में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।लातेहार कि करकट स्थित महिन्द्रा आनंद मोटर्स के समीप एक ट्रक कि चपेट में आ जाने से दो बाइक सवार कि मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों मृतक सगे भाई थे ग्राम हेसला तुपू निवासी जुगल प्रसाद उम्र 44 वर्ष एवं संतोष प्रसाद उम्र 40 वर्ष पिता स्व यमुना प्रसाद बतादें कि डाल्टेनगंज से रांची जा रही ट्रक (यूपी 25 सीटी-4283) ने मोटरसाइकिल में टक्कर मारी। जिससे मौके पर दोनों कि मौत हो गई।दुर्घटना के बाद ट्रक चालक दोनों भाईयों को करीब 20 फीट तक घसीटते हुए ले गए। युगल प्रसाद का शव दो हिस्सों में बंट गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक और उप चालक मौके से फरार है।आसपास के लोग और परिजन इस घटना से नाराज होकर उग्र हो

गए थे।घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और लोगों ने ट्रक के शीशा तोड़ा और गाड़ी में आग लगाने की भी कोशिश की। समय पर पहुंची पुलिस ने और विधायक बैद्यनाथ राम के समझाने के बाद ट्रक में आग नहीं लगाया गया। जिन लोगों ने भी घटना को देखा सभी का रूह कांप गई। दुर्घटना के बाद ट्रक के चक्का के नीचे दोनों भाइयों का शव पड़ा हुआ था। परिजनों ने ट्रक चालक की जल्द से जल्द गिरफ्तारी और मुआवजा की मांग को लेकर करीब तीन घंटे तक सड़क जाम कर दिया।जिसके कारण दोनों ओर सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इधर सुचना पाते ही घटना स्थल पर एसडीपीओ अरविंद कुमार अपने दल बल के साथ पहुंचकर भीड़ को काबू में किया। वहीं स्थानीय विधायक बैधनाथ राम ने मौके पर पहुंच मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए सरकारी प्रावधानों के अनुसार मुआवजा के साथ अन्य लाभ भी दिलाने कि बात कही आगे उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है मृतकों की परिजनों को हर संभव मदद की जाएगी। तत्काल सहायता के रुप में मृतकों के अंतिम संस्कार के लिये परिजनों को अंचलाधिकारी एवं बीडीओ की ओर दश हजार रुपए तथा लातेहार पुलिस टीम कि ओर दश हजार रुपए कि आर्थिक मदद दी गई। एवं जिला प्रशासन के द्वारा सड़क जाम को हटाया गया। मौके पर अंचलाधिकारी अरविंद देवाषीश टोपो, बीडीओ मनोज कुमार तिवारी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे। मजदूर यूनियन के नेता श्रवण पासवान बजरंगदल के नीतीश कुमार यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इधर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

बालूमाथ में तुरी समाज का होली मिलन समारोह आयोजित

बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता): बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के चेताग ग्राम में तुरी समाज के प्रखंड अध्यक्ष अजय तुरी के अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।होली मिलन समारोह में समाज में फैली कुरीतियों, शिक्षा, समाज के विकास सहित कई विषयों पर चर्चा हुई। जिसमें बोलते हुए मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश तुरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष चंदन तुरी ने कहा कि आज तुरी समाज शिक्षा के कारण पिछड़ा हुआ है। आगे उन्होंने कहा कि प्रखंड में तो कमेटी गठित है ही पंचायत स्तर पर भी कमेटी का गठन किया जाए ।जिससे समाज के लोगों को अधिक से अधिक लाभ हो और समाज आगे बढ़े। उन्होंने समाज के लोगो से नशापान से दूर रहने शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बातें कहीं। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव परशुराम तुरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष नागेंद्र तुरी, जिला प्रवक्ता मनोज तुरी, बहादुर तुरी, शीतल कुमारी टेकलाल तुरी, अनिल तुरी, देवराज तुरी, जगदीश तुरी, विनोद तुरी, प्रभु तुरी, कोमल तुरी, अशोक तुरी, गणेश तुरी, राजा तुरी, कौशलेंद्र तुरी, प्रिया देवी, जितेंद्र तुरी, नागेश्वर दूरी, अमित टूरी समेत कई लोग उपस्थित थे।

तालिमी मुजाहिरा का हुआ आयोजन, 20 तलबा को किया गया सम्मानित

बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के टोंटी पंचायत अंतर्गत इटके ग्राम स्थित जामा मस्जिद परिसर में रविवार रात्रि तामीरे मिल्लत रहमतिया कमिटी के ओर से तालिमी मुजाहिरा का आयोजन किया गया।तालिमी मुजाहिरा में मकतब तामिरे मिल्लत रहमतिया की ओर से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना मुर्शिद नदवी ने किया जबकि संचालन मस्जिद के इमाम मौलाना शमसाद ने किया। जामिया इस्लामिया इटके के नाजिम मौलाना अबुशहमा नदवी व हाफिज इसराफिल ने जजमेंट की भुमिका निभाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि टोंटी पंसस मो होजैफा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी मो सालिम, इटके ग्राम के सदर मो तौहिद आलम मौजूद रहे। कार्यक्रम का आगाज कारि अहमदुल्लाह ने कुरान की तिलावत से किया। मौके पर अध्यक्षता कर रहे मौलाना नदवी ने तकरीर मे कहा कि वर्तमान के समय में तालीम (शिक्षा) का खासा महत्व है। तालीम पाकर ही लोग हुनरमंद बनते हैं, उन्होंने कहा कि इस्लामी ज्ञान के अलावा दुनियादारी इल्म भी सीखना जरूरी है। उन्होंने मदरसा के नौनिहालों की हौसला अफजाई करते हुए सभी क्षेत्र में आगे बढ़ने की बात कही। वहीं चंदवा से चल कर आये हाफिज मोअज्जम ने नबी के शान में अपने नातिया कलाम से लोगों का दिल बाग बाग कर दिया।तालिमी मुजाहिरा प्रोग्राम के तकरीर मे अव्वल पोजिशन पर आईश बींत जाहीद,दुसरे नम्बर पर उम्मतुल्लाह तसनीम, बींत मुर्शीद, तीसरे पोजीशन पर मुब्बशीरा नाज,बींत इरसाद, सवाल -जवाब मे अव्वल पोजीशन पर सादीका जन्नत, दुसरे स्थान पर मो सलमान, तीसरे स्थान पर मोहम्मद अहमद, महविश फातमा, अफीफा जन्नत, मो तलहा, मशहुद इस्लाम, सहित बीस तलबा जो प्रोग्राम मे पास हुए उन्हें मकतब तामिरे मिल्लत के ओर से आये अतिथि के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और सभी तलबा को उज्वल भविष्य को लेकर दुआ मांगी गई। मौके पर हाजी जाहिद, मौलाना आजम, मौलाना आसिफ, जियाउर्रशिद, मो इरशाद, मो नौशाद, मो अब्दाल, मो ओजैर, मो सजाद,मो अबु दर्दा, मो दाउद, मो बशिर, मो अहमद, मो कय्यूम, मो ओबैदुल्लाह, मो प्रवेज, मो सोहेल, मो जावेद, मो साजिद,मो शमीम, मो मासुम, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

हिंडालको कोल माइंस ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

महिलाओं के लिए शिक्षा अत्यंत जरूरी : प्रकाश साहू

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : चंदवा प्रखंड में हिंडाल्को कोल माइंस ने अपनी सामाजिक सरोकार नीति के तहत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया है। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मानव संसाधन प्रमुख प्रकाश साहू मुखिया रंजीता एक्का, सीएसआर हेड अनुनय कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर एचआर हेड प्रकाश साहू ने कहा कि महिलाओं को शिक्षा पर विशेष जोर देना चाहिए। उनके पढ़े लिखे होने से उनका परिवार, समाज, गांव शिक्षित होता है। वह गांव विकास की गाथा लिखता है। ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाली महिलाओं के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। इधर मुखिया रंजीता एक्का ने सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाली महिलाओं को आर्थिक रूप से संपन्न होने के लिए रोजगार प्राप्त करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि हिंडाल्को कोल माइंस के द्वारा चकला के कई गांव टोला में

कौशल विकास के अलावे अन्य प्रकार के रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण को दिया जा रहा है ।प्रशिक्षित महिलाओं से ग्रामीण महिलाएं प्रशिक्षण लेकर अपनी आय को बढ़ा सकती है। इधर सीएसआर हेड अनुनय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि चकला की ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से संपन्न हो जिसके लिए उनका प्रयास सदैव जारी रहेगा। मौके पर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने भी अपनी समस्याओं को कंपनी के महिला कर्मियों के समक्ष रखा इसके समाधान को लेकर महिला कर्मियों ने उपाय भी बताया। उक्त कार्यक्रम में चकला पंचायत के पड़वा, अम्बाटांड़, नवाटोली अररियाताड़ की स्वयं सहायता समूह के अलावे भारी संख्या में ग्रामीण महिलाएं मौजूद रही। कार्यक्रम में खेल कूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सरिता कुमारी ,एथल, अशफाक उत्तम समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातू : प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायती राज व ग्रामीण विकास विभाग के निर्देश पर नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, प्रशिक्षण के क्रम में आज द्वितीय वैच मे सामिल वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर सत्यानन्द शुक्ला व विनिता कुमारी ने प्रशिक्षु वार्ड सदस्यों को भारतीय संविधान में प्रदत उनके अधिकार, सविधान के 73 वें संशोधन के बाद ग्राम पंचायत को प्राप्त शक्ति व अधिकार, ग्राम सभा, ग्रामसभा बैठक की प्रक्रिया, ग्राम पंचायत की सरंचना, ग्राम पंचायत के मुद्दे व विकाश सहित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी साथ ही अपने पद के अनुसार कार्यो ओर कर्तव्यों? का भी प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रशिक्षणार्थियों को स्थानीय मुद्दे व समाज के बारे में, महिलाओं मे वर्तमान परिस्थितयों की समझ विकसित करने के उद्देश्य से समाजिक मुद्दो पर आधारित मृत्युदंड फिल्म दिखाई गयी, और उस पर परिचर्चा किया गया। मौके पर उपस्थित पंचायती राज्य प्रखंड समन्वयक पंकज पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को तीन बैच मै प्रशिक्षण दिया जा रहा है, द्वितीय बैच के अंतर्गत अमरवाडिह, शिबला और टोटी पंचायत के नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण आज समाप्त हुआ, इस वैच मे कुल 36 वार्ड सदस्य मे से 28 वार्ड सदस्य प्रशिक्षण में शामिल हुए. नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों के प्रारंभिक प्रशिक्षण का तीसरा व अंतिम बैच के अंतर्गत साल्वे, बारियातु व गोनिया पंचायत के नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को 12,13 व, 14 मार्च को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रभात मंत्र

हजारीबाग

रांची, मंगलवार, 12 मार्च 2024 | पेज 8

डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी रमजान के उपलक्ष में बरही के सभी मस्जिदों में छिड़काव के लिए दिया ब्लीचिंग पाउडर

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता): मंगलवार से पाक रमज़ान का महीना शुरू हो रहा है इसी को देखते हुवे रैय्यत अधिकार मंच (बरही) के सदस्यों के आह्वान पर बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने साफ़ सफाई हेतु बरही के सभी मस्जिदों जामा मस्जिद बरही, मदीना मस्जिद बरही, मक्का मस्जिद बरही, अल - अवशा मस्जिद बरही, लश्करी मस्जिद एवं कोइली मस्जिद बरही धमना में छिड़काव हेतु ब्लीचिंग पाउडर दिया है। उन्होंने कहा के रमज़ान का महीना मुसलमानो का पाक महीना होता है जिसमें साफ़ सफाई का विशेष महत्व होता है। उन्होंने आगे सभी को रमज़ान की ढेर सारी शुभकामनाएं दिया। ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव में रैय्यत अधिकार मंच के सदस्यों ने स्वयं मस्जिदों के वाजुखाना में छिड़काव किया। इस कार्यक्रम में मो सफाऊल रहमान, मो शोएब अख्तर, मो एजाज की अहम भूमिका रही। रैयत अधिकार मंच के सदस्यों ने डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी का आभार प्रकट किया और उन लोगों ने कहा कि डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी का इस तरह के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में हमेशा सहयोग प्रदान किया जाता है।

701 कलश व्रतियों के साथ चण्डी महायज्ञ सह वेदी प्रतिष्ठा का निकाली गई कलश यात्रा

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता): नगर बरसोत में मां भगवती मंडप का जीर्णोद्धार कार्य पुर्नोप्रान्त का तीन दिवसीय श्री श्री 108 श्री चण्डी महायज्ञ सह वेदी प्रतिष्ठा समारोह का आयोजित कार्यक्रम का प्रथम दिन भव्य कलश जल यात्रा संपन्न हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू ने यज्ञ मंडप से मुख्य जजमान को वलश देकर वलश जल यात्रा आरम्भ किया। 701 वलश व्रतियों के साथ हजारों की संख्या में बरसोत ग्रामवासी कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश जल यात्रा विभिन्न टोल मोहल्ले का भ्रमण करते हुए जीटी रोड होकर उत्तरवाहिनी जल धमले पुल बरसोती नदी पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भर कर वापस यज्ञ मंडप प्रवेश किया। बताते चलें कि वैदिक कार्यक्रम जलयात्रा के बाद 14 मार्च को पूर्णाहुति हवन, भव्य भंडारा, एवं रात्रि में भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर मानस प्रवक्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीराम जानकी धर्माचार्य सेवा ट्रस्ट अयोध्या पंडित शरत चंद्र भक्त, वृंदावन आचार्य पंडित रवि कृष्णा गौतम, वृंदावन के आचार्य धर्मेंद्र दुबे पधार हैं। कलश जल यात्रा में जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक,उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी, पंसस प्रतिनिधि सुजीत प्रसाद, कांग्रेस पार्टी के बरही प्रखंड अध्यक्ष मनान वारसी, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, टीएसएस के प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा, पार्टी के प्रवक्ता छोटी राम, मीडिया प्रभारी बबलू साहू, युवा अध्यक्ष सन्नी गुप्ता सहित कई राजनीतिक एवं सामाजिक लोग शामिल हुए।

विष्णुगढ़-बगोदर मार्ग पर दर्दनाक हादसे में गई एक युवक की जान, मृतक की पहचान नही हो पाई

विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): विष्णुगढ़-बगोदर मार्ग में आज करीब 03:15 बजे अपराह्न आज फिर एक दिल दहलाने वाला हादसा घटित हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बताया गया कि ट्रक जिसका पंजीयन संख्या जेएच 13 ई-1387 विष्णुगढ़ की ओर से तेज रफ्तार में बगोदर की ओर आ रही थी।ट्रक के ओवरटेक के दौरान होटल अतिथि सत्कार के पास बगोदर की ओर से आ रही हीरो स्पेलडर बाइक पंजीयन संख्या जेएच10 ए आर-3309 में सवार युवक को ट्रक ने रौंद दिया। जिससे युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस बीच ट्रक चालक ट्रक को विष्णुगढ़ में खड़ा कर फरार हो गया।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुँची विष्णुगढ़ पुलिस दल ने शव को कब्जे में लेकर थाने ले आई,और ट्रक को भी कब्जे में ले लिया गया।काफी छानबीन के बावजूद भी मृतक की शिनाख्त नही हो पाई।

बकाए बिल के भुगतान को लेकर विष्णुगढ़ में विद्युत आपूर्ति विभाग आज से लगायेंगी कैम्प

विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखण्ड विधुत आपूर्ति विभाग के वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार विष्णुगढ़ के सभी ऊर्जा मित्रो को निर्देशित करते हुए कहा गया कि,विष्णुगढ़ प्रखण्ड के अन्तर्गत बकाये बिजली बिल की वसूली हेतु कैम्प आयोजित की की जायेगी। सभी ऊर्जा मित्र अपने एरिया मैं समय पर बिलिंग करके उस डेट को उपस्थित रहेंगे। उपभोक्ता भी अपने बकाये बिल के भुगतान के लिए लगाए जा रहे कैम्पो लाभ उठायें। जगह-जगह पर पंचायत वार लगाए जा रहे कैम्पो कि सूची जारी की गई है,जो निम्न प्रकार है।12 मार्च 2024 बकसपुरा,चरनाखिया,नवादा।13.मार्च 2024 बुकना, किरतोडीह।14 मार्च 2024 खरकट्टो,जोबर।15 मार्च 2024 कुसुंभा,अलखरी।16 मार्च 2024 सिरय,करगालो।17 मार्च 2024 नागी, बलकमक्का।18 मार्च 2024 सिमरिया।19 मार्च 2024 खरना,बारा।20 मार्च 2024 मंगरो,चानो।22 मार्च 2024 चिहुटीया,मडमो।23 मार्च 2024 खरकी,टंडवा।24 मार्च 2024 भेलवारा, बनासो पावर सब-स्टेशन।25 मार्च 2024 बेडम।26 मार्च 2024 अचलजामु,सारूकुदर।27 मार्च 2024 चौथा,बराय।28 मार्च 2024 गोविंदपुर।30 मार्च 2024 गाल्हेबार,बंदखारो।

आरोग्यम अस्पताल में निशुल्क लगाया गया स्वास्थ्य जांच शिविर, कई जरूरतमंद ने उठाया शिविर का लाभ

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता): शहर के डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक समीप स्थित मल्टीस्पेशलिस्ट आरोग्यम अस्पताल में दिन सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में कई जरूरतमंदों ने लाभ लेकर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ लिया। शिविर में जरूरतमंदों को निशुल्क शरीर के आंतरिक अंगों की सफाई, शरीर में होने वाली बिमारियों से रोकथाम, शरीर के आंतरिक अंगों का संतुलन एंव शरीर में होने वाली बिमारियों का उपचार की सेवाएं प्रदान किया गया। स्वस्थ रहना है समृद्ध रहना है। इसी उद्देश्य के साथ निशुल्क स्वास्थ्य का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ एवं अनुभवी चिकित्सकों द्वारा 60 जरूरतमंदों ने अपना जांच करवाकर उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श प्राप्त किया। अस्पताल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ जरूरतमंदों को दवाईयां भी वितरण किया गया। मौके पर निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि हमारा मुख्य है कि चिकित्सा के क्षेत्र में सभी उत्तम स्वास्थ्य का लाभ लेकर खुशहाल जीवन को अपनाएं। वर्तमान दौर में नियमित जांच नहीं करवाने से कई घातक बिमारी शरीर में प्रवेश कर जाता है। इससे परिवार में आर्थिक संकट आता ही है मगर कई परेशानियों को भी सामना करना पडता है। इसलिए कुछ भी शरीर में समास्या आने पर हमेशा चिकित्सकों से परामर्श एवं जांच करवाएं। इससे हम सभी स्वस्थ रहकर खुशहाल जीवन का निर्माण कर सकते हैं।

अग्रवाल युवा मंच द्वारा निकाला गया भव्य निशान यात्रा, विभिन्न सामाजिक संगठनों ने किया स्वागत

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता): श्री श्याम रंगीलों फाल्गुन महोत्सव का आयोजन का भव्य आयोजन किया गया आपको बताते चले की रथ पे सवार बाबा श्याम की निशान यात्रा निकाली गई।प्रभु श्री श्याम का आराधना पूरे देश भर में बड़े ही धूमधाम के साथ किया जा रहा है फागुन महीना बाबा श्याम के लिए काफी महत्वाकांक्षी होता है इसी दृष्टिकोण से आज अग्रवाल युवा मंच के द्वारा आज प्रातः 8:30 बजे मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर परिसर से शोभा यात्रा मैं भक्तों के हाथ मे बाबा का निशान ध्वजा ले कर चल रहे थे जो कि शहर के विभिन्न चौक चौराहा से गुजरते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त हुई ।

मेडिकल कॉलेज के आर्थो विभाग में मॉड्यूलर ओ.टी का किया उद्घाटन

डीएमएफटी मद का सदुपयोग, जिला प्रशासन का कार्य सराहनीय : उमा शंकर अकेला

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के आर्थो विभाग में डीएमएफटी मद से तैयार मॉड्यूलर ओ.टी का आज विधिवत् उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह बरही विधायक उमाशंकर अकेला, उपायुक्त नैंसी सहाय, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित के द्वारा किया गया। 62.13 लाख रुपए की लागत से मेडिकल कॉलेज में बने आधुनिक मॉड्यूलर ओ.टी केअधिष्ठापन से अब हड्डी रोग संबंधी समस्याओं का निराकरण स्थानीय स्तर पर संभव हो सकेगा। मौके पर मौजूद बरही विधायक ने जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए ऐसे ही नवाचार को बढ़ावा देने की शुभकामनाएं देते हुए सरकार स्तर से हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया। साथ ही उन्होंने चिकित्सकों को भी मरीजों के बेहतर देखभाल के लिए सदैव तत्पर रहने को कहा। इस अवसर पर सिविल सर्जन, मेडिकल अधीक्षक, हजारीबाग सासंद प्रतिनिधि ज्ञान

प्रकाश व ज्योति सिन्हा मौजूद रहे।

मिशन शक्ति के तहत जिला महिला सशक्ति केन्द्र कार्यालय का बरही विधायक ने किया उद्घाटन : एक ही छत के नीचे महिलाओं को सरकारी योजनाओं एवं कानूनों की जानकारी देने के उद्देश्य से आज दिनांक-11.03.2024 को जिला स्तर पर हजारीबाग सदर अस्पताल परिसर स्थित वन स्टॉप सेंटर में मिशन शक्ति के तहत जिला महिला सशक्ति केन्द्र कार्यालय का उद्घाटन माननीय विधायक उमाशंकर अकेला, उपायुक्त नैंसी सहाय,उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, सांसद प्रतिनिधि, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उपायुक्त ने बताया कि महिलाओं के कल्याणार्थ, केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का सुचारू रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के लिए महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु केंन्द्र का गठन जिला स्तर पर कर मानवबल एवं संसाधन की व्यवस्था की गयी है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि परियोजना निदेशक, झारखण्ड महिला विकास समिति, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्र संख्या-56 दिनांक-01.03.2024 के द्वारा मिशन शक्ति योजनान्तर्गत जिला स्तर पर District Hub for Empowerment of Women का गठन कर संचालित करने का निदेश है, जिसके आलोक में आज कार्यालय का उद्घाटन किया गया। केन्द्र के संचालन संबंधी किसी भी विषय पर डा. रेखा रानी, जिला मिशन को ऑडिनेटर, मो0-7004095959, ज्योति रंजन, जेंडर स्पेस्लिस्ट, मो0-7370837118, शाहिन परवीन, जेंडर स्पेस्लिस्ट मो0-7903030736 से संपर्क किया जा सकता है। उद्घाटन समारोह में सिविल सर्जन, अपर चिकित्सा पदाधिकारी, जिला आर0सी0एच0 पदाधिकारी, लिपिक अभिषेक कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा रोजगार न्याय मार्च का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा सोमवार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के हजारीबाग में रोजगार न्याय मार्च का आयोजन किया गया, यात्रा निर्मल महतो पार्क के पास से प्रारंभ होकर रोजगार कार्यालय पहुंची जहां पर रोजगार कार्यालय का मुख्य दरवाजा का तालाबंदी किया गया इसके उपरांत बेरोजगार कार्यालय का बैनर पोस्टर वहां पर चिपकाए।इस भव्य आयोजन में धनबाद, बोकारो,गिरिडीह,कोडरमा एवं रामगढ़ के कई नौजवान साथी शामिल रहे कार्यक्रम में बाद और मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश के महामंत्री रुपेश सिन्हा मौजूद रहे।

मौके पर अपने संबोधन में रूपेश सिन्हा ने कहा कि झारखंड राज्य की जनता और युवा वर्तमान सरकार से

नाखुश है। पिछले चार वर्षो में राज्य सरकार ने ऐसा कोई काम नहीं किया है जिससे जनता खुश रहे। हर एक दिन और हर एक वक्त उन्होंने जनता परेशानियों का सामना करवाया है नौजवान साथी का पेपर लीक होना यह काफी दुर्भाग्य ऐसे हजारों मामले सामने है जो 4 वर्षों में प्रकाश में आए हैं। राज्य सरकार के मुखिया रहे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने क्या किया वह जनता ने देख लिया है। एक व्यक्ति के कारण पूरा झारखंड राज्य बदनाम हो गया है। ऐसी सरकार जो युवा विरोधी रही है, महिला विरोधी रही है, भ्रष्टाचार से पूरी भरी रही आने वाले विधानसभा चुनाव में हमें इन्हें उखाड़ फेंकना है। युवाओं के सपनों को सहकार करना। भारतीय जनता पार्टी युवाओं के साथ है और रहेगी। राज्य सरकार के द्वारा लगातार ट्रांसफर पोस्टिंग का खेल यह सरासर जनता देख रही है। जनता यह सब कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

मौके पर हजारीबाग भाजपा के जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, हजारीबाग भाजपा के जिला प्रभारी अभय सिंह, भाजपा के जिला महामंत्री सुनील साहू, दिनेश सिंह राठौर, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री विशाल वाल्मीकि, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष सोनी, प्रमंडलीय प्रभारी अविनाश आर्य, अधिराज नारायण सिंह, संजीव कुमार पटेल, संतोष महतो, पंकज मेहता, धनबाद जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह, धनबाद ग्रामीण जिलाध्यक्ष बंपी चक्रवर्ती, बोकारो जिलाध्यक्ष बिनोद प्रजापति, गिरिडीह अध्यक्ष रंजीत राय, कोडरमा अध्यक्ष सूरज प्रताप, रामगढ़ जिलाध्यक्ष अभितेश सिंह, हजारीबाग जिला महामंत्री निशिकान्त कुमार, आशीष गुप्ता, आतिश सिंह, विक्रमादित्य कुमार, शिवपाल यादव, अमित गुप्ता, शिबू मेहता सहित समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य गण साथ मे उतरी छोटा नागपुर प्रमंडल से आए कार्यकर्ता साथी मौजूद रहे।

बचरा श्रमिक क्लब में धूमधाम के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बचरा श्रमिक क्लब मे डेंजरस डांस एम ग्रुप वनबीआर कॉलोनी बचरा के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया।इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे पिपरवार जीएम की पत्नी सह जागृति महिला मडंल की अध्यक्ष श्रीमती मिनिता सहाय और विशिष्ट अतिथि मे अशोका पीओ की पत्नी श्रीमती मीरा कुमार,झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी मुखिया गुंजन कुमारी सिंह,बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी,कांग्रेस प्रदेश सचिव पिंकी सिंह सहित कई महिला अतिथि शामिल हुई। कार्यक्रम में आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया गया।जिसके बाद अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर एवं केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की।इस कार्यक्रम में महिला ग्रुप के द्वारा कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया, जिसे उपस्थित महिलाओं ने खूब पसंद किया।महिलाओं के द्वारा गीत,संगीत,नृत्य, नाटक आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने महिलाओं के उत्थान पर प्रकाश डाला।वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान के इस दौर में महिलाएं अब किसी से पीछे नही है।महिलाऐ भी अब सभी क्षेत्र मे आगे है।वहीं महिलाएं भी अब अपने हक और अधिकार के प्रति जागरूक हो चुकी है।वर्तमान मे महिलाएं भी रोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही है।इस तरह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं का मनोबल बढाना है।इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मीनाक्षी सिंह,सरोजनी सिंह, शीला सिंह,बबीता पाण्डेय, अलका देवी,सोनी देवी, सरिता देवी,रिंकी सिंह,श्वेता देवी,शिवानी देवी,शांति देवी सहित अन्य महिलाओं की सराहनीय भूमिका रही।

आईआरबी थ्री के पिपरवार कैम्प मे विदाई समारोह का हुआ आयोजन

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): इंडिया रिजर्व बटालियन आईआरबी थ्री के पिपरवार कैंप में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आरक्षी पदाधिकारी मनी मोहन प्रसाद और संचालन अवर निरीक्षक रंजीत कुमार ने किया।इस कार्यक्रम में आईआरबी थ्री पिपरवार कैंप से तबादला हुए तीन डीएसपी को विदाई दी गई।तबादला होने वाले डीएसपी में श्रीराम समद का सीसीआर रांची, महावीर शिलानन्द किंडो रेल आईजी कार्यालय रांची और अरूण कुमार तिर्की एसीबी रांची तबादला होने पर विदाई दी गई।कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों ने बारी-बारी से तीनो डीएसपी को माला पहनाकर सम्मानित किया और शॉल एवं उपहार प्रदान कर उन्हें विदाई दी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने तीनो डीएसपी के कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए उनके कार्यकाल की जमकर प्रशंसा की गई।वहीं तीनो डीएसपी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने कार्य के अनुभव के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस मौके पर मनीमोहन प्रसाद, सत्येन्द्र मिश्रा,मन्दु कुमार, परेश मंराडी,शमशेर खान, सुशिल पाण्डेय,संजीव कुमार,बिरेन्द्र सिंह,प्रहलाद कुमार,राजीव रवि,पवन कुमार,अजमल हुसैन, इकबाल अंसारी,शक्ति चौबे, गोल्डेन चौबे,जितेन्द्र शुक्ल सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद थे।

अशोक परियोजना में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन और प्रबंधन के बीच हुई एजेंडा बैठक

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना कार्यालय में सोमवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन अशोक परियोजना और प्रबंधन के बीच एजेंडा मीटिंग संपन्न हुई।एजेंडा बैठक में कोयला मजदुरो से संबंधित 25 सूत्री मांगों पर चर्चा किया गया।जिसमें कोयला कामगारों के प्रमोशन,आवास का मरम्मत,आवास भत्ते का भुगतान,संवेदनशील पदों पर वर्षों से जमे कर्मियों का टेबल ट्रांसफर,अवकाश प्राप्त कर्मियों के सीएमपीएफ का भुगतान करने,कैंटीन की साफ सफाई एवं कामगारों के आवास में आरओ वाटर की व्यवस्था करने,पीट कार्यालय एवं कर्मशाला के पास क्रेच की व्यवस्था करने,फ्रोटो मेडिकल कार्ड उपलब्ध कराने सहित कई बिंदुओं पर वार्ता हुई।प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करते हुए इन मांगों को यथाशीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया।बैठक में प्रबंधन की ओर से अशोका पीओ संजय कुमार, परियोजना अभियंता विद्युत एंव यांत्रिक शंभू प्रसाद, परियोजना अभियंता उत्खनन मनोज पांडे,प्रबंधक कार्मिक शिशिर गर्ग,हेमचंद मह्तो,परियोजना अभियंता सिविल प्रणव एंव यूनियन की ओर से सचिव अरविंद कुमार शर्मा,अध्यक्ष धनेश्वर गंझु, अनित कुमार,मनोज राम, रहमतुल्लाह,सेवक गंझु, सोमर गंझु,दिलीप महतो, साहब राम सतनामी, ऋषिकेश मिश्रा,गीता देवी, पूसनी देवी,सोहादरी देवी, रमेश कुमार,कुंवर महतो, रामनाथ महतो,बबन महतो, भरत नोनिया,नरेश कुमार, शिवचरण महतो,संजय तूरी सहित कई कोयला मजदूर उपस्थित थे।

चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में शामिल हुए पिपरवार के भाजपा कार्यकर्ता

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): चतरा भाजपा जिला कार्यालय मे लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव प्रबंधन समिति कि आयोजित बैठक में पिपरवार से कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।बैठक मे लोकसभा चुनाव की तैयारी पर विशेष रूप से चर्चा की गई इसके अलावा 15 मार्च को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के चतरा आगमन को लेकर तैयारी की समीक्षा की गई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में चतरा लोकसभा चुनाव प्रभारी सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू उपस्थित थे।भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अतिथियों से मुलाकात कर चुनाव संबंधी बातों पर जानकारी दी।

वन विभाग ने अफीम की अवैध खेती को किया नष्ट

बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता): सोमवार को अफीम की अवैध खेती की सूचना पर सहायक वन संरक्षक ए के परमार के नेतृत्व में अफीम की अवैध खेती को नष्ट करने के लिए वन विभाग की टीम प्रखंड मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर अति सुदूर ग्रामीण क्षेत्र पंदनवाटांड़

पहुंची। लेकिन खेती करने वालों ने रात में ही अफीम की खेती को स्वयं ही नष्ट कर दिया था। अफीम के जो बचे खुचे छोटे पौधे थे उसे भी वन विभाग के द्वारा पूर्ण रूप से नष्ट कर दिया गया है। वन विभाग की करवाई से अफीम की अवैध खेती करने वालों में खलबली मची हुई है। दो दिन पूर्व में भी वन विभाग और डाडी कला पुलिस के द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर लगभग डेढ़ एकड़ में लगे अफीम की खेती को नष्ट किया गया था। अफीम की खेती करने वाले चार लोगों को चिन्हित कर कानूनी कारवाई भी की गई है। सहायक वन संरक्षक ए के परमार ने लोगों से आह्वान किया के अगर कहीं अफीम की खेती की जा रही है तो उसकी सूचना वन विभाग को दें। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। वन विभाग लगातार सक्रिय है के कहीं भी अफीम की अवैध खेती हो रही है तो जानकारी मिलने पर उसे नष्ट किया जाएगा और खेती करने वालों के ऊपर कानूनी कारवाई की जाएगी। आज की करवाई में वनपाल संतु कुमार, विनोद बेसरा, वनरक्षी अजय कुमार यादव, मृणाल भास्कर, केशव महतो, संतोष रजक, महेश दास, जगन्नाथ रजवार, अमर साहू के अलावा बड़कागांव और हजारीबाग रेंज के वन कर्मी शामिल थे।

तीरंदाजी किट का वितरण किया गया

बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता): पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा आसपास के गांव के बच्चों के लिए तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन फरवरी माह से किया जा रहा है। इन बच्चों को प्रशिक्षण में किसी तरह की दिक्कतों का सामना न

करना पड़े और ये सभी तीरंदाजी प्रशिक्षण बेहतर ढंग से ले पाएं इस वजह से परियोजना के द्वारा सभी को ट्रैकसूट, जूते एवं अन्य प्रशिक्षण से संबंधित सामग्री वितरित की गई। प्रशिक्षण के जरूरी सामान मिलने के बाद बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिला। सभी प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने एक स्वर में कहा कि हम सब पूरी लगन और मेहनत के साथ तीरंदाजी का प्रशिक्षण लेंगे और अपने पूर्व की छात्रों की तरह हम भी जिले एवं राज्य स्तर पर पदक जीतेंगे। बच्चों को ट्रैक सूट एवं अन्य सामग्री का वितरण परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने अपने हाथों से किया। उन्होंने इस विशेष मौके पर कहा की सुरक्षा का ध्यान में रखते हुए आप सभी बच्चे खूब मेहनत करें और जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन करें। उन्होंने इस बात को दोहराया कि प्रशिक्षण के लिए आपको जिन भी चीजों की आवश्यकता होगी वह हम अवश्य मुहैया करवाएंगे। इस दौरान परियोजना प्रमुख ने प्रशिक्षण ले रहे बच्चों से सीधे वार्तालाप की ओर उनके प्रोग्रेस के बारे में जाना। इस प्रशिक्षण के अलावा पकरी बरवाडीह पिछले कई वर्षों से निरंतर तीरंदाजी प्रशिक्षण आसपास के गांव के सैकड़ो बच्चों को देता आ रहा है जिससे यहां की कई बच्चों ने जिला एवं राज्य स्तर पर पदक जीतकर अपना एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। दो प्रशिक्षित कोच के मार्गदर्शन में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिलने से बच्चों का सर्वांगीण विकास हो रहा है साथ ही उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना भी जागृत हो रही है। सामग्री वितरण के इस विशेष मौके पर भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वास और पुनर्स्थापना विभाग के महाप्रबंधक पंकज ध्यान, उप महाप्रबंधक CSR& RR संजीत कुमार सेनापति के अलावा एनटीपीसी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

बड़कागांव में करमाली समाज का एक दिवसीय बैठक संपन्न

बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड में करमाली आदिवासी समाज का एक दिवसीय बैठक का आयोजन इंद्रा मोड स्थित जिला परिषद् सदस्य गीता देवी के कार्यालय में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष शिवचरण करमाली एवं संचालन निरोज

करमाली के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि करमाली समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दुमा तिर्की व विशिष्ट अतिथि बड़कागांव प्रखंड के पूर्वी जिला परिषद् सदस्य गीता देवी उपस्थित हुए। अतिथियों को प्रखंड कमिटी के द्वारा बुके व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस बैठक को संबोधित करते हुवे केंद्रीय अध्यक्ष श्री तिर्की ने कहा की हम सभी समाज के लोगो को एकजुट होने की आवश्कता है। हमे अपनी संस्कृति को बचाना है जिस तरह से हमारे पूर्वजों ने अपनी कला संस्कृति को बनाए रखा था उसी तरह हमलोग को अपने कला संस्कृति को बचाए रखना का काम करना है। हम झारखंड के आदिवासियों को सिर्फ ठगने का काम किया जा रहा है। आगे सभा को संबोधित करते हुवे बड़कागांव पूर्वी जिला परिषद् सदस्य गीता देवी ने कहा कि हमलोग को एकजूटना होने की बहुत आश्यकता है। हमारे समाज के लोगो को नशामुक्त होना होगा और अपने घर परिवार को शिक्षित करना होगा, तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा। मौके पर मुख्यरूप से बड़कागांव प्रखंड के अध्यक्ष विमल करमाली, उपाध्यक्ष कामेश्वर करमाली, प्रखंड सचिव प्रकाश करमाली, नागेंद्र करमाली, विक्की करमाली, दिनेश करमाली, सूबेदार करमाली, गोपाल करमाली, राहुल करमाली, पृथ्वीराज करमाली, उमेश करमाली, शाशी करमाली, गुलाब करमाली, साझो देवी,अनिता देवी,सीमा देवी,सकुंतला देवी,मीना देवी,पूनम कुमारी,गीता देवी,सरिता देवी, जतरी देवी,खुशबू कुमारी, सोनी देवी सहित सैंकड़ों महिला पुरुष उपस्तीथ थे।

जेबीकेएसएस ने प्रखण्ड मुख्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ दिया एकदिवसीय धरना

विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति द्वारा एक दिवसीय धरना दिया गया। एकदिवसीय धरना के माध्यम से जेबीकेएसएस ने 11 मुख्य मांगें रखी। जिनमें प्रखंड सह अंचल में

व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, प्रखंड सह अंचल के कार्यों का समय पर संपादन नहीं हो रहा है जिस पर सुधार हो, प्रखंड में मनरेगा के कार्य में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी है उसको सुधार किया जाए, सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों पर अविलंब कार्य संपादित किया जाए, भूमि जांच आवेदन पत्र में त्वरित कार्य किया जाए, आय, जाति, आवासीय, जन्म, मृत्यु एवं जमीन संबंधी ऑनलाइन म्यूटेशन, परमिशन इत्यादि एक सप्ताह के अंदर निर्गत किया जाए, प्रखंड सह अंचल के पदाधिकारी एवं तमाम कर्मचारी प्रखंड में बने आवास में रहें, प्रखंड सह अंचल के पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें, डी0वी0सी0 के भूमि पर भूमि जांच प्रतिवेदन संबंधी समस्या हेतु डी0वी0सी0 के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समस्या का निष्पादन अविलंब किया जाए एवम प्रखंड के बनासो पंचायत में बिछाई जा रही पाइपलाइन कार्य में अनियमित्ता की जांच की जाए, कोनार डैम का पानी हजारीबाग ले जाने के पूर्व प्रखंड के तमाम गांव में पेयजल की आपूर्ति की जाए मुख्य मांग रूप में रखी गई। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल,प्रेमचंद महतो,माही पटेल,उमेश महतो,मोहन महतो समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड/रामगढ़
रांची, मंगलवार, 12 मार्च 2024 | पेज 9

बाल विवाह से आज़ादी के लिए जन संवाद कार्यक्रम 13 को

गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता): अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अग्रगति संस्था द्वारा महतो लाइन हॉटल झींझरी टांड़ में 13 मार्च को बाल विवाह से आजादी के लिए जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस संबंध में संस्था के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने बताया कि बाल विवाह से आज़ादी के लिए जन संवाद कार्यक्रम समाज को एक नई दिशा देने का काम करेगा। आज ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक बाल विवाह देखे जाते है। जागरूकता के कारण बच्चों का बचपन हम उनसे छीन लेते है। नतीजा होता है कि बच्चों का भविष्य बर्बाद हो जाता है। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के माध्यम से पूरे देश में बाल विवाह से आज़ादी के लिए संघर्ष किया जा रहा है। ताकि भारत को बाल विवाह मुक्त देश बनाया जाय। कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं एवं किशोरियों को शामिल होने की अपील की गई है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ समीक्षा बैठक का आयोजन

रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता): स्वास्थ्य विभाग द्वारा रामगढ़ जिले में किए जा रहे कार्यो को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद से रामगढ़ जिला अंतर्गत सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से लोगों को उपलब्ध कराए जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।।मौके पर उपायुक्त ने एंबुलेंस सेवा 108 के तहत लोगों को उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को एंबुलेंस सेवा का संचालन और भी प्रभावी तरीके से करने एवं नियमित रूप से एंबुलेंस के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने एंबुलेंस सेवा के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए?।सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा आकस्मिक स्थिति में मरीजों को रेफर किए जाने संबंधित प्रतिवेदन की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रतिवेदन तैयार करते वक्त कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रतिवेदन में सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही उपायुक्त ने जिन स्वास्थ्य केन्द्रों में अब तक बायोमेट्रिक उपस्थिति की सुविधा उपलब्ध नहीं है उनसे संबंधित प्रतिवेदन तत्काल रूप से जिला स्तर पर भेजने का निर्देश दिया। मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न सुविधाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने तत्काल रूप से गोला प्रखंड में एक एनेस्थेटिक एवं एक जीएनएम की प्रतिनियुक्ति का आदेश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान सिविल सर्जन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, चिकित्सा पदाधिकारुयों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मी आदि उपस्थित थे।

रमजान का चांद नजर आया, मुस्लिम समुदाय के बीच खुशी का माहौल

कुज्जू(प्रभात मंत्र संवाददाता): कुजू रामगढ़ रमजान उल मुबारक का चांद नजर आ गया है मंगलवार से रोज़ा शुरू हो गया है रमजान का चांद देख कर लोगों ने आतिशबाजी कर चांद की जानकारियां दी मंगलवार से रोज़ा रखा जाएगा मुस्लिम समुदाय के तमाम लोग पूरे महीने रोज़ा रखकर नमाज और कुरान की तिलावत कसरत से करेंगे चांद देखकर आतिशबाजी करने वालों में मोहम्मद रेहान अली चिश्ती मोहम्मद सकलैन हैदर मोहम्मद इमरान अली मोहम्मद एहतेशाम अली उर्फ शेर खान मोहम्मद कैफी मोहम्मद असगर अली मोहम्मद ए . एम चिश्ती शामिल थे।

सीटू ने 18 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया

सभी हाथों को रोजगार से जोड़ने की उठी मांग
ग्रामीण क्षेत्र समेत कोलियरी में कामगारों की सुविधा पर उदासीन है प्रबंधन : धनेश्वर

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : सीसीएल के सिरका परियोजना कार्यालय प्रांगण में सोमवार को बिहार कोलयरी कामगार यूनियन(सीटू) सिरका शाखा के द्वारा 18 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के पश्चात सिरका पर्सनल अधिकारी सुप्रिया लक्ष्मी को मांग पत्र सौपा। अवसर पर बीसीकेयू के अरगड्डा क्षेत्रीय अध्यक्ष धनेश्वर तूरी, क्षेत्रीय सचिव गौतम बनर्जी उपस्थित हुए। प्रदर्शन सभा की अध्यक्षता बीसीकेयू सिरका शाखा सचिव शत्रुधन बेदिया ने किया। जबकि संचालन बीसीकेयू सिरका उपाध्यक्ष अशोक बेदिया ने की। इसे ले बीसीकेयू क्षेत्रीय अध्यक्ष धनेश्वर तूरी, क्षेत्रीय सचिव गौतम बनर्जी ने एक साथ बताया कि प्रबंधन के द्वारा कामगारो व ग्रामीण हितों की समस्याओं का निराकरण समय पर नहीं हो पा रहा हैं। क्वार्टर, साफ पानी, बिजली, सीएसआर के तहत श्रमिकों और लोगों को सुविधा नहीं मिल पा रही हैं। वही बीसीकेयू सिरका उपाध्यक्ष अशोक बेदिया ने कहा कि बीसीकेयू द्वारा 18 सूत्री मांग प्रबंधन को सौपा गया है। जिसमें अवैध रूप से अरगड्डा में क्वार्टर, सीसीएल भूमि कब्जा, कामगार के कांलोनी रास्ता रोकने, सीसीएल बंद सीएचपी क्षेत्र में पेड़ कटाई, खनन क्षेत्र में पानी छिड़काव, कामगारों के सेफ्टी उपकरण, कागजी कार्रवाई जल्द करने आदि बातें शामिल हैं। संगठन की महिला अध्यक्ष शोभा कुमारी ने बताया कि हम लोगों के हाथों को रोजगार की आवश्यकता हैं, सड़क स्वास्थ्य, एंबुलेंस, स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं से भी ग्रामीण क्षेत्र पडरिया के आस-पास आज भी लोग जूझ रहे है। प्रबंधन का इस ओर ध्यान नहीं हैं। मौके पर महिला संगठन अध्यक्ष शोभा कुमारी, सरिता कुमारी, रामाशीष प्रजापति, धीरज प्रजापति, मीना देवी, ललिता देवी, संतोषी देवी, कौशल्या देवी, मीना देवी फूलों देवी, गीता देवी, सरिता देवी कोमिला देवी, उर्मिला देवी, सबिता देवी, सनमतिया देवी, पूनम देवी, बुधवा देवी, आनंदती देवी, चीरुवा देवी, वीणा देवी, रमनी देवी, सुशीला देवी, फूलमनी देवी पूर्वी देवी, रतनी देवी, चांदनी देवी, मनोज बेदिया, संदीप बेदिया, सीसीएल सुरक्षा प्रभारी राजूराम होमगार्ड बंटी, रिंकू समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

सौदा डी क्वार्टर में मिला पूर्व सीसीएल कर्मी का शव

प्रभात मंत्र संवाददाता

भुरकुंडा : जिला के भुरकुंडा थाना क्षेत्र के सौदा डी पंचायत के मोहनिया दो तल्ला क्वार्टर में सोमवार को पूर्व सीसीएलकर्मी का शव मिला। जानकारी के अनुसार पूर्व सीसीएल कर्मी बबन राम उम्र लगभग 72 वर्ष रिटायरमेंट के बाद अपने क्वार्टर में ही अकेले रहते थे। सोमवार की सुबह अगल-बगल रहने वाले लोगों को उनके कमरे से दुर्गंध आने से एहसास हुआ। पड़ोसियों ने शंका जाहिर करते हुए स्थानीय मुखिया और भुरकुंडा पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद भुरकुंडा पुलिस घटनास्थल पहुंच कर बंद दरवाजे को तोड़ा पुलिस जब कमरे के अंदर गई तो कमरे से बहुत दुर्गंध आ रही थी। दूसरे रूम में जाने के बाद देखा तो पलंग के नीचे बब्बन राम गीरा पड़ा हुआ है। उसके शरीर के पास खून दीखाई दे रहा था और दुर्गंध आ रही थी साथ ही कीड़े भी लगे हुए थे।शव को देखने से लग रहा था कि बबन की मौत दो-तीन दिन पहले ही हो चुकी है। क्योंकि वह अकेला ही घर में रहता था अगल-बगल किसी से कोई मतलब नहीं रखता था।जिसके बाद पुलिस द्वारा मृतक के परिजन को सूचना दी गई है।फिलहाल पुलिस मृतकों के परिजनों का आने का इंतजार कर रही है ।तभी शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। मृतक के परिजन मोहनिया बिहार में रहते हैं।

रेलवे ने रामगढ़ शहर के बिजुलिया में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू की

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): रांची रेल डिवीजन द्वारा रामगढ़ कैंट रेलवे स्टेशन के सुंदरीकरण को लेकर कई कार्य किया जा रहे हैंद्य उसी के अंतर्गत रामगढ़ कैंट रेलवे स्टेशन जाने वाली मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा हैद्य जिसके कारण सड़क के किनारे अतिक्रमण कर बनाए गए दुकानों को हटाने का कार्य आरंभ किया गया है। मुरी रेल सब डिवीजन के एडीइएन अभय तिवारी की देखरेख में अतिक्रमण हटाओ अभियान आरंभ किया गया है। मुरी रेल सब डिवीजन के अधिकारियों के देखरेख में 11 मार्च के दोपहर से अतिक्रमण हटाओ अभियान आरंभ हुआ। अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर बड़े संख्या में आरपीएफ के जवानों को लगाया गया हैद्य रेलवे ने अतिक्रमण हटाने को लेकर पूर्व में ही नोटिस जारी कर दी थी। किसी को लेकर सडक को 12 मीटर चौड़ाद्ध करना है। इस परिधि में जो भी आएगा उसे तोड़ दिया जाएगाद्य वही इस संबंध में रामगढ़ छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह ने रांची डिवीजन केडीआरएम से फोन पर बात कर अतिक्रमण हटाओ अभियान को होली तक रोक देने की मांग किया।

भाजपा जिला कार्यालय में हुई चोरी की घटना का उच्च स्तरीय जांच हो : राजू चतुर्वेदी

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): भाजपा रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बिती रात भाजपा जिला कार्यालय में घटित चोरी की घटना की हम सभी कडे शब्दों में निन्दा करते तथा जिले में लगातार बड़ी अपराधिक घटनाओ पर चिन्ता जताते हुए । अपना विरोध प्रकट करते हैं तथा इस घटना मे शामिल अपराधीयो की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हैं घटित इस चोरी की घटना के प्रथम दृष्ट्या सें यह बदले की भावना से पीडीत होकर घटना को अंजाम देने का इशारा करती है कार्यालय की व्यवस्था को तहस नहस करके सभी कीमती सामानो की चोरी की घटना को अंजाम देना या उन्हें छतिग्रस्त किया जाना चिन्ता का विषय जरूर हैं। अलमारियों,दरवाजो के लौक को छति ग्रस्त करना,टेबल के दराजो को तोड़कर तलाशना , एलईडी , कैमरे के मुख्य समानो को तोड़कर साक्ष्य मिटाने के सफल प्रयास, पार्टी के महत्वपूर्ण कागजातो को जमीन पर फैंका जाना,4 बैटरीयों के साथ इनवर्टर को साथ ले जाना अपराधीयों के बढे मनोबल एंव हाई-वे पर सुरक्षा के दृष्टिकोण सें कार्यालय के समिप शराब पीने के अड्डे और ऐसी घटनाओं का होना पुलिस प्रशासन की विफलता का एक जीता जागता उदाहरण हैं।किन्तु चिन्तनीय विषय जो हैं वह प्रायः देखने नहीं मिलते वह उदाहरण कार्यालय के अन्दर चोरी की घटना को अंजाम देने के उपरांत दिवार पर लेखनी कर पार्टी के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने की हिम्मत करना इस घटना को बदले की भावना सें किसी विरोधी मानसिकता के सदस्यों के मिलीभगत होने के इशारे को मजबूती देती हैं जिसे किसी भी हालत में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

शादी समारोह में शामिल हुए सुनिता चौधरी, नव दंपति जोड़ी का आशीर्वाद दिया

रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ प्रखण्ड के दोहाकातु पंचायत अंतर्गत पार तिलैया निवासी रघु गंझू के सुपुत्र मुकुन्द गंझू के शादी में वर वधु को आशीर्वाद देने पहुंचे रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी समारोह में पहुंचकर दांपत्य जोड़ी को पारिवारिक जीवन में प्रवेश करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया एवं मंगलमय सुख में जीवन व्यतीत करने का कामना किया,इस मौके पर रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो दोहाकातू मुखिया कलावती देवी,उप मुखिया जय प्रकाश महतो आदिवासी महासभा जिला अध्यक्ष महेश करमाली जिला सह सचिव बबलू करमाली,समाज सेवी प्रशांत महतो, मालती देवी,रवीना देवी, सुचिता देवी, गणेश महली, जगदेव महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

वर्तमान सरकार के द्वारा साहसिक व सराहनीय कदम उठाए जा रहे है : शंकराचार्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

गोला : गोवर्धन पीठ पुरी पीठाधीश्वर जगदुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानन्द देव तीर्थ जी महाराज का दो दिवसीय झारखंड प्रदेश का दौरा सोमवार को उनके रजरप्पा पधारने के साथ शुरू हुआ। रजरप्पा में उन्होंने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि भारत वर्ष महान राष्ट्र है। यहाँ के शासक महान होते हैं। देश बहुत दिनो तक गुलामी की जंजीर में जकड़ा रहा। देश में अनेक पार्टियों के प्रधानमंत्री हुए। सभी ने कई तरह के कार्य देश में किए हैं। भौतिक विकास के साथ आध्यात्मिक विकास के लिए भी कार्य किया। इसमें कोई दो राय नहीं है कि वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में भारत को एक नया आयाम मिला है। विश्व में एक नई पहचान मिली है। उलझे हुए कार्य, जिसे असंभव माना जाता था। उनके साहसपूर्ण निर्णय ने देश का बहुत सम्मान बढ़ाया है और मजबूती प्रदान की है। धारा 370 हट जाना एक क्रांतिकारी एवं साहसी कदम था। अब कश्मीर में ÷एक विधान, एक प्रधान तथा एक निशान लागू हो गया। प्रभु श्री राम का अयोध्या नगरी में भव्य मंदिर में विराजमान होना, यह हर एक सनातनी सभ्यता के लिए मील का पत्थर साबित होगा। हमलोगों को उस श्राप से मुक्ति मिली है, जिस श्राप से हमलोग 500 साल से श्रापित हो रहे थे। भावना कुंठित हो रही थी। उससे मुक्त होने के लिए सैकड़ो सालों का संघर्ष, हजारों लाखों लोगों की कुर्बानियां आज कामयाब हुई है। वे दिवंगत डॉक्टर अजीत कुमार के आवास पर भी पहुँचे, जहाँ महिलाओं ने उनका पैर धोकर एवं आरती उतार कर स्वागत किया। गोला में शंकराचार्य के स्वागत में कुंवर कुमार बख्शी, अरुण कुमार बख्शी, मनोज मिश्र, जयंत पंडा, प्रदीप चंद्र लाला, सुजीत सिन्हा, आशीष कुमार मिश्रा, रजनीश आनंद, जयंत पोद्दार, टोपन महतो, सदानंद प्रमाणिक, विजय महतो, दामोदर महतो, सुचान सहित दर्जनों महिला/पुरुष शामिल हुए।

श्री गणिनाथ पब्लिक स्कूल में श्री गणीनाथ साइंस सेंटर एजुकेशन सेंटर का अनावरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : श्री गणिनाथ पब्लिक स्कूल के प्रांगण में को गणिनाथ साइंस एजुकेशन सेंटर का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ की विधायिका सुनीता चौधरी के द्वारा किया गया।जिसमें कक्षा 6th से 12th तक का अनुभवी शिक्षकों के द्वारा भौतिकी विज्ञान,रसायन विज्ञान कक्षा, गणित, जीवविज्ञान एवं अंग्रेजी की शिक्षा के साथ JEE MAINS एवम ADVANCE ,NEET की तैयारी भी कराई जाएगी । जिसमें बच्चों को एक ससाह की मुफ्त DEMO CLASS दी, जाएगी। जिसके निदेशक रामेश्वर प्रसाद गुप्ता है। इस अवसर पर सुनीता चौधरी ने अपने भाषण में गणीनाथ पब्लिक स्कूल में उपस्थित सभी शिक्षकों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर मध्यदेशीय वैश्य समिति के अध्यक्ष डोमन प्रसाद गुप्ता सचिव नरेंद्र गुप्ता पूर्व चैंबर अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद सुरेश प्रसाद संदीप राहुल एन के गुप्ता सरवन अनिल गुप्ता उपस्थित थे।

प्राथमिकी अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

भुरकुंडा : भदानीनगर ओपी पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत छापेमारी कर सोमवार को प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में भेजा है। पुलिस ने चैनगडा निवासी उड़ान उरांव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। भदानीनगर पुलिस ने बताया कि उड़ान उरांव पर कांड संख्या 102/23, धारा 302 के तहत प्रथमिकी दर्ज हैं। जिसे रविवार की रात समकालीन अभियान चलाकर गिरफ्तार किया गया था।

MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

e-Procurement Notice

Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-37/2023-24

Date – 11/03/2024

1.	Name of Work	Construction of Checkdam on Bokardaha Nala at vill – Kurse, Block – Peshrar , Distt.- Lohardaga.
2.	Estimated Cost (Rs. In Lakh)	Rs. 81.743 Lakh
3.	Time of Completion	11 Month
4.	Date of Publication of e-Tender on website	16/03/2024 at 05:00 PM
5.	Last date/Time for Submission of e-Tender BID's	05/04/2024 up to 05:00 PM
6.	Last date for online Submission of Tender Fee and EMD	e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 05/04/2024 up to 05:00 PM
7.	Date of opening Tender	08/04/2024 at 02:00 PM
8	Name & address of office inviting tender	Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga
9.	(a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer	9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in
10.	Helpline Number of e-Procurement cell	7488537740

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website
http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
PR 322190 Lohardaga(23-24)D Minor Irrigation Division, Lohardaga.

MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

e-Procurement Notice

Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-29/2023-24

Date – 11/03/2024

1.	Name of Work	Construction of Series Checkdam on Chuna Dhorha River at vill – Korambe , Block – Senha , Distt.- Lohardaga.
2.	Estimated Cost (Rs. In Lakh)	Rs. 109.937 Lakh
3.	Time of Completion	11 Month
4.	Date of Publication of e-Tender on website	16/03/2024 at 05:00 PM
5.	Last date/Time for Submission of e-Tender BID's	05/04/2024 up to 05:00 PM
6.	Last date for online Submission of Tender Fee and EMD	e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 05/04/2024 up to 05:00 PM
7.	Date of opening Tender	08/04/2024 at 02:00 PM
8	Name & address of office inviting tender	Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga
9.	(a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer	9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in
10.	Helpline Number of e-Procurement cell	7488537740

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in

Executive Engineer
PR 322152 Lohardaga(23-24)#D Minor Irrigation Division, Lohardaga.

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION NO. -02. RANCHI

SHORT NOTICE INVITING QUOTATION NO-08

Sealed quotations are invited for **1. Supplying, fitting and fixing of Executive Chair (Chief Secretary Chamber and C.M.Cell) at First Floor of Project Building at HEC, Dhurwa, Ranchi. 2. Emergent Repair of Delegate Units of SHURE (DIS) Conference System at 2nd Floor of Conference Hall Building at HEC, Dhruwa, Ranchi.** by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi on 02-04-2024 upto 3.00 pm and will be opened on 03-04-2024 at 3.30 pm at B.C.D. Division No.-02, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the presence of Quotationers or their authorized representative, whosoever desire may remain present at the time of opening. Cost of Bid for work of S.No-1 Rs. 5,00.00 and S.No-02, Rs-750.00 in shape of Demand draft (non refundable) on any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi (Code-0167) /any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi.

Time of completion for Both work is 15 (Fifteen) Days.

The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be 2% of the quoted amount in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-02, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) All technical specification must be complied, no deviation and will be accepted.

In the case of Gazetted holiday the quotation will be received/opened on the next working day.

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No-02, Ranchi.

PR 322174 Building(23-24)D

MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

e-Procurement Notice

Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-31/2023-24

Date – 11/03/2024

1.	Name of Work	Construction of Checkdam on Bhutaha Garha Nala at vill – Kasiyadih, Block – Kisko , Distt.- Lohardaga.
2.	Estimated Cost (Rs. In Lakh)	Rs. 47.568 Lakh
3.	Time of Completion	11 Month
4.	Date of Publication of e-Tender on website	16/03/2024 at 05:00 PM
5.	Last date/Time for Submission of e-Tender BID's	05/04/2024 up to 05:00 PM
6.	Last date for online Submission of Tender Fee and EMD	e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 05/04/2024 up to 05:00 PM
7.	Date of opening Tender	08/04/2024 at 02:00 PM
8	Name & address of office inviting tender	Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga
9.	(a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer	9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in
10.	Helpline Number of e-Procurement cell	7488537740

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
PR 322176 Lohardaga (23-24)_D

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga

MINOR IRRIGATION DIVISION, KHUNTI

e-Procurement Notice

Tender Reference No. WRD/MID/KHUNTI/F$_2$-30/2023-2024

Date :-9/3/2024

1.	Name of the work	**Construction of Single Check Dam in Madhukama Nala at Village- Madhukama, Block- Bundu, Dist.-Ranchi.**
2.	Estimated Cost (Rs. InLakh)	**Rs. 89.0605 Lakh**
3.	Time of Completion	335 Days
4.	Date of Publication of E - Tender on website	14.03.2024 at 2.00 PM
5.	Last date/Time for submission of E-Tender BID's	2.04.2024 up to 5:00 PM
6.	Last Date for online Submission of Tender fee and EMD	e-Procurement Portal **(jharkhandtenders.gov.in)** 02.04.2024 up to 5:00 pm
7.	Date of Opining Tender	4.04.2024 at 2:00 PM
8.	Name & address of office Inviting tender	Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Khunti.
a.	Contact no. & Email ID of e-Procurement officer	7320969093 eemidkhun-cemr-jhr@nic.in
b.	Helpline number of e - Procurement cell	0651-2491232

Note :-(1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
PR.NO. 322175 Minor Irrigation(23-24):D Minor Irrigation Division, Khunti.

कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना :– **JMC/10/2023-24 (2nd Call)**

Date – 11-03-2024

मद् का नाम :– 15वें वित्त आयोग

क्रं0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (in Rupees)	अग्रधन की राशि (in Rupees)	निविदा शुल्क (in Rupees)	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Construction of Bitumen Road, Guard wall and R.C.C drain from govardhan rana house to devi mandap at ward no. 05.	76,39,439	1,52,800	10,000	04 Month

1 Only E-Tender will be accepted
2. नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 18.03.2024 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 26.03.2024 अपराहन 5.00 बजे।
5. निविदा खोलने की तिथि : 28.03.2024 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9835420400
7. E-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रोद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, राँची का आदेश ज्ञापांक – 120, दिनांक– 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग , झारखण्ड, राँची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक– 11.10.2023 के तहत ली जायगी।
8. निविदा शूल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 322179 Urban Development (23-24)_D

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

धनबाद/गिरिडीह

रांची, मंगलवार, 12 मार्च 2024 | पेज 10

एआईटीटी कॉलेज में विभिन्न स्कूलों द्वारा कैम्पस सेलेक्शन का आयोजन

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : गोविन्दपुर स्थित अल इकरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज मे पी.आर.टी, टी.जी.टी, पी.जी.टी हेतु सी.बी.एस.ई से सम्बद्ध विभिन्न स्कूलों द्वारा कैम्पस सेलेक्शन का आयोजन किया गया। जिसमे कई स्कूल के विशेषज्ञ मौजुद थे। सभी विषय विशेषज्ञों ने विभिन्न अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर सुयोग्य अभयर्थियों का चुनाव किया। इस कैम्पस सेलेक्शन में न केवल अल-इकरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के अभ्यर्थीगण अपितु अन्य कॉलेजों के अभ्यर्थीगणों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कैम्पस सेलेक्शन में 133 विद्यार्थीयों ने प्रतिभाग किया जिसमें से 57 अभ्यर्थीयों का चयन हुआ। इस कैम्पस प्लेसमेन्ट में आए हुऐ समस्त अभ्यर्थीगणों का स्वागत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. शमीम अहमद ने किया। अभ्यर्थीगणों ने अल इकरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के इस कैम्पस सेलेक्शन कार्यक्रम के आयोजन की जम कर प्रशंसा की तथा कहा कि कॉलेज के द्वारा किये गये इस आयोजन से उनको बहुत ही लाभ प्राप्त हुआ। हम सभी लोग कॉलेज की इस प्रयास की सराहना करते हैं तथा अन्य कॉलेजों को भी अल-इका टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज से प्रेरणा लेकर अपने-अपने कॉलेजों में कैम्पस सेलेक्शन का आयोजन कराना चाहिए ताकि विद्यार्थियों को मार्गदशन प्राप्त हो सके। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रो. मो. शमीम अहमद, सचिव डॉ. एस. खालिद, डॉ. प्रो. निखत परवीन प्रो. अशरफ अली, प्रो. हसनैन अख्तर, प्रो. अब्दुल्लाह, प्रो. डॉ. अनवर फातमा, डॉ0 मनोज कुमार, प्रो0 ममता कुमारी सिन्हा, प्रो0 नादरा रहमान, प्रो. रियाज हुसैन, प्रो. खुर्शिद आलम तथा अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कुशवाहा होली मिलन समारोह 22 मार्च को

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : जिला के अंतर्गत सिहोडीह में कुशवाहा संघ गिरिडीह महिला प्रकोष्ठ की एक बैठक का आयोजन किया गया स्थान कुशवाहा छात्रावास में की गई जिसकी जानकारी कुशवाहा संघ जिला अध्यक्ष इंद्रणरायण वर्मा ने दी, उन्होंने बताया कि इस बैठक की अध्यक्षता महिला प्रमुख श्रीमति प्रिति भास्कर ने की और स्वर सहमति से बैठक में निर्णय लिया गया कि 22/03/2024 दिन शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी ने सर्वसम्मति के साथ धुमधाम से होली मिलन समारोह करने का प्रस्ताव पारित किया गया इसके बाद सभा की समाप्ति की गई जिसमें मुख्य रूप से कुशवाहा समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

जनता दल सेक्यूलर के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : झारखण्ड प्रदेश जनता दल सेक्युलर के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक के बाद बस्ताकोला गौशाला मोड़ में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमें जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष पवन झा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में जनता दल सेक्यूलर का गठबंधन भाजपा से हुई है।

झारखंड प्रदेश में सभी लोकसभा सीटों पर कार्यकर्ता गठबंधन को जीताने के लिए जमीनी स्तर पर प्रत्येक बूथ तक पहुंच मेहनत कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से भी कई चरणों में वार्ता हुई है। वहीं लोकसभा पार्टी से जुड़े कई कार्यकर्ताओं ने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क चला रही है। लोकसभा चुनाव के पूर्व भाजपा के वरीय नेताओं के दिशा निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ता सभी 14 लोकसभा सीट पर जमीनी स्तर पर चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। लोकसभा चुनाव की तारीख की घोषणा के पूर्व अन्य दो चरणों में पार्टी की अहम बैठक संपन्न होगी।जिसमें सभी लोकसभा सीट के लिए चुनाव प्रचार में दमखम के साथ गठबंधन को जीतने के लिए पदाधिकारीयो की टीम की घोषणा की जाएगी। मौके पर श्याम कुमार वर्मा, सलाम अंसारी, वासुदेव महतो, विजय कुमार खतरी, विमलेश कुमार, अजीत मुखर्जी, बैजू राम, महेंद्र सिंह, महावीर माहतो आदि थे।

पुल निर्माण कराने में मेरा अथक प्रयास रहा है : अपर्णा

प्रभात मंत्र संवाददाता

निरसा : बहु प्रतीक्षित बरबिंदिया पुल का शिलान्यास राज्य के मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन द्वारा जामताड़ा क्षेत्र के बौर गांव के निकट नदी घाट पर सम्पन्न हुआ। तो दूसरी ओर पुल के उत्तरी छोड़ बरबिंदिया नदी घाट पर धनबाद के भाजपा सांसद पी एन सिंह, निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता अपने समर्थकों के साथ शिलान्यास किया।

निरसा भाजपा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने कहा कि राज्य के मुखिया द्वारा यह शिलान्यास निरसा विधानसभा क्षेत्र के बरबेदिया में करना चाहिए था। पूर्व में शिलान्यास कार्य यही हुआ था। विधायक काफी दुखी थी। उन्होंने कहा कि पुनः पुल निर्माण की दिशा में सड़क से लेकर विधानसभा तक मेरा अथक प्रयास रहा है। भेदभाव के कारण मुख्यमंत्री निरसा में बरबिंदिया घाट पर शिलान्यास न कर जामताड़ा के बौर गांव के निकट नदी घाट पर किया। उन्होंने कहा की निरसा की जनता की भावनाओं का कद्र करते हुए मैंने पुल की आधारशिला अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बरबिंदिया नदी घाट पर रखी। उक्त बातें नाराज भाजपा के निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने आयोजित समारोह स्थल पर अपनी भावनाओं को ब्यक्त किया।

विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने कहा कि 16 वर्ष पूर्व निर्माणाधीन बरबेंदीया पुल के कई पिलर ध्वस्त हो गए, उसके बाद कार्य बन्द रहा। इस अवधि में मैंने सड़क से लेकर विधानसभा तक अथक प्रयास किया। विधानसभा में लगातार आवाज उठाती रही, विधानसभा के बाहर धरना पर भी बैठी। जल्द पुल निर्माण के लिये पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व वर्तमान मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन का ध्यान अनेक बार आकृष्ट किया था। उन्होंने कहा कि भेदभाव के कारण मुख्यमंत्री ने निरसा के बरबिंदिया नदीघाटी पर शिलान्यास न कर जामताड़ा साइड नदी घाट पर किया जो निरसा की जनता की भावनाओं के साथ मजाक है।

विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने कहा कि पुल के बन जाने से निरसा जामताड़ा की दूरी काफी कम हो जाएगी। धनबाद जामताड़ा के बीच ब्यापार बढ़ेंगे। यह पुल कई जिलों को जोड़ने का काम करेगी। यह पुल लगभग 264 करोड़ की लागत से बनने वाली है। इसकी सारी औपचारिकतायें पूरी कर ली गई हैं।

सूत्र के अनुसार जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी पुल निर्माण का श्रेय स्वयं लेने का प्रयास किया। वहीं निरसा विधायक अर्पणा सेन गुप्ता अपने पक्ष में करने के प्रयास के तहत पुल की आधारशिला रखी है।

सियार के काटने से इलाज के दौरान महिला की मौत, पीड़ित परिवार से मिले पूर्व विधायक

बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखण्ड अंतर्गत खेदवारा पंचायत के ग्राम चिताखरो निवासी खूबलाल यादव की पत्नी रीता देवी को सियार के काट लेने से इलाज के दौरान मौत हो गई। आपको बता दें कि बिते 26 जनवरी को जंगली सियार के हमले से रीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थी । जिसके बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल गिरिडीह ले गया जहां डॉक्टरों ने स्थिति को देखते हुए राँची रिम्स रेफर कर दिया था। जहाँ इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई । सोमवार को रांची से पार्थिव शरीर गांव लाया गया , जिसकी सूचना मिलते हीं बगोदर विधानसभा के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो मृतिका के घर पहुंच कर शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर ढाढस बंधाया। वहीं अधिकारियों से फोन से वार्ता कर आपदा प्रबंधन की ओर से मिलने वाली 4 लाख मुआवजा राशि दिलाने का आग्रह किया। इस दौरान पंचायत सिमित सदस्य प्रतिनिधि राजू मंडल, मनोज यादव,रामु यादव, अलाउद्दीन अंसारी, राजेश यादव,मोहन महतो,मनोज यादव, पूरन यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

नवनिर्वाचित प्रेस क्लब कतरास के पदाधिकारियों को गायत्री परिवार ने किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

कतरास : गायत्री परिवार के द्वारा गुहीबांध हीरक कैंप स्थित गायत्री मंदिर में एक सादा समारोह आयोजित कर प्रेस क्लब कतरास के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के पूर्व गायत्री परिवार के द्वारा गायत्री मंत्र व आरती किया गया। प्रेस क्लब कतरास के महासचिव विनय वर्मा, उपाध्यक्ष सोहन विश्वकर्मा, सहसचिव दीपक गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष सुमन कुमार सिंह को माला व गायत्री परिवार का पट्ट पहना कर स्वागत किया गया। सम्मान समारोह गायत्री परिवार के कतरास प्रभारी बाल गोविंद राम गुप्ता के देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में काफी संख्या में गायत्री परिवार के महिला एवं पुरुष सदस्य मौजूद थे।

नमाजियों पर पुलिस के हमले के खिलाफ माले का प्रतिवाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : दिल्ली में नमाज पढ़ने वाले मुस्लिम समाज के लोगों पर पुलिस के हमले के खिलाफ आज देशव्यापी विरोध के तहत बेंगाबाद में भाकपा माले ने प्रतिवाद कार्यक्रम आयोजित किया। मौके पर माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, भारत का संविधान हमे अपना-अपना धर्म-मजहब मानने की आजादी देता है। पूजा-इबादत करने की इजाजत देता है। लेकिन जिस तरह से नमाज पढ़ने वाले मुस्लिम समुदाय के प्रति पुलिस पधाधिकारी की करतूत सामने आई है, वह सरासर गलत है। इससे साफ पता चलता है कि, फासीवादी शासन में कहीं-न-कहीं सुरक्षा कर्मियों का भी संप्रदायीकरण किया जा रहा है। यादव ने कहा कि, हम इस कार्रवाई का विरोध करते हैं। संबंधित पुलिस पधाधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। पुलिस और सुरक्षाकर्मियों में नफरती विचार होना बिल्कुल गलत है। प्रतिवाद कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड सचिव शिवनंदन यादव, रामलाल मंडल, रामलाल मुर्मू, फोदार सिंह, शंभू ठाकुर, प्रदीप यादव, अजय यादव, छोटेलाल यादव, शंकर यादव, भीखन अंसारी, जयनारायण सिंह, मुरारी यादव, सुखदेव गोस्वामी, टेकलाल तुरी, नुनुबाबू सिंह समेत अन्य थे।

महिला ने कार चालक का की फजीहत देखने को मिला हाई वोल्टेज ड्रामा

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : रणधीर वर्मा चौक पर एक महिला का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। जब एक चार चक्का लाल रंग की वाहन ने महिला को पीछे से ठोकर मार दी। ठोकर लगने के बाद महिला बदहवास हो कर बीच सड़क पर गिर गई, जिसके बाद महिला ने वाहन चालक को चप्पल से पीटने का प्रयास करने लगी। हाई वोल्टेज ड्रामा होते ही रणधीर वर्मा चौक पर लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गई। मामला तुल ना पकड़े और पुलिस प्रशासन के पास न जाए तब तक स्थानीय लोगों ने आवेश में आई महिला को समझने का प्रयास करने लगे। लेकिन महिला समझने के बावजूद इतनी आवेश में थी की किसी का कुछ नही सुन रही थी और बार बार वाहन चालक को गंदी गंदी गालियां दिए जा रही थी। साथ साथ चप्पल से मारने पर उतारू हो गई थी थी। हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद वाहन चालक और महिला से समझौता करा कर मामला को शांत कराया गया।

कुशल खिलाड़ियों की कदर नहीं रही : राजेंद्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : वर्ष 2022 में 65 नेशनल शूटिंग टूर्नामेंट में ब्रोंज मेडल लेने वाले राजेंद्र जैसे बेहतर खिलाड़ियों को इस बात का मलाल है कि धनबाद तो छोड़ दे, झारखंड में खेल के मामले में बेहतर प्रदर्शन करने वालों की कदर नहीं।राजेंद्र पेशे से एक उद्योगपति होने के नाते इन्हें धन की कोई कमी नहीं। शायद यही वजह है कि राइफल शूटिंग जैसे खर्चीले शौक को पाल रहे हैं। केवल धन से नहीं बल्कि योग्यता में इन्होंने फर्स्ट क्लास मैकेनिकल इंजीनियरिंग कर्नाटक से की है।साक्षात्कार के दौरान राजेंद्र ने बताया कि शूटिंग का शौक तो उन्हें से पहले से हीं था। लेकिन आरएसपी कॉलेज के प्रोफेसर गुरचरण सिंह का साथ मिला तो मनोबल बढी। 2006 में उन्होंने जिला स्तर पर शूटिंग की प्रतियोगिता कराई तो काफी बेहतर परिणाम सामने आए।उन्होंने बताया कि उस दौरान चार पांच पदक पाने की सफलता उन्हें मिली। साथ ही यह भी मनोबल बढ़ा कि अगर इस क्षेत्र में थोड़ी खर्च और मेहनत की तो आगे निकल सकता हूं। फिर क्या था अपने साथ कुछ और लोगों को साथ लेकर शूटिंग के क्षेत्र में जो आगे चलना शुरू किया तो स्टेट ,जोनल तथा प्री नेशनल होते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 2021 में नेशनल खेला।लेकिन पहली बार आयोजन/ प्रतियोगिता में खुद की तकनीकी त्रुटि के चलते बेहतर परिणाम प्राप्त नहीं कर सका।लेकिन 2022 में जब फिर नेशनल खेला तो ब्रोंज मेडल पाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ तथा ऐसा लगा कि आने वाले दिनों में वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी शूटिंग के क्षेत्र में अपनी देश का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। लेकिन राजेंद्र को इस बात का मलाल है कि जितनी मेहनत और खर्चे से उन्होंने अब तक का मेडल जीता है। वैसी ख्याति उन्हें जिला और राज्य स्तर पर नहीं प्राप्त हुई।उन्होंने कहा कि पैसे से पर्याप्त रहने के कारण यह शौक न केवल पाल रहा हूं बल्कि शूटिंग के क्षेत्र में अपने पुत्र युवराज को भी उतार चुका हूं। वह भी इस क्षेत्र में अच्छी सफलता हासिल कर रहा है।अपनी सफलता के आधार पर मैंने धनबाद के तत्कालीन उपयुक्त से मिलकर उन्हें भी शूटिंग के क्षेत्र में अपनी कार्यशैली से परिचित कराया।

10 वंदे भारत ट्रेनों के परिचालन का होगा शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिनांक 12.03.2024 को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अहमदाबाद से 85 हजार करोड से अधिक की 06 हजार रेल परियोजनाओं का षिलान्यास एवं राष्ट्र को समर्पण तथा 10 वंदे भारत ट्रेनों के परिचालन का शुभारंभ किया जायेगा। प्रधानमंत्री द्वारा षिलान्यास/राष्ट्र को समर्पण की जाने वाली रेल परियोजनाओं में पूर्व मध्य रेल की 13,228 करोड़ रूपए की परियोजनाओं भी शामिल है। प्रधानमंत्री नरकटियागंज में 50 करोड़ की लागत वाली वाषिंग पिट लाईन के साथ कोचिंग कॉम्पलेक्स के निर्माण का षिलान्यास करेंगे। इसी तरह 5423 करोड़ रूपए की लागत से ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की न्यू चिरैला पाथु-न्यू सोननगर-न्यू डीडीयू रेलखंड का माननीय प्रधामंत्री जी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। आरा और मुजफ्फरपुर में वाषिंग पिट लाईन, 16 गुड्स शेड, 1329 करोड़ रूपए की लागत वाली 04 गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल, पटना, दरभंगा और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर भारतीय जनऔषधि केंद्र एवं 68 वन स्टेषन वन प्रोडक्ट का भी लोकार्पण प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा। वन स्टेषन वन प्रोडक्ट के माध्यम से छोटे किसानों, कारीगरों और विष्वकर्मा मित्रों के उत्पादों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी । 10 वंदे भारत ट्रेनों में पटना-गोमतीनगर वंदे भारत तथा पटना-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत तथा कोडरमा-गया-डीडीयू के रास्ते रांची-वाराणसी वंदे भारत सहित कुल 03 वंदे भारत एक्सप्रेस पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से खुलेगी/गुजरेगी जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी सं. 22345/22346 पटना-गोमतीनगर-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस - दिनांक 12.03.2024 को गाड़ी सं. 02345 पटना-गोमतीनगर वंदे भारत उद्घाटन स्पेषल (प्दंनहनतंस ैचमबपंस) पटना से 09.00 बजे खुलकर 09.45 बजे आरा, 10.38 बजे बक्सर, 12.00 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., 12.55 बजे वाराणसी एवं 15.50 बजे अयोध्याधाम रूकते हुए 18.15 बजे गोमतीनगर पहुंचेगी ।

दिनांक 18.03.2024 से गाडी सं. 22345/22346 पटना-गोमतीनगर-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन किया जायेगा । यह ट्रेन पटना और गोमतीनगर से शुक्रवार को छोड़कर सप्ताह में छः दिन परिचालित की जायेगी ।

दिनांक 18.03.2024 से गाड़ी सं. 22345 पटना-गोमतीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस पटना जं. से 06.05 बजे खुलकर 06.40 बजे आरा, 07.21 बजे बक्सर, 08.40 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., 09.20 बजे वाराणसी एवं 12.15 बजे अयोध्या धाम जं. रूकते हुए 14.30 बजे गोमतीनगर पहुंचेगी।

दर्जनों लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : जिला कांग्रेस मुख्यालय हाउसिंग कॉलोनी धनबाद में कांग्रेस मे आस्था व्यक्त करते हुए बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चंद्रवंशी ने अपने समर्थकों के साथ बहुजन समाज पार्टी से त्यागपत्र देकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सर्वप्रथम सदस्यता ग्रहण करने पर जिलाध्यक्ष संतोष ने, वीरेंद्र सिंह चंद्रवंशी सहित उनके समर्थकों को माला पहना कर स्वागत किया। साथ ही सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर रशीद राजा अंसारी कार्यकारी अध्यक्ष, धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष लक्ष्मण तिवारी, अक्षय कुमार प्रसाद धनबाद नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, निरसा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष डीएन यादव, जिला परिषद सदस्य राजेश राम जिला परिषद, इरफान खान चौधरी, प्रीतम रवानी, आलम अंसारी, मुकेश कुमार, अमित महतो, निवारण महतो, छोटू रवानी सहित अन्य उपस्थित थे। शामिल होने वालो में मुख्य रूप से लालबाबू ठाकुर, चंद्र मोहन, अशोक पासवान, मनीष कुमार, अनिल सिंह, राजा मलिक, इरफान अहमद, अमित कुमार, छोटू रवानी, राजहंस कुमार, मोहम्मद फैज अहमद, पिंटू खान, आलम अंसारी, शमशाद अंसारी, रंजीत मलिक, महताब आलम, विकास कुमार आदि रहे।

गर्भाशय कैंसर जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : अल इकरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बरियो, गोबिन्दपुर मे गर्भाशय कैंसर जागरूकता अभियान का आयोजन इनर व्हील क्लब धनबाद माईलस्टोन के तत्वाधान में चलाया गया। जिसमें इनर व्हील की अध्यक्ष रश्मी सहाय, उपाध्यक्ष रुक्मणी झा, सचिव-रीतू श्रीवास्तव तथा रेणु कौशल उपस्थित थी। कार्यक्रम के प्रारंभ मे संस्था के प्राचार्य डॉ. मो. शमीम अहमद के द्वारा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. नीतू सहाय को पुष्पगुच्छ देकर एवं सचिव डॉ. एस. खालिद के द्वारा रश्मी सहाय को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। साथ ही महाविद्यालय के अन्य व्याख्याताओं द्वारा इनर व्हील के अन्य सदस्यों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन हुआ। इस कार्यक्रम में डॉ. नीतू सहाय ने गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से सम्बन्धित बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। साथ ही साथ उन्होंने गर्भाशय कैंसर के कारण, निवारण, बचाव एवं ईलाज पर विस्तृत चर्चा किया। वहीं संस्था के सचिव डॉ. एस. खालिद ने गर्भाशय कैंसर पर अपना विचार प्रकट करते हुए कहा की जागरुकता के अभाव मे गर्भाशय कैंसर से लाखों महिलाएँ असमय काल के गाल में समा जाती हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से जागरूकता फैलाकर मौत के आंकड़े को कम किया जा सकता है। कार्यक्रम की प्रमुख वक्ता धनबाद जनपद की वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ न्यूश्री क्लिनिक की डॉ. नीतू सहाय ने गर्भाशय कैंसर के प्रमुख कारकों में अत्यधिक वशायुक्त खान-पान, अनियमित दिनचर्या, पारिवारिक इतिहास एवं धूम्रपान को बताया। उन्होंने कहा कि सही खान-पान पर्याप्त नींद लेने और नियमित रूप से व्यायाम करने जैसी स्वस्थ आदतों का पालन करने से इस बीमारी से बचा जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. प्रो. निखत परवीन, प्रो. अशरफ अली, प्रो. हसनैन अख्तर, प्रो. अब्दुल्लाह, डॉ. मनोज कुमार, प्रो. नादरा रहमान, प्रो. रियाज हुसैन, प्रो. खुर्शिद आलम एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे। मंच का संचालन डॉ. अनवर फातमा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. ममता सिन्हा ने किया।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का प्रमाण पत्र वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

झरिया : कोयलांचल पत्रकार संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आज संघ के केंद्रीय कार्यालय शालीमार में सम्पन्न हुआ। मुख्यातिथि कोयलांचल पत्रकार कल्याण समिति के संस्थापक अध्यक्ष मुख्तार अहमद तथा विशिष्ट अतिथि समिति के सचिव संजय पांडेय उपस्थित हुए। प्रमाण पत्र वितरण चुनाव प्रभारी अंजन सिन्हा तथा चुनाव पर्यवेक्षक जितेंद्र सिंह व चेतनारायण कुमार की अगुवाई में की गई। प्रमाण पत्र नवनिर्वाचित पदाधिकारियो में संरक्षक चंद्र देव मिश्रा, अध्यक्ष सुनील सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य सिंह, महामंत्री राहुल मिश्रा, सचिव अरुण कुमार, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, सह कोषाध्यक्ष काजल राय तथा अनुशासन समिति के अध्यक्ष सतिश कुमार सिन्हा को दिया गया। इस दौरान मुख्यातिथि मुख्तार अहमद तथा विशिष्ट अतिथि संजय पांडेय ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियो को बधाई देते हुए संघ को सुचारू ढंग से संचालित तथा विस्तार करने की सलाह दिया। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों के दुःख तकलीफ में तत्काल कार्यवाई कर सदस्यों के हितों की रक्षा करे। यही आप सभी पदाधिकारियो का कर्तव्य है। वही चुनाव पर्यवेक्षक चेतनारायण तथा जितेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि बीते 28 फरवरी को सर्वसम्मति से चुनाव

पारदर्शिता के साथ कराया गया था, जिसका आज प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम रखा गया था। आज से ये सभी पदाधिकारी नई ऊर्जा के साथ संघ को दिशा देगे, जो सभी पत्रकरो के हित मे होगा। वही नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील सिंह तथा महामंत्री राहुल मिश्रा प्रमाण पत्र वितरण के पश्चात कहा कि संघ हमेशा से पत्रकरो के सुरक्षा को लेकर सजग रही है। हमारी नई निर्वाचित कमिटी संघ के सदस्यों तथा पत्रकरो के साथ हमेशा है और रहेगी। पत्रकरो के समस्याओ का समाधान संघ निश्चित तौर पर करेगी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, मंगलवार, 12 मार्च 2024 | पेज 11

लोकसभा चुनाव संविधान बचाने व बेचने वालों के बीच है : सुखदेव भगत

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : आगामी होने वाले लोकसभा के चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित कराने की निमित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह लोहरदगा लोकसभा के प्रभारी सुखदेव भगत संसदीय क्षेत्र के ग्राम भकसो, मुंदो, आकाशी, गुड़ीबाघी इत्यादि गांव का दौरा कर वहां के कांग्रेसजनों एवं ग्रामीणों से रूबरू हुए। मौके पर सुखदेव भगत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोहरदगा लोकसभा चुनाव इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती से लड़ेगा। यह चुनाव संविधान बचाने व बेचने वालों के बीच है। केंद्र की मोदी सरकार गरीब, मजदूर, किसानों पर अत्याचार कर रही है। बेरोजगारो की संख्या दिन पर दिन बढ़ते जा रही है। बढ़ती महंगाई से जनता त्रस्त है। इस लोकसभा चुनाव में तानाशाह मोदी सरकार को उखाड़ फेंकना है। श्री भगत ने कहा कि कांग्रेस किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देता है। जातीय जनगणना कराकर भागीदारी की गारंटी देता है। युवाओं को रोजगार की गारंटी देता है। सेना के अग्निवीर योजना को रद्द कर पक्की भर्ती की गारंटी देता है। सरना धर्मकोड़ लागू करने, आदिवासी दलित पिछड़ों के अधिकारों की रक्षा की गारंटी देता है। मौके पर लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू, विजय चौहान, डोमना उरांव, कुणाल अभिषेक, सतीश उरांव, प्रदीप उरांव, रंजन उरांव सोहन उरांव, करमदयाल उरांव, इम्तियाज अंसारी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

मतदान केंद्र में बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था को ठीक कराए : सीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : सेन्हा प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में अंचलाधिकारी सह प्रखंड सहायक निर्वाची निबंधन पदाधिकारी राकेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को कलस्टर मेजरमेंट कमेटी की बैठक सम्पन्न हुआ। वही बैठक में सीओ राकेश कुमार तिवारी ने कहा की प्रखंड क्षेत्र में आगामी लोक सभा चुनाव के लिए 68 मतदान केंद्र बनाया गया है। जिसके लिये 10 अधिकारियों को बुथ मेजरमेंट कमेटी में रखा गया है। जो सभी अधिकारी मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन कर मतदान केंद्रों में मतदताओं के लिये बिजली, पंखा, पानी, शौचालय, रैंप सहित अन्य सुविधाओं का अवलोकन कर उपयोगिता जमा करेंगे और जिस मतदान केंद्र में इसकी सुविधा नही है उसको विद्यालय विकास मद से यथाशीघ्र ठीक कराये जिसे मतदान कर्मियो और मतदाताओं को वोट के दिन परेशानी न हो। साथ ही कहा कि कुछ विद्यालय मर्ज हो गया है जो पूर्व में मतदान केंद्र था वैसे विद्यालय में सुविधा को देखें कोई समस्या हो तो उसको बताए जिसे समय से ठीक कराया जा सके। मौके पर सीओ राकेश कुमार तिवारी, डॉ.मनोज कुमार, डॉ. अमर दीपक तिग्गा, डॉ.रोहित कुमार के अलावे रविंद्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

ग्राम सभा सशक्तिकरण को लेकर की गई बैठक, कई महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : जलडेगा प्रखण्ड अंतर्गत टाटी पंचायत के टोनिया गांव में ग्राम सभा अध्यक्ष श्री दानिएल कन्डुलना की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य रूप से प्रखण्ड स्तरीय ग्राम सभा मंच के अध्यक्ष श्री जोसेफ लुगून, सचिव नेलन कन्डुलना, जिला ग्राम सभा मंच सिमडेगा सह झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के अध्यक्ष श्री समर्पण सूरीन, सिप्रियन समद, सुधीर कन्डुलना आमंत्रित किया गया था। सभा को सम्बोधित करते हुए समर्पण सूरीन ने कहा कि आज सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक रूप से हम संगठित तो हैं परन्तु इनसे हम गांव को एकजुट नहीं कर सकते हैं क्योंकि गांव में सभी धर्म,जाति, राजनीति के लोग रहते हैं जिसको एक नहीं कर सकते हैं इसलिए ज़रूरत है ग्राम सभा जो सभी ग्रामवासियों का है आज ग्राम सभा को सशक्त बनाने कि जरुरत है और कहा कि आज हमारे गांव के जंगल में वनोपज का अपर भण्डार है परन्तु हम नहीं जानते कि वनोपज का संग्रह, विपणन कैसे और कहां करें, इसके बारे में प्रत्येक ग्राम सभा को जानकारी और उनके प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है साथ ही कहा कि जल जंगल जमीन हमारे पूर्वजों ने विरासत के रूप में दे कर गए हैं। जिसे हम सभी लोगों को सहेज कर रखना होगा क्योंकि हमारे पूर्वजों ने जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए बड़ी आंदोलन के बदौलत ही हमें सुरक्षित रूप से मिली है। इसलिए सजग रहने की जरूरत है जरूरत पड़ी तो आंदोलन के लिए तैयार रहना होगा। चूँकि अभी वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा वनाधिकार कानून 2006 को कमजोर करने के लिए नए कानून भारतीय वन संरक्षण अधिनियम 2023 को लाकर हमें अपने अधिकारों से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है जिसे हम सभी कतई स्वीकार नहीं करेंगे।सिप्रियन समद द्वारा ग्राम सभा को सशक्त बनाने के लिए ग्राम सभा की आठ स्थाई समिति को सुदृढ़ करने के लिए कहा गया तथा ग्राम सभा फंड के लिए आमदनी का स्रोत बताया गया। उपस्थित ग्रामीणों को अपना गांव में ग्राम सभा सचिवालय निर्धारित करने के लिए कहा गया। जोसेफ लुगून, सुधीर कन्डुलना ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

बच्चों का मानसिक और बौद्धिक विकास हेतु बाल व्यवस्था में पोषण जरूरी : राधा तिर्की

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : ग्रामीण क्षेत्र में होप संस्था एवं जीव दया फाउंडेशन के पहल से बरही टंगरा टोली में जगरुक्ता कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। उक्त जगरुक्ता कार्यक्रम के माध्यम से प्रखंड अंतर्गत बरही टंगरा टोली में होप और जीव दया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में मिल्क बिस्किट परियोजना की शुरुआत की गई। होप की मैनेजिंग ट्रस्टी मनोरमा एक्का, जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, पूर्व मुखिया सुखदेव उराँव, तथा वार्ड सदस्य एवं ग्राम वासियों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी की उपस्थिति इस योजना के क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करेगा। जिसे ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावक को जगरुक होने का अवसर प्रदान होगा। मनोरमा एक्का ने मिल्क बिस्किट योजना के उद्देश्य को विस्तार पूर्वक बतलाया और कहा कि यह एक महत्वपूर्ण पहल होप और जेडीएफ के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। इसमें ग्राम वासियों का सहयोग अपेक्षित है। साथ ही बताया गया कि योजना के अंतर्गत गांव के सभी 7 माह से 5 वर्ष के जरूरतमंद बच्चों को रोजाना दूध और बिस्किट दिया जाएगा। और 3-5 वर्ष के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा दी जाएगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उनके मानसिक एवं बौद्धिक विकास हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुवात करना है। वही बताते हुए श्रीमती एक्का ने कहा होप संस्था लगातार बच्चों, महिलाओं और वृद्ध लोगों की सेवा और उनकी समस्याओं पर कार्य करती रही है। कार्यक्रम का उद्घाटन सेन्हा जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की के द्वारा किया गया। जिसे योजना का उद्घाटन करते हुए राधा तिर्की ने कहा कि बच्चों में मानसिक और बौद्धिक विकास हेतु बाल व्यवस्था में पोषण जरूरी है। जिससे बच्चों में कुपोषण जैसी समस्या न आये और वो बेहतर तरीके से शारिरिक और मानसिक रूप से विकास कर पाएं।

सड़क दुर्घटना में युवक घायल, ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस से अस्पताल में कराया भर्ती

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। ग्रामीणों द्वारा 108 एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की मोड़ के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर हुई सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल जे एच 01 ई वाइ 1633 अनियंत्रित हो अज्ञात कार से जा टकराया जिससे मोटरसाइकिल सवार युवक को गम्भीर चोटें आई है। घटना के तद्पश्चात स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया। वही घायल की पहचान सोस निवासी प्रवीण उराँव के पुत्र अभिषेक उराँव के रूप में किया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि मोटरसाइकिल सवार युवक सोस से गुमला की ओर जा रहा था। उसी दौरान सेन्हा चौक में मुर्की मोड़ के समीप कार चालक अचानक गाड़ी को यू टर्न ले लिया जिससे मोटरसाइकिल चालक का बैलेंस खराब हो गया और कार में जा टकराया घटना के उपरांत मौका देख कार चालक गाड़ी ले फरार हो गया। घटना की सूचना पर प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर सुरक्षा बल मोटरसाइकिल को सुरक्षित थाना परिसर में रखते हुए फरार कार की तलाश में पुलिस जुट गई है।

जिला के छोटे संवेदकों को कार्य पूर्ण करने के एवज में सत प्रतिशत भुगतान किया जाए : जाहिद अंसारी

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला संवेदक संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष जाहिद अंसारी ने उपायुक्त को आवेदन देकर श्रेणी-4 के छोटे संवेदक जो कार्य पूर्ण कर लिए हैं उन्हें कार्य पूर्णता के एवज में शत प्रतिशत भुगतान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा लोहरदगा जिला को सृष्ट मद में सात करोड़ पचास लाख रूपये प्राप्त हुआ है उसमें से वैसे संवेदक को भुगतान किया जाना चाहिए जो जीरो से लेकर 10 लाख तक की आंगनवाड़ी,स्कूल छोटे पुल- पुलिया, सड़क इत्यादि की मरम्मत अपनी पूंजी लगाकर या बाजार से उधार सामग्री लेकर पूर्ण किए हैं। जाहिद अंसारी ने कहा कि लोहरदगा जिला के छोटे ठेकेदारों की माली हालत अत्यंत खराब है और प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़े ठेकेदारों को केंद्र सरकार द्वारा सृष्ट मद में प्राप्त राशि का भुगतान किया जाना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि छोटे संवेदको की माली हालत पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए उनके बकाया राशि का भुगतान यथाशीघ्र किया जाए क्योंकि निकट में ईद और होली जैसा महत्वपूर्ण पर्व भी है। ऐसे में वह अपने घर-परिवार की भी चिंता कर सकें। इस संबंध में जिला योजना पदाधिकारी को भी आवेदन की छाया प्रति सौंपी गई है।

बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों का किया निरक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

भंडरा-लोहरदगा : लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सोमवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने भंडरा प्रखंड के विभिन्न गांव में मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने भंडरा प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 81, 82 ,97, 98,100,101 का निरीक्षण कर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार व्यवस्था की जांच की। इस दौरान बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने पलमी मतदान केंद्र के ग्रामीणों से मुलाकात कर मतदाता सूची में नाम अंकित की जानकारी लेते हुए निर्भीक होकर मतदान करने को लेकर प्रेरित किया। उन्होंने स्थानीय मतदान केंद्र के पर्यवेक्षक व बीएलओ से मुलाकात कर स्वीप कार्यक्रम के तहत क्षेत्र में मतदान के प्रति लोगों को जागरुक करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान केंद्र में बिजली, पेयजल, शौचालय, लाइट, रैंप, नेटवर्क की जांच की। साथ ही उन्होंने लोकसभा चुनाव में मतदान संपन्न कराने पहुंचने वाले मतदान कर्मियों के ठहराव के लिए गडरपो में बनाए गए क्लस्टर की भी जांच कर साफ-सफाई,पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। मौके पर सांख्यकी पदाधिकारी गौरिस गौरव मौजूद थे।

एक दिवसीय क्षेत्रीय अध्ययन का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा के राजनीतिक विज्ञान विभाग के यूजी सेमेस्टर 5 और पीजी सेमेस्टर 1 के विद्यार्थियों को आइक्यूएसी के समन्वयक डॉ. जयंत कश्यप तथा राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अजय कुमार, डॉ. फादर इमानुएल बरला, प्रो. ईशान तिरु, डॉ. निशा रानी धनवार की अध्यक्षता में 8 मार्च को एक दिवसीय क्षेत्रीय अध्ययन का आयोजन किया गया। अध्ययन हेतु कुछ विद्यार्थियों का चयन किया गया। इस चयनित टीम में संदीप, प्रियंका, मेल्विन, दानिश, विवेक, अमूल्य, पुष्पा, कुमुदिनी शामिल थे। इस अध्ययन में प्रोफेसर्स और विद्यार्थियों (यूजी एवं पीजी) की टीम ने खूंटी जिला में जनजातीय प्रशासनिक व्यवस्था का क्षेत्रीय अध्ययन किया।

उपायुक्त ने लोकसभा चुनाव को लेकर इलेक्शन सीजन मैनेजमेंट सिस्टम से संबंधित विभाग के साथ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज लोकसभा निर्वाचन-2024 में इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम से संबंधित बैठक सभी संबंधित विभागों के साथ समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित विभागों यथा डाक विभाग, रेलवे, पुलिस, कस्टम, आयकर विभाग, उत्पाद विभाग समेत सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियो अपने-अपने दायित्वों से संबंधित निर्देश दिये गये। निर्वाचन नियंत्रण कक्ष में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति से संबंधित आवश्यक निदेश दिये गये। बैठक में पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी द्वार विभिन्न बिंदुओं व रिपोर्टिंग की जानकारी दी गई। आज के बैठक में सीडीपीओ, पुलिस उपाधीक्षक, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी समेत पदाधिकारी उपस्थित थे।

किया जाएगा भूमि मालिक का सत्यापन : सीओ

सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला के सेन्हा अंचल कार्यालय कक्ष में अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में राजस्व कर्मचारियों के साथ बैठक कर भूमि संबधित मामले का निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर सीओ राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि अरु से हिरही तक बाई पास सड़क का निर्माण करने को लेकर भूमि का सत्यापन हो चुका है। लेकीन भूमि का मालिक के कितने हिस्से में जमीन है इसको जांचने के लिए अंचल क्षेत्र के अरु सेन्हा, चंदकोपा बंसरी मौजा में शिविर लगाया जाएगा। शिविर में विशेष रूप से सम्बंधित ग्राम के ग्राम प्रधान व पंचायत के मुखिया उपस्थित रहेंगे। जिस निमित सभी राजस्व कर्मचारी सूची के साथ पुरी कागजात को संधारण कर ले जिसे शिविर में पुरी सत्यापन करने के बाद ही आगे की कारवाई किया जायेगा। साथ ही कहा कि शिविर आयोजित करने के लिये तिथि निर्धारित कर शीघ्र ही सभी को बता दिया जायेगा। इसके अलावा उन्होंने जाति आय आवासीय प्रमाण पत्र को समय से निर्गत करने का निर्देश दिया। सभी भूमि मालिक निर्देश देते हुए कहा गया की जमीन का लगान रसीद साल दर साल ऑनलाइन जमा करें। तथा दाखिल खारिज आवेदन का स्थल निरीक्षण कर सत्यापन प्रतिवेदन समर्पित करने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर सभी राजस्व कर्मचारी उपस्थित थे।

उपायुक्त ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय, करकट का किया औचक निरीक्षण

लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता): उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा लातेहार प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, करकट का निरीक्षण कर वास्तुस्थिति का जायजा लिया गया।निरीक्षण के क्रम में छात्र/छात्राओं को दी जाने वाली विभिन्न सुविधओं व व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय का भ्रमण करते हुए परिसर में स्वच्छता, आवास, भोजन, विद्युत, जल आदि का जायजा लिया। उपायुक्त ने विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण कर बच्चों से बातचीत कर उन्हें दी जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

मंजर पेड़ में लदा देख आम की अच्छी फसल होने की उम्मीद में किसानो में खुशहाली

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखण्ड क्षेत्र के किसान आम का मंजर देख चेहरे पर खुशियाँ है। इस वर्ष आम पेड़ पूरी तरह मंजर से ढके हुए हैं। जिसे सभी तरफ आम के पेड़ो पर मंजर ही मंजर नजर आ रही है। ऐसे तो बीच मे बिन मौसम बरसात होने से कुछ बहुत मंजर झड़ गया है। फिर भी मंजर के कारण पत्ते पूरी तरह ढक गया है। वही मनरेगा योजना के माध्यम से बिरसा हरित ग्राम योजना के अन्तर्गत आम बागवानी लगाने वाले किसानों को इस वर्ष बेहतर आम का पैदावार की उम्मीद है। अगर यदि प्राकृतिक आपदा आँधी तूफान पानी पत्थर से आम का मंजर को नुकसान न हो तो इस वर्ष बेहतर आम फलने की उम्मीद है। प्रखण्ड क्षेत्र के किसान अपने खेंतो मे लगाये गये आम बागवानी से लाखों कमाई की आश में है। सरकारी योजना मनरेगा के अन्तर्गत प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ो किसान वर्तमान व पूर्व में आम भगवानी लगाये हुए हैं। जिसे आम के सीजन में गाँव के बेरोजगार युवाओं को आम फलने से लेकर आम तोड़ने तक लिये रोजगार भी उपलब्ध हो जाता है। वही आम की खेती से बिना पूँजी का किसान प्रत्येक वर्ष 50 हजार से लाख रुपया तक कमाई कर लेते हैं। किसानो को आम बेचने के लिए कही जाने की भी जरूरत नही होती है। शहरी क्षेत्र के व्यापारियों द्वारा आम के फलने के साथ ही अग्रिम पैसा देकर किसानों से आम को खरीद लिया जाता है। एक पौधा में 30 से 40 किलो तक आम निकलता है। जिसे व्यवपरियो द्वारा कच्चा आम को 35 से 40 रुपए की दर से खरीद लिया जात है। प्रखंड क्षेत्र के उगरा व चितरी डॉडू पंचायत में वर्ष 2010 - 2011 में मनरेगा योजना के माध्यम से बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत 120 एकड़ भूमी पर 120 किसानों को आम बागवानी का लाभ दिया गया है। जिसमे किसानों को 1 डिसमिल में 1 पौधा के हिसाब से आम का पौधा लगवाया गया है जो तैयार हो चुका है। बिते वर्ष आम की खेती नही होने के कारण बहुत कम मात्रा में फल लगा था परन्तु इस बार मंजर से पेड़ लदा हुआ है जिसे देख किसान आम का अच्छी फसल होने की उम्मीद में खुश हैं। साथ ही किसान आम बागवानी के साथ मिश्रित खेती कर दो गुना लाभ कमाते हैं।

ग्राम सभा बैठक का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : सिमडेगा प्रखंड के बीरू पंचायत अंतर्गत पंडरीपानी राजस्व ग्राम में वनाधिकार कानून 2006 के तहत ग्राम सभा की बैठक हेमंत बाखला की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में सर्वसमीति से ग्राम सभा का पुनर्गठन किया गया। अध्यक्ष प्रवीण बाड़ा, सचिव इमानुएल भेंगरा, सह सचिव मार्कुस कुजूर कोषाध्यक्ष जोशीमा बाखला कार्यकारिणी सदस्य सुषमा टोपनो, जुगनी देवी, सुचिता खेस, रोशनिमा बाखला, पुष्पा केरकेट्टा, फिल्मोंन टोपनो, छोटू लोहरा, मुकुट केरकेट्टा, प्रकाश ग्वाला, अल्बीनुस बारला, झमन कुल्लू, शंकर तुरी, अलक्सियुस बाघवार, सोमरा टेटे। इस बैठक में जे जे बी ए सह जिला स्तरीय ग्राम सभा मंच के सलाहकार अनूप लकड़ा, जे जे बी ए सह जिलास्तरीय ग्राम सभा मंच के मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार, आनन्द बड़ाईक एवम मनोज बिलुंग विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। मौके पर अनूप लकड़ा ने कहा कि सिमडेगा जिला पांचवी अनुसूची के अंतर्गत आता है और इसमें ग्राम सभा सर्वोपरि होता है और विकास एवम अन्य योजनाओं के लिए ग्राम सभा की सहमति जरूरी होता है लेकिन दुर्भाग्य से ग्राम सभा के महत्व को दरकिनार किया जा रहा है जो एक तरह से संविधानिक अपराध है कभी कभी ऐसा देखा जाता है ग्राम सभा के नाम पर खानापूर्ति कर दलालों की बैठक की जाती है और उल्टा प्लाटा निर्णय कर लूट खसोट मचाया जाता है। इस अवसर पर खुशीराम कुमार ने कहा कि अनूसूचित क्षेत्र अन्तर्गत आने वाला सभी प्रकार का गैरमजरूआ जमीन, सी एन टी एक्ट1908, पेसा कानून 1996, पंचायती राज अधिनियम 2001एवं वन अधिकार अधिनियम 2006 में पूर्वजों के दखलकारों को ग्रामसभा के अनुशंसा पर पट्टा देने का प्रावधान है।किन्तु पूर्व की सरकार अपने पूंजीपतियों को देने के उद्देश्य से लैंड बैंक बना कर सभी गैरमजरूआ जमीन को उसमें डाल दिया।जो ग्रामसभा के अधिकार का हनन है। लेकिन दुर्भाग्य वर्तमान सरकार भी लैंड बैंकिंग को रद्द करने की पहल नहीं कर रही है।जल जंगल जमीन हमें विरासत में मिली है इसलिए हमें इनकी रक्षा करना होगा,साथ ही साथ जंगलों का सदुपयोग करते हुए जंगलों के खर पतवार से जैविक खाद बनाने की विधि को जानना होगा और जैविक खाद का उपयोग अपने खेत टांड में करना होगा। क्योंकि रासायनिक खादों के उपयोग करने के कारण हमें तरह तरह की बीमारियों से ग्रसित होना पड़ रहा हैसाथ ही साथ पेडों की कटाई को रोकना होगा एवम जंगलों में आग लगाने से बचाना होगा। संचालन ने मारकुस कुजुर ने किया। इस बैठक में ग्राम सभा के लोग भारी संख्या उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

चलते चलते एक नजर

टीएमसी ने तीन बाहरी को बनाया उम्मीदवार

कोलकाता : ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पश्चिम बंगाल की सभी 42 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है. टीएमसी ने टीम इंडिया के दो पूर्व क्रिकेटर्स यूसुफ पठान और कीर्ति आजाद को टिकट दिया है. लेकिन हैरानी की बात ये है कि हमेशा बंगाली बनाम बाहरी का राग अलापने वाली टीएमसी ने इस बार तीन बाहरियों को चुनावी मैदान में उतारा है. इन बाहरियों में यूसुफ पठान और कीर्ति आजाद के अलावा शत्रुघ्न सिन्हा भी हैं. तृणमूल आमतौर पर बीजेपी पर बंगाली विरोधी पार्टी होने का आरोप लगाती रही है, विशेष रूप से 2019 के चुनाव के बाद जब बीजेपी ने बंगाल में अपना आधार बढ़ाया था तो टीएमसी ने उन पर जबानी हमले तेज कर दिए थे. तृणमूल कांग्रेस में नंबर दो के नेता अभिषेक बनर्जी ने रविवार को कोलकाता में एक रैली को संबोधित करते हुए एक बार फिर बंगाली बनाम बाहरी चुनाव को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि पहले चोर जेल जाते थे. लेकिन आज वे बीजेपी में जा रहे हैं. ये मोदी की गारंटी है. वहीं, दूसरी तरफ एक महिला है, जो अभी भी टिन की छत वाले मकान में रहती है और हवाई सैंडल पहनती है. बंगाल को क्या चाहिए? मोदी और दीदी? बंगाल की धरती का बेटा या बाहरी? यूसुफ पठान को ममता बनर्जी की पार्टी ने बरहामपुर से कैंडिडेट बनाया है.दूसरी ओर टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर कीर्ति आजाद को टीएमसी ने दुर्गापुर से टिकट दिया है. शत्रुघ्न सिन्हा को आसनसोल से दोबारा चुनावी मैदान में उतारा गया है. वह टीएमसी उम्मीदवार के तौर पर 2022 का लोकसभा उपचुनाव आसनसोल से जीत चुके हैं.

यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 139 वाहन चालकों से 1.7 लाख रुपये का चालान काटा गया

रांची। पुलिस अधीक्षक, यातायात, रॉची सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देनुसार रॉची यातायात को सुगम व्यवस्था एवं यातायात नियमों के पालन कराने के लिए 10:30 से 12:30 बजे तक इंक इंईव रॉची शहर के अंर्तगत सुजाता चौक, लालपुर चौक, राम मंदिर चौक एवं बिरसा चौक पर अभियान चलाया गया, जिसमें कुल 170 वाहनों का ब्रेथ एनालाईजर से जाँच किया गया। जिसमें से एक वाहन संख्या-जेएच01ईडी 9278 के चालक को अल्कोहल पोजेटिव पाये गया, जिसे विधि-सम्मत कर्रवाई करते हुये जप्त किया गया तथा अग्रतर कर्रवाई हेतु भेजा गया। वहीं कांटाटोली चौक, बिरसा चौक, लालपुर चौक, रिम्स चौक, कोकर से खेलगॉव चौक, बिग बाजार, बूटी मोड़ चौक, किशोरी यादव चौक, करमटोली चौक, एवं रेडीयम चौक पर बिना हेलमेट, अनाधिकृत रूप से अपने चार पहिया वाहन के शीशे में ब्लैक फिल्म लगाकर घुमने वालों एवं ऑटो/ई-रिक्सा, ठेला-खोमचाच के द्वारा अवैध रूप पार्किंग किये जाने के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया जिसके तहत मोटरवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं/नियमों के उल्लघंन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुये 139 लोगो को कुल 1,07000 रूपये का चलान काटा गया । तथा फिरायालाल चौक से ऊल हाउस तक नगर निगम की टिम एवं थाना प्रभारी कोतवाली (चुटिया) यातायात के पदाधिकारी/कर्मियों के साथ मिलकर अतिकमण का अभियान चलाया गया।

महिला कर्मियो ने 730 दिनों का मातृत्व अवकाश दिए जाने के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का अभिवादन और आभार जताया

महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध : चम्पाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा महिला कर्मियों को अपने नाबालिग बच्चों की देखभाल के लिए 730 दिनों का मातृत्व अवकाश देने का निर्णय को लेकर महिला कर्मियों के बीच हर्ष का वातावरण है। इसी सिलसिले में आज महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग की सैकड़ों महिला कर्मियों ने ढोल- नगाड़े और अबीर- गुलाल के साथ मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए आभार जताया।

राज्य के विकास में महिलाओं की अहम भूमिका: इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मजबूत परिवार, समाज राज्य और देश के निर्माण के लिए महिलाओं का सशक्त होना आवश्यक है। यही वजह है कि उनकी सरकार महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की है। इसी कड़ी में राज्य की सेवा दे रहे महिला कर्मियों के हित में उन्हें सेवाकाल में अपने बच्चों की देखभाल के लिए दो वर्षों का अवकाश देने का फैसला लिया है। इससे निश्चित तौर पर महिला कर्मियों का मनोबल बढ़ेगा और वे समर्पित भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए राज्य के विकास में भागीदार बनेंगी।

महिलाओं के हित में सरकार कर रही है बेहतर कार्य

महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग की महिला कर्मियों ने मुख्यमंत्री को इस बात के लिए धन्यवाद दिया कि सरकार महिला पदाधिकारी और कर्मियों के हित में लगातार निर्णय ले रही है। हमारी मांगों को लेकर सरकार का रवैया हमेशा से सकारात्मक देखने को मिल रहा है। आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के मानदेय में बढ़ोतरी के साथ अन्य लाभ और सुविधाएं देने की मांग को इस सरकार ने पूरा कर उन्हें सम्मान देने का काम किया है। हम सभी आपको भरोसा दिलाते हैं कि कि राज्य को बेहतर बनाने में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते आए हैं और आगे भी करते रहेंगे।

इनकी रही उपस्थिति: इस अवसर पर महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग की सहायक निदेशक कंचन सिंह, ज़िला समाज कल्याण पदाधिकारी लातेहार अलका हेम्ब्रम और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीलिशा कुमारी समेत राज्य भर से आई विभाग की महिला पदाधिकारी और कर्मी, महिला पर्यवेक्षिकायें तथा सहायिका एवं सेविकाएँ मौजूद थीं।

जेएनयू में चार साल बाद छात्र संघ चुनाव की घोषणा

एजेंसी

नई दिल्ली : जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने छात्र संघ चुनावों की तारीखों का ऐलान कर दिया है। चुनाव समिति द्वारा बीती देर रात ये यह घोषणा की गई। चुनाव समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने डीओएस और चुनाव समिति के सभी 40 सदस्यों से विचार विमर्श के बाद लिखित रूप में छात्र संघ कार्यक्रम को जारी किया।

जारी कार्यक्रम के अनुसार आज सोमवार को चुनाव में मतदान करने वाले छात्रों की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। उसके बाद सूची में नाम को लेकर आपत्तियों के साथ नामों को जोड़ने और हटाने का काम मंगलवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।जेएनयू में छात्र संघ चुनाव की प्रक्रिया फरवरी महीने में शुरू हुई थी, जो डीओएस द्वारा सभी स्कूलों की जीबीएम कराने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद चुनाव समिति के गठन के लिए जीबीएम करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। अभी 4 मार्च को ही सभी स्कूलों की जीबीएम की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद 6 मार्च को डीओएस प्रोफेसर मनुराधा चौधरी द्वारा चुनाव समिति को मान्यता दी गई थी।उल्लेखनीय है कि लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों के मुताबिक जेएनयू में चुनाव की प्रक्रिया डीओएस द्वारा अधिसूचना जारी करने के 6 से 8 हफ्ते के अंदर संपन्न करानी होती है। इस शर्त के मुताबिक जेएनयू में 29 मार्च तक छात्र संघ चुनाव हर हाल में संपन्न होना है।

शौर्य चक्र विजेता आयरनमैन प्रवीण ने संत मरियम के बच्चों में भरा जोश

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : संत मरियम छात्रावास परिसर में शौर्यचक्र विजेता आयरनमैन कहे जाने वाले प्रवीण तेवतिया ने विद्यालय प्रबंधन के आग्रह पर बच्चों से की मुलाकात। इस जांबाज योद्धा के आगमन से बच्चों में जोश जुनून और उमंग की लहर देखने को मिली। और ऐसे वीर योद्धा से मिलने पर गौरवान्वित महसूस होना भी लाजमी है जो एक फेफड़ों के दम पर अपने जिंदगी के जंग को ही नहीं लड़ा बल्कि शारीरिक परीक्षण जैसे कई मैराथन में अव्वल आकर आयरनमैन का टैग पाया है। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने शौर्यचक्र से सम्मानित प्रवीण तेवतिया को अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ कुछ देकर स्वागत किया। श्री तेवतिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए अपने जीवन के रहस्यमई घटनाओं के बारे में चर्चा किया। साथ ही इन्होंने कहा कि

जीवन जंग है इसे झेलने से बेहतर है कि इसे खेलने का प्रयास किया जाए। इस खेल मे सफलता और असफलता पर ध्यान केंद्रित न करें।यह एक टेंपरेरी चीज है। आते रहेंगे जाते रहेंगे। आप सिर्फ खेलते रहे। आप निश्चित रूप से सफल होंगे। मालूम हो कि प्रवीण तेवतिया सैनिक हैं, जो 2008 में हुए आतंकी हमले में इन्होंने आतंकवादियों के साथ सामना किया। जहां एक गोली फेफड़ों में व तीन अतिरिक्त जगह पर गोली लगने के बावजूद भी इन्होंने आर्तकियों को ढेर किया।

जब इन्होंने जिंदगी की जंग जीत कर वापस आया और लगातार चार सालों तक योग किया। जिसका परिणाम यह हुआ कि साउथ अफ्रीका के द्वारा आयोजित मैराथन में सत्रह घंटे में साढ़े 42 किलोमीटर का मैराथन दौड़,180 किमी साइकलिंग, 3.8 किमी तैराकी को 14 घंटे 20 मिनट में पूरी कर आयरनमैन का खिताब जीता। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने आयरनमैन प्रवीण तेवतिया व उनके साथ आएं अतिथि आदरणीय रासबिहारी तिवारी,प्रभारी पतंजलि योग समिति झारखंड,ममता सिन्हा सदस्य पतंजलि योग समिति,अनुप्रिया जी प्रभारी महिला पतंजलि योग समिति, योग शिक्षक मीना दीदी को को आभार प्रकट करते हुए कहा कि बहुत खुशी हुई कि हम सबों के प्रयास से वीर पुरुष प्रवीण तेवतिया जी इस बच्चों के जीवन में अनसुलझे कई पहलुओं को सुलझाने का प्रयास किया साथ ही इनके बातों से बच्चों में नई ऊर्जा देखने को मिली। इस कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, श्याम सर समस्त शिक्षक व हजारों बच्चे मौजूद थे।

विकास न करेंगे न करने देंगे की राजनीति करता है भाजपा : मंत्री मिथिलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा: गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में विकास योजनाओं की बौछार हो गई है। पिछले एक सप्ताह में 1228 करोड़ 12 लाख 78 हजार 700 रुपए की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा, रंका, चिनियां एवं मेराल प्रखंड में अलग अलग मेगा शिलान्यास समारोह का आयोजन कर इन सभी योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि गढ़वा जिला मुख्यालय में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 93 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पांच योजनाओं समाहरणालय भवन, बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क, अंतर्राज्जीय बस स्टैंड, फुटबॉल स्टेडियम तथा नीलांबर पीतांबर

बहुउद्देशीय सांस्कृतिक भवन (टाउन हॉल) का उद्घाटन किया। तत्पश्चात गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के मेराल प्रखंड में 145 करोड़ 73 लाख 34 हजार 200 रुपए की योजना का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। इनमें सात करोड़ 56 लाख 32 हजार 700 रुपए की लागत से निर्मित योजना का उद्घाटन व 138 करोड़ 17 लाख एक हजार 500 रुपए की लागत से बनने वाली योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। जबकि चिनियां प्रखंड में 214 करोड़ 34 लाख एक हजार 300 रुपए की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया।

इनमें 56 करोड़ 32 लाख 65 हजार 600 रुपए की लागत से निर्मित योजना का उद्घाटन तथा 158 करोड़ एक लाख 35 हजार 700 रुपए की लागत से बनने वाली योजना का शिलान्यास शामिल है। रंका एवं रमकंडा प्रखंड में 370 करोड़ 19 लाख 60 हजार 700 रुपए की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। इनमें 16 करोड़ 50 लाख 43 हजार 100 रुपए की लागत निर्मित योजना का उद्घाटन तथा 353 करोड़ 69 लाख 17 हजार 600 रुपए की लागत से बनने वाली योजना का शिलान्यास शामिल है। जबकि गढ़वा एवं डंडा प्रखंड के लिए 404 करोड़ 85 लाख 82 हजार 600 रुपए की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। इनमें 72 करोड़ 71 लाख 88 हजार 900 रुपए की लागत से निर्मित योजना का उद्घाटन तथा 332 करोड़ 13 लाख 93 हजार 700 रुपए की लागत से बनने वाली योजना का शिलान्यास शामिल है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा का नारा खाएंगे न खाने देंगे, यह सरासर झूठा है। बल्कि हकीकत यह है कि भाजपा विकास करेंगे न करने देंगे की राजनीति करता है।

पुलिस ने लापता बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा

रांची : बरियातु थाना क्षेत्र के एक तीन साल की बच्ची के स्कूल से अचानक लापता होने की सूचना सोमवार को पुलिस को मिली। पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया । थाना प्रभारी ने बताया कि संत गेब्रियन मोनिका स्कूल में पढ़ने वाली राजनंदिनी कुमारी स्कूल आने के क्रम में भटक गई थी। परिजनों ने बच्ची के लातपा होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की । जांच के क्रम में पता चला कि बच्ची स्कूल नहीं पहुंची है। वह रास्ते में ही भटक गई थी उसे सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया। बच्ची के परिजनों ने बरियातू पुलिस कोई इस कार्य के लिए काफी प्रशंसा की और धन्यवाद दिया ।

जीएन कॉन्वेंट स्कूल में टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में इन हाउस कार्यशाला संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक मदन केशरी, सचिव सुषमा केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर व माँ सरस्वती जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर निदेशक ने कहा कि शिक्षा नीति में बदलावों को मद्देनजर शिक्षकों को प्रशिक्षण की आवश्यकता है।

इसके लिए सीबीएसई मान्यता प्राप्त शिक्षकों के प्रत्येक शिक्षक को पचास घण्टे की ट्रेनिंग लेना अनिवार्य है। ट्रेनिंग के दौरान शिक्षकों को क्लासरूम मैनेजमेंट, लेंग्वेज डेवलपमेंट, स्पेलिंग करेक्शन, रिजल्ट ओरिएंटेशन, फिजिकल एक्टिविटी, स्पोर्टस समेत अन्य गतिविधियों के संचालन की जानकारी दी जाती है। साथ ही

विभिन्न विषयों के टॉपिक के अनुसार शिक्षकों के बीच एक्टिविटी का आयोजन कराया जाता है ताकि वह उस विषय को अच्छे से समझ सके एवं विषय से संबंधित सभी जानकारी बच्चों के समक्ष रख सकें। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन्स के रुप में संतोष प्रसाद एवं मुकेश कुमार भारती का प्रदर्शन अत्यंत ही रोचक, सुग्राहय एवं ज्ञानपूर्वक रहा। उन्होने खिलौने पर आधारित शिक्षण पद्दति का सजीव चित्रण किया। मंच संचालन नीरा शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक में उदय प्रकाश, बीरेन्द्र कुमार साव, विनय कुमार, खुर्शीद आलम, नीरा शर्मा, नीलम कुमारी, रिजवाना शाहिन आदि उपस्थित थे।

विश्व के सबसे बड़े साहित्योत्सव का हुआ शुभारंभ

एजेंसी

नई दिल्ली: साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित किए जा रहे विश्व के सबसे बड़े साहित्योत्सव का सोमवार को विधिवत उद्घाटन संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साहित्य लेखन एक अलग ही कला है और साहित्यकार एक साधक होता है। साधक साहित्यकार ही एक बेहतर संस्कृति का, एक बेहतर समाज का और एक बेहतर देश का निर्माण करते हैं।अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि साहित्य का उन पर भी बहुत प्रभाव हुआ है और उसी के कारण उन्होंने जीवन में मीठा बोलना सीखा है। उन्होंने मैथिलीशरण गुप्त और अन्य कवियों की पंक्तियों का उदाहरण देते हुए कहा कि साहित्य मनुष्य में विवेक पैदा करता है, जिसकी राष्ट्र-निर्माण में बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने अपनी पत्नी पर लिखी पुस्तक के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने कहा कि भारत देश भाषाओं का सबसे बड़ा संग्रहालय है और साहित्य अकादमी उसके संरक्षण का कार्य बहुत ही गंभीरता से निभा रही है। साहित्योत्सव द्वारा लेखकों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा मंच प्रदान करने पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हमारी भाषाओं की विविधता के कारण ही हमारे सोच की परिधि भी बहुत व्यापक है, जिसका लाभ देश की एकता को बनाए रखने में बेहद उपयोगी साबित होता है।अकादमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा ने कहा कि यह साहित्योत्सव सृजन का उत्सव है और यह मनुष्यता को एक बार फिर से आवाज देने का प्रतीक भी है। शब्दों की गूंज के आलोक में हमारी शब्दों की संस्कृति भी आलोकित होगी। इससे पहले साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने साहित्य अकादमी की विगत वर्ष की उपलब्धि के बारे में बताते हुए कहा कि यह साहित्य अकादमी के 70 वर्ष और साहित्योत्सव का 40वां वर्ष हैं। किसी साहित्योत्सव का निरंतर 40 वर्ष तक देश के विविधतापूर्ण साहित्य को निरंतर गतिमान बनाए रखना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है।

सही मामलों में यह भारतीय भाषाओं का उत्सव है।

झारखंड की आवाज बनेंगे प्रदीप वर्मा : मरांडी

रांची : झारखंड राज्यसभा चुनाव के लिए एनडीए प्रत्याशी डॉ प्रदीप वर्मा ने सोमवार को विधानसभा सचिवालय में नामांकन किया। नामांकन के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रदीप वर्मा का निर्विरोध चुना जाना तय है। देश में झारखंड के राज्यसभा चुनाव को लेकर एक सुखद संदेश जाएगा। मरांडी ने कहा कि डॉ वर्मा झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता की आवाज उच्च सदन में बनेंगे। इनके पास सामाजिक, राजनीतिक जीवन का एक लंबा अनुभव है, जिसका लाभ राज्य की जनता को मिलेगा। मरांडी ने आजसू पार्टी सहित अन्य सहयोगी विधायक के प्रति आभार प्रकट किया। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास में विश्वास करती है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने डॉ वर्मा जैसे पार्टी को समर्पित और सेवाभावी कार्यकर्ता को उम्मीदवार बनाकर कार्यकर्ता को सम्मान दिया है।

सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम में पीएम ने नमो ड्रोन दीदियों को सौंपा ड्रोन

हमें 3 करोड़ लखपति दीदी के आंकड़े को पार करना है : पीएम मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को राजधानी दिल्ली के पूसा स्थित राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान में 'सशक्त नारी-विकसित भारत' कार्यक्रम में भाग लिया और 'नमो ड्रोन दीदियों' की ओर से कृषि क्षेत्र में ड्रोन के उपयोग का प्रदर्शन देखा. कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 1,000 से अधिक 'नमो ड्रोन दीदियों' को ड्रोन भी सौंपे. इस आयोजन के समय देशभर में 11 अलग-अलग जगहों से भी 'नमो ड्रोन दीदियों' ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया. इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने उन 'लखपति दीदियों' को सम्मानित भी किया, जिन्होंने दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की सहायता से सफलता प्राप्त की है और वे अन्य स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों के उत्थान के लिए

मददगार बन रही हैं तथा उन्हें प्रेरित कर रही हैं. साथ ही प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों को रियायती ब्याज दरों पर लगभग 8,000 करोड़ रुपये का ऋण भी प्रदान किया. ये ऋण बैंकों की ओर से प्रत्येक जिले में बनाए गए बैंक संपर्क शिविरों के माध्यम से दिए जा रहे हैं. पीएम मोदी ने कहा,आज का ये कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के लिहाज से बहुत ऐतिहासिक है. आज मुझे नमो ड्रोन दीदी अभियान के तहत 1 हजार आधुनिक ड्रोन महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को सौंपने का अवसर मिला है. मैंने ये फैसला लिया कि हमें अब 3 करोड़ लखपति दीदी के आंकड़े को पार करना है. इसी उद्देश्य से आज 10 हजार करोड़ रुपये की राशि भी इन दीदियों के खाते में ट्रांसफर की गई है.इससे पहले, एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि 'नमो ड्रोन दीदी' और 'लखपति दीदी' कार्यक्रम विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और उनमें वित्तीय स्वायत्तता को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का महत्वपूर्ण भाग हैं.